वर्ष- 12 अंक - 35
लखनऊ, शुक्रवार 20 सितंबर, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

अखिलेश ने पत्रकार वार्ता कर सीएम को बताया मठाधीश मुख्यमंत्री 03

राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे सफाई मित्र : राष्ट्रपति 12

सीएम योगी ने अयोध्या को दी एक हजार करोड़ की सौगात

अयोध्या में नहीं हुआ जमीन घोटाला, सरकार ने किसानों को 1700 करोड़ रुपये मुआवजा दिया : मुख्यमंत्री

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्या इंटर कॉलेज मिल्कीपुर में आयोजित जनसभा में सपा पर आक्रामक रहे। सपा के नेताओं को आईना दिखाते हुए उन्होंने कहा कि हर जिले का बड़ा माफिया व गुंडा सपा से जुड़ा था। इनका पदाधिकारी या शागिर्द था। वहां संगठित अपराध, पशु, वन, खनन, भूमाफिया थे।

माफिया समानांतर सरकार चलाकर अराजकता व गुंडागर्दी का तांडव करते थे तो बबुआ घर से बाहर नहीं निकलता था। बबुआ 12 बजे सोकर उठता था। जनता पिसती थी। मुस्लिम तुष्टिकरण की हद को पार करते हुए पर्व व त्योहारों में इन लोगों ने अराजकता फैलाई थी। होली, दीवाली, रक्षाबंधन-शिवरात्रि, रामनवमी-जन्माष्टमी को बैन कर दिया था। जन्माष्टमी के आयोजनों पर इन्होंने थाना, पुलिस लाइन, जेलों में रोक लगा दी थी। कहते थे कि जन्माष्टमी में भजन न गाओ। हरे रामा, हरे कृष्णा की धुन कुछ लोगों को पसंद नहीं थी, इसलिए सपा इसे बैन करती थी। कांवड़ यात्रा पर बैन लगाती थी। दुर्गा पूजा में अयोध्या का दंगा हर किसी ने देखा। सपा सरकार में देवकाली मंदिर में मूर्ति चोरी हो गई थी। बतौर सांसद गोरखपुर से आकर मैंने आंदोलन किया था।

सीएम ने कहा कि गुर्गों पर की गई कार्रवाई तो सरगना कहता है कि अयोध्या में जमीन घोटाला हुआ है अयोध्या में जमीन घोटाला नहीं हुआ, बल्कि किसानों को 1700 करोड़ रुपये मुआवजा बांटा गया है। यह लोग अपने गुर्गों के काले कारनामों के पक्ष में बोल रहे हैं। एक भी मामला ऐसा नहीं है, जहां पीड़ित को मुआवजा न मिला हो।

रामनगरी अयोध्या को विकास की नई सौगात

मिशन मिल्कीपुर में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को रामनगरी अयोध्या को विकास की नई सौगात दी। उन्होंने यहां एक हजार करोड़ से अधिक की 83 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को भी चेक, चाबी, प्रमाण पत्र, सिलाई मशीन आदि प्रदान किया। सीएम ने मिल्कीपुर में कराए जाने वाले विकास कार्यों को भी गिनाया। बताया कि मिल्कीपुर में मिनी स्टेडियम बनने जा रहा है। 30 मार्गों का शिलान्यास हो रहा है। रेवना में ग्रामीण स्टेडियम के निर्माण के लिए 9 करोड़ रुपये दिए हैं।

उत्तर प्रदेश देश के आर्थिक विकास का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के आर्थिक विकास का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश भारत के विकास का बैरियर माना जाता था। अराजकता चरम पर थी। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने साढ़े सात वर्ष में विकास के कार्यों को तेज गति से बढ़ाया। आज फोरलेन, टू लेन सड़कें, गांव की बेहतर कनेक्टिविटी, गांव-मजरे में बिजली-पानी की व्यवस्था दिखती है। उत्तर प्रदेश में 2.62 करोड़ परिवारों को शौचालय व 56 लाख गरीबों को आवास दिया गया। 1.20 लाख मजरों तक बिजली, 1.56 करोड़ से अधिक परिवारों को फ्री बिजली कनेक्शन, 1.83 करोड़ परिवारों को उज्ज्वला योजना में फ्री सिलेंडर दिए गए। पिछले वर्ष से इन परिवारों को होली-दीवाली पर फ्री सिलेंडर दे रहे हैं। यूपी में 15 करोड़ लोग फ्री में राशन पा रहे हैं।

सीएम ने गिनाए अयोध्या व मिल्कीपुर के विकास कार्य

मुख्यमंत्री ने अयोध्या व मिल्कीपुर में हुए विकास कार्य भी गिनाए। उन्होंने बताया कि अयोध्या में पीएम आवास योजना (ग्रामीण) में 45664 व (शहरी) में 19964 आवास दिए गए हैं। इसमें मिल्कीपुर में 8195 आवास ग्रामीण क्षेत्र में बने हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 2369 लाभार्थियों को आवास की सुविधा प्रदान की है। अयोध्या में हर घर नल योजना के तहत 1184 राजस्व गांवों में हर घर तक पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराने का कार्य हो रहा है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अयोध्या में 4.21 लाख किसान लाभान्वित हो रहे हैं। इनके खातों में एक हजार 430 करोड़ रुपये जा चुके हैं। मिल्कीपुर में 94549 किसानों को इसका लाभ मिल रहा है। अयोध्या में 67014 स्मार्टफोन व 26974 टैबलेट युवाओं को वितरित किए गए हैं। आयुष्मान भारत के नौ लाख 726 गोल्डन कार्ड दिए गए हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में 30245 बालिकाएं लाभान्वित हुई हैं। डबल इंजन सरकार एक लाख 8 हजार 228 वृद्धजन, 54529 निराश्रित महिलाओं व 11603 दिव्यांगजनों को 12-12 हजार रुपये सालाना पेंशन की सुविधा दी जा रही है। अयोध्या में 59 गोआश्रय स्थलों में 12600 से अधिक गोवंशों को संरक्षित किया जा रहा है। 4.32 लाख परिवारों को निशुल्क राशन दिया जा रहा है।

हम जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे : मोदी

एजेंसी, कटरा।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों का प्रचार करने के लिए गुरुवार को आये भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कटरा में चुनावी रैली की। उन्होंने कहा कि यह चुनाव जम्मू-कश्मीर का भविष्य चुनने व नए जम्मू कश्मीर को और बुलंद बनाने के लिए है। कांग्रेस, पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस के जिन तीन खानदानों ने इस क्षेत्र को सालों-साल घाव दिए, उनकी राजनीतिक विरासत का सूर्य आपको अस्त करना ही होगा। हम जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे। कटरा में एक रोडशो के बाद रैली में मोदी ने अनुच्छेद 370 को लेकर साफ शब्दों में कहा कि दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 की वापसी नहीं करा सकती। मोदी आज कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस को डंके की चोट पर कह रहा है। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का खुलकर समर्थन किया है। उनका कहना है कि आर्टिकल 370 और 35ए को लेकर कांग्रेस और एनसी का एजेंडा वही है, जो पाकिस्तान का एजेंडा है यानी कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस की पोल खुद पाकिस्तान ने खोल दी है।

पीएम मोदी ने कांग्रेस, एनसी और पीडीपी पर निशाना साधा और कहा कि यह चुनाव जम्मू-कश्मीर का भविष्य तय करेंगे। यह चुनाव कांग्रेस, एनसी और पीडीपी के तीन परिवारों की राजनीतिक विरासत को खत्म करने के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिन्होंने राज्य को बर्बाद करके रख दिया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार के वारिस ने हाल ही में विदेश जाकर क्या कहा है, वो आपने भी सुना होगा। वो कहते हैं कि हमारे देवी-देवता भगवान नहीं हैं। हिंदू धर्म में गांव-गांव में देवी-देवताओं को पूजने की परंपरा है। हम इष्ट देवों को मानने वाले लोग हैं और कांग्रेस वाले कहते हैं कि देवता भगवान नहीं होते। क्या आप इस बात से सहमत हैं? क्या ये हमारे देवी देवताओं का अपमान नहीं है? आगे कहा कि कांग्रेस का शाही परिवार, देश का सबसे भ्रष्ट परिवार है। यह परिवार भारत में भ्रष्टाचार की कुरीति का जन्मदाता है, उसका पोषक है। इनकी हिम्मत देखिए... ये डोगरों की धरती पर आकर यहां के राज परिवार को भ्रष्ट कहते हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस के नेता ने डोगरा विरासत पर यह हमला जानबूझ कर किया है। यह मोहब्बत की दुकान के नाम पर नफरत का सामान बेचने की उनकी पुरानी नीति है। इनको वोटबैंक के अलावा कुछ नहीं दिखाई देता। रियासी और उधमपुर के साथ कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी ने कैसा सौतेला व्यवहार किया है, यह आप मुझसे ज्यादा जानते हैं। अटल जी की सरकार के समय चिनाब ब्रिज स्वीकृत हुआ था लेकिन कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस ने इसकी फाइल को दबा दिया। आपने मोदी को, भाजपा को यह काम सौंपा आज यह शानदार पुल सुविधा के साथ साथ आकर्षण का भी केंद्र बना हुआ है।

संबोधन

- दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 की वापसी नहीं करा सकती

मेरा मिशन जम्मू-कश्मीर को अब्दुल्ला, मुफ्ती व गांधी परिवार की 'राजनीतिक जागीरदारी' से मुक्त कराना : पीएम

पीएम मोदी ने विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए जम्मू-कश्मीर के लोगों की प्रशंसा करते हुए गुरुवार को कहा कि उनका अंतिम मिशन केंद्र शासित प्रदेश को तीन परिवारों- अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार की 'राजनीतिक जागीरदारी' से पूरी तरह मुक्ति दिलाना है।

हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहे नौसेना : राजनाथ

एजेंसी, नई दिल्ली।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आर्थिक, व्यापार, परिवहन और समग्र राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए मजबूत नौसैनिक क्षमता की जरूरत पर बल देते हुए नौसेना के शीर्ष कमांडरों से मौजूदा अस्थिर वैश्विक परिदृश्य में हर तरह की स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा है।

श्री सिंह ने गुरूवार को यहां नौसेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन के दूसरे संस्करण में कमांडरों को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारतीय नौसेना की बढ़ती ताकत को और अधिक मजबूत बनाया जाना चाहिए और कमांडरों को समय-समय पर स्थिति की समीक्षा कर आज के अस्थिर वैश्विक परिदृश्य में हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने आर्थिक, व्यापार, परिवहन और समग्र राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए एक मजबूत नौसैनिक क्षमता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने हिंद महासागर में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भारतीय नौसेना की सराहना की और इस क्षेत्र को आर्थिक, भू-राजनीतिक, व्यापार और सुरक्षा पहलुओं की दृष्टि से संवेदनशील बताया। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एक समय समुद्र तटों से घिरा हुआ देश था, लेकिन अब इसे भूमि सीमाओं के साथ एक द्वीप देश के रूप में देखा जा सकता है। रक्षा मंत्री ने देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए क्षेत्र में प्रथम उत्तरदाता के रूप में विश्वसनीयता के लिए भारतीय नौसेना की तत्परता की सराहना की। श्री सिंह ने कहा कि दुनिया के व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इस क्षेत्र से होकर गुजरता है, जो इसे मूल्यवान बनाता है। वहीं, समुद्र में समुद्री डकैती, अपहरण, ड्रोन हमले, मिसाइल हमले और समुद्री केबल कनेक्शन में व्यवधान जैसी घटनाएं इसे बेहद संवेदनशील बनाती हैं। हमारी नौसेना ने इंडो-पैसिफिक के सभी हितधारक देशों के आर्थिक हितों की रक्षा करने और हिंद महासागर क्षेत्र में माल की सुचारू आवाजाही में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके समुद्री डकैती विरोधी अभियानों को न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी सराहना मिल रही है। भारत को अब इस पूरे क्षेत्र में एक पसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में देखा जाता है। जब भी जरूरत होगी, हम क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

भारतीय शिपयार्डों में 64 जहाज और पनडुब्बियां निर्माणाधीन

रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए क्षमता विकास के लिए अत्याधुनिक जहाजों, पनडुब्बियों आदि को शामिल करके भारतीय नौसेना को और अधिक शक्तिशाली बनाने के सरकार के प्रयास को दोहराया। उन्होंने कहा कि अभी भारतीय शिपयार्डों में 64 जहाज और पनडुब्बियां निर्माणाधीन हैं, और 24 अतिरिक्त प्लेटफार्मों के लिए ऑर्डर दिए गए हैं। श्री सिंह ने कहा कि, पिछले पांच वर्षों में, नौसेना के आधुनिकीकरण बजट का दो-तिहाई से अधिक हिस्सा स्वदेशी खरीद पर खर्च किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप घरेलू रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र का त्वरित विकास हुआ है। नौसेना के स्वदेशीकरण की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की सराहना की और कमांडरों को 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने के संकल्प को और मजबूत बनाने के तरीके तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया।

काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्वी गेट के ऊपर शॉर्ट सर्किट से लगी आग



वाराणसी, समृद्धि न्यूज। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह के बाहर पूर्वी गेट के ऊपर लगे बिजली के तार में गुरुवार तड़के शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। मंदिर प्रशासन ने वहां मौजूद श्रद्धालुओं को तुरंत हटाकर बिजली कटवाई और अग्निशमन यंत्र से आग पर काबू पाया। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। मंदिर प्रशासन के मुताबिक भोर में मंदिर के गर्भगृह में मंगला आरती के बाद अचानक गर्भगृह के बाहर पूर्वी द्वार के ऊपर लगे बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। यह देख वहां मौजूद भक्तों ने शोर मचाया। मंदिर प्रशासन ने सुरक्षाकर्मियों की मदद से श्रद्धालुओं को वहां से हटाते हुए तत्काल बिजली कटवाई। इसके बाद अग्निशमन सिलेंडर से मंदिर की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने आग पर काबू पाया। मंदिर में तैनात बिजली कर्मियों ने केबल बदल कर इसकी मरम्मत की। लगभग 15 मिनट तक बिजली कटने से मंदिर के गर्भगृह और आसपास अंधेरा रहा।

संक्षिप्त समाचार

राष्ट्रीय युद्ध स्मारक व वीर अब्दुल हमीद के बारे में पढ़ेंगे छठी कक्षा के बच्चे

एजेंसी, नई दिल्ली। स्कूली बच्चों में देशभक्ति, कर्तव्य के प्रति समर्पण और साहस तथा बलिदान की भावना को बढावा देने के लिए 'राष्ट्रीय युद्ध स्मारक' पर एक कविता तथा शहीद 'वीर अब्दुल हमीद' पर एक पाठ को छठी कक्षा के राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा 2023 के दृष्टिकोण के अनुरूप उठाया गया है। रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य स्कूली बच्चों में देशभक्ति, कर्तव्य के प्रति समर्पण और साहस और बलिदान के मूल्यों को विकसित करना और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना है। कविता 'राष्ट्रीय युद्ध स्मारक' देश प्रेम की भावना की सराहना करती है जबकि 'वीर अब्दुल हमीद' नामक अध्याय शहीद अब्दुल हमीद का सम्मान करता है जिन्होंने 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान देश के लिए लड़ते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था और उन्हें देश के सर्वोच्च वीरता पुरस्कार परमवीर चक्र (मरणोपरांत) से सम्मानित किया गया था।

कोलकाता में डॉक्टरों और सरकार की बैठक रही बेनतीजा, हड़ताल नहीं होगी खत्म

एजेंसी, कोलकाता। राज्य के स्वास्थ्य विभाग और जूनियर डॉक्टरों के बीच लंबे समय से जारी गतिरोध का समाधान नहीं निकल सका। बुधवार रात एक बजे तक नवान्न में लंबी बैठक के बाद भी डॉक्टरों की हड़ताल खत्म होने की कोई उम्मीद नहीं दिखी। डॉक्टरों का कहना है कि उनकी सभी मांगों पर केवल मौखिक सहमति दी गई है। अब तक लिखित में कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। इससे वह निराश हैं।

व्यक्ति केंद्रित दृष्टिकोण से हटे मीडिया : धनखड़

एजेंसी, नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मीडिया से व्यक्ति केंद्रित दृष्टिकोण से हटकर संस्थाओं पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान करते हुए कहा है कि भारत के खिलाफ खतरनाक मंसूबे रखने वालों से सावधानी बरतनी चाहिए। श्री धनखड़ ने गुरुवार को यहां संसद भवन में संसद टीवी के तीसरे सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करने के दौरान कहा कि देशविरोधी ताकतें राष्ट्र के समक्ष चुनौतियां उत्पन्न कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हम उन लोगों के साथ संबंध नहीं रख सकते, जिनका अस्तित्व ही भारत के विरोध से स्थापित है। वे भारत के अस्तित्व को चुनौती देने के आकांक्षी हैं। उन्होंने कहा कि देश के भीतर कुछ लोग राष्ट्रीय प्रगति और संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। देश के अंदर और बाहर कुछ लोग भारत की संस्थाओं और राष्ट्रीय प्रगति को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। श्री धनखड़ ने राष्ट्रीय विमर्श को आकार देने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया और कहा कि पत्रकारिता में व्यक्ति-केंद्रित दृष्टिकोण से हटने और संस्थानों के साथ-साथ राष्ट्रीय विकास पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

बुनकरों व कताई करने वालों की बढ़ेगी मजदूरी

नई दिल्ली, एजेंसी।

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने बुनकरों की सात प्रतिशत और कताई करने वाले श्रमिकों की मजदूरी 25 प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा की है।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने गुरुवार को यहां बताया कि चरखे पर सूत कातने वाले श्रमिकों की पारिश्रमिक में 25 प्रतिशत और बुनकरों की पारिश्रमिक में सात प्रतिशत की वृद्धि का निर्णय किया है। बढ़ा हुआ पारिश्रमिक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन दो अक्टूबर से लागू होगा।

श्री कुमार ने बताया कि दो अक्टूबर 2024 से सूत कातने वाली श्रमिकों को प्रति लच्छा 10 रुपये की जगह 12.50 रुपये का मेहनताना मिलेगा।

खादी का कारोबार पिछले वित्त वर्ष में एक लाख 55 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि देशभर में करीब 3000 पंजीकृत खादी संस्थाएं हैं जिनके माध्यम से 4.98 खादी कारीगरों को रोजगार मिल रहा है, जिसमें 80 प्रतिशत के करीब महिलाएं है।

तिरुपति बालाजी के प्रसादम लड्डू की गुणवत्ता पर विवाद

एजेंसी, विजयवाड़ा।

मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने सनसनीखेज बयान दिया है कि वाईएसआरसीपी शासन के दौरान तिरुमाला लड्डू प्रसादम में पशु वसा का उपयोग किया गया था। इस बयान के बाद राज्य में राजनीति गरमा गई है और आज दिन में विपक्षी वाईसीपी के सांसद और पूर्व तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के अध्यक्ष वाईवी सुब्बारेड्डी ने इन टिप्पणियों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने बताया कि प्रसाद के लड्डू को जैविक घी से बनाया गया है।

सुब्बा रेड्डी ने मुख्यमंत्री पर घटिया राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि आप स्तरहीन राजनीति का परिचय दे रहे हैं। आपकी इस हरकत से विश्व में तिरुमला तिरुपति भगवान के भक्तों की भावनाएं चोटिल होंगी। उन्होंने राज्य सरकार को चुनौती दी कि वह साबित करें और वह अपने परिवार के साथ भगवान के समक्ष सौगंध खाने के लिए तैयार हैं। इस बीच राज्य सरकार की ओर से और तेलुगू देशम पार्टी के प्रवक्ता ने आज शाम एक रिपोर्ट प्रस्तुत किया, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एनडीडीभी के प्रयोगशाला ने पुष्टि की है कि वाईसीपी के कार्यकाल के दौरान इस्तेमाल किए गए घी में पशु वसा था। प्रसाद के नमूने 08 जुलाई 2024 को लैब में भेजे गए और एनडीडीभी लैब रिपोर्ट 17 जुलाई को जारी की गई। रिपोर्ट से साफ है कि गाय के घी में सोयाबीन, अलसी, जैतून, गेहूं की फलियां, मक्का, कपास के बीज के साथ-साथ मछली का तेल, बीफ टैलो, पाम तेल और सूअर की चर्बी शामिल होती है। आज तेलुगु देशम पार्टी के राज्य प्रवक्ता अनम वेंकट रमण रेड्डी ने सबूतों के साथ साबित किया कि घी की खरीद में कोई गुणवत्ता नहीं देखी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह तिरुमला तिरुपति प्रबंधन से त्वरित कार्रवाई करने की आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि राज्य सरकार और वर्तमान तिरुमला तिरुपति प्रबंधन के कार्रवाई से अब गुणवत्ता बढ़ गयी है। हम गुणवत्ता को और बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता और हम, सभी भाग्यशाली हैं कि हमारे राज्य में वेंकटेश्वर स्वामी हैं। पूरी दुनिया उसके लिए हमारे पास आ रही है। उस स्थिति में, तिरुमाला की पवित्रता की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

राहुल गांधी के खिलाफ बयान पर केंद्रीय मंत्री पर एफआईआर दर्ज

बोले- नहीं मांगूंगा माफी

एजेंसी, नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर दिए गए बयान पर केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। राहुल गांधी ने अमेरिका दौरे पर सिखों को लेकर बयान दिया था, जिस पर रवनीत बिट्टू ने उन्हें आतंकी बता दिया था। इसे लेकर खूब हंगामा हुआ और कर्नाटक में रवनीत बिट्टू के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। वहीं केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने अपने बयान पर माफी मांगने से भी इनकार कर दिया है। कर्नाटक के एक कांग्रेस पदाधिकारी ने केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

आतंकी पन्नू के मामले में अमेरिकी अदालत के समन को भारत ने किया खारिज

एजेंसी, नई दिल्ली। भारत ने खालिस्तानी आतंकवादी गुरुपतवंत सिंह पन्नू की ओर से दायर मुकदमे के आधार पर अमेरिका की एक सिविल अदालत द्वारा भारत सरकार, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और खुफिया एजेंसी रॉ के अधिकारियों को समन किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मामले में लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि इस तरह के सभी आरोप निराधार और अवांछनीय हैं। पन्नू की ओर से दायर इस मामले से हमारी राय में कोई बदलाव नहीं आता। विदेश सचिव ने पन्नू का नाम लिये बिना कहा कि इस आदमी की क्या पृष्ठभूमि है, इसे सब लोग जानते हैं।

महादलित बस्ती में आगजानी के मामले में 15 गिरफ्तार

एजेंसी, नवादा।

बिहार के नवादा में महादलित टोला में दलित दबंगों ने बुधवार की शाम को फायरिंग करते हुए लगभग 80 घरों में आगजनी के मामले में पुलिस ने गुरुवार की सुबह तक 15 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पुष्टि नवादा के एसपी अभिनव धीमन ने की है।

डीएम आशुतोष वर्मा का कहना है की घटना के बाद पुलिस पहुंचकर सख्त कार्रवाई की है। दंडाधिकारियों के नेतृत्व में काफी संख्या में पुलिस बल को प्रभावित गांवों में तैनात कर दिया गया है, ताकि किसी अनहोनी की घटना को अंजाम नहीं दिया जा सके। उन्होंने बताया कि इस अग्निकांड के मुख्य आरोपी नंदू पासवान सहित 15 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में जो भी दोषी पाए जाएंगे उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर महादलित टोले में निकट के ही प्राणबीघा दलित टोले के नंदू पासवान के नेतृत्व में 100 से भी अधिक बंदूक हरियो ने गांव को घेर कर आग के हवाले कर दिया था। जिलाधिकारी आशुतोष वर्मा ने भी 21 घरों को पूर्ण रूप से जलने की पुष्टि की है। एक दर्जन से अधिक मवेशी की मौत आग में झुलस कर हो चुकी है। जिसके बाद बड़ी संख्या में मौके पर पुलिस कैंप कर रही है। पूरा मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र का है।

आपत्ति भारत ने आईडब्ल्यूटी की समीक्षा व संशोधन के लिए पाकिस्तान को भेजा नोटिस

मूलभूत व अप्रत्याशित परिवर्तनों को किया उजागर

एजेंसी, नई दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान को सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) की समीक्षा एवं संशोधन के लिए औपचारिक नोटिस भेजा है जिसमें परिस्थितियों में मूलभूत और अप्रत्याशित परिवर्तनों को उजागर किया गया है और जिसके लिए संधि के विभिन्न अनुच्छेदों के तहत दायित्वों के पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता है।

यह नोटिस 30 अगस्त को आईडब्ल्यूटी के अनुच्छेद 12(3) के तहत संधि की समीक्षा और संशोधन के लिए भेजा गया था। नोटिस के अनुसार इसके प्रावधानों को समय-समय पर दोनों सरकारों के बीच उस उद्देश्य के लिए संपन्न एक विधिवत अनुसमर्थित संधि द्वारा संशोधित किया जा सकता है। भारत द्वारा उजागर की गई विभिन्न चिंताओं में जनसंख्या जनसांख्यिकी में परिवर्तन, पर्यावरणीय मुद्दे भारत के उत्सर्जन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता, लगातार सीमा पार आतंकवाद का प्रभाव आदि महत्वपूर्ण है। यह अधिसूचना किशनगंगा और रतले हाइड्रो परियोजनाओं के संबंध में एक अलग लंबे समय से चल रहे विवाद की पृष्ठभूमि में जारी की गई थी। इस संबंध में विश्व बैंक ने एक ही मुद्दे पर तटस्थ विशेषज्ञ तंत्र और मध्यस्थता न्यायालय दोनों को एक साथ सक्रिय किया है। इसलिए भारतीय पक्ष ने संधि के तहत विवाद समाधान तंत्र पर पुनर्विचार करने का भी आह्वान किया है। इस अधिसूचना के साथ भारत ने पाकिस्तान से अनुच्छेद 12(3) के प्रावधानों के तहत संधि की समीक्षा करने के लिए सरकार से सरकार वार्ता शुरू करने का आह्वान किया है। रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (850 मेगावाट) जम्मू और कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के द्रबशल्ला गांव में चिनाब नदी पर स्थित एक रन ऑफ रिवर योजना है जबकि किशनगंगा बांदीपोरा के उत्तर में झेलम नदी पर स्थित है। भारत और पाकिस्तान ने नौ साल की बातचीत के बाद सितंबर 1960 में आईडब्ल्यूटी पर हस्ताक्षर किए जिसमें विश्व बैंक ने भी इस समझौते पर हस्ताक्षर किए जो सिंधु नदी और इसकी पांच सहायक नदियों सतलुज, व्यास, रावी, झेलम और चिनाब के पानी के उपयोग को निर्धारित करता है।

आईडब्ल्यूटी ने तीन पश्चिमी नदियों सिंधु, चिनाब और झेलम को पाकिस्तान को और तीन पूर्वी नदियों रावी, ब्यास और सतलुज को भारत को उपयोग के लिए आवंटित किया। संधि के अनुसार भारत को तीन पश्चिमी नदियों पर रन ऑफ द रिवर (आरओआर) परियोजनाओं के माध्यम से पनबिजली पैदा करने का अधिकार है। पाकिस्तान ने दो पनबिजली परियोजनाओं पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह आईडब्ल्यूटी का उल्लंघन करती हैं। 2015 में पाकिस्तान ने विश्व बैंक से संपर्क किया और किशनगंगा और रतले परियोजनाओं पर अपनी आपत्तियों को दूर करने के लिए एक तटस्थ विशेषज्ञ की नियुक्ति की मांग की। अगले वर्ष इस्लामाबाद ने अनुरोध वापस ले लिया और अपनी आपत्तियों का निपटारा करने के लिए मध्यस्थता न्यायालय की मांग की।

डीसीएम ने तीन को रौंदा, दो की मौत, एक घायल

- दो मौतों के बाद परिजनों में मची चीख पुकार, मृतक सुग्गन की पत्नी शिवानी व मां का रो रोकर है बुरा हाल

धौरहरा खीरी,समृद्धि न्यूज।

मृतक की फाइल फोटो

धौरहरा थाना क्षेत्र के सिसैया धौरहरा मार्ग पर थाना क्षेत्र के सिसैया गांव में अनियंत्रित केला भरी डीसीएम ने घर के बाहर खड़े तीन लोगों को रौंद दिया। जिसमें एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि युवक को सीएचसी में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं किशोरी की गम्भीर दशा देख सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। तीनों को रौंदने के बाद डीसीएम चालक डीसीएम लेकर फरार हो ही रहा था कि ग्रामीणों को पीछा करते देख डीसीएम छोड़ कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा करवाकर उसे पीएम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के सिसैया गांव निवासी मीरा देवी (45) पत्नी सुन्दर , सुग्गन (35) पुत्र जगदीश व मोहिनी देवी पुत्री गुड्डू घर के सामने खड़े थे। बुधवार रात्रि करीब नव बजे धौरहरा की तरफ से आ रही केला भरी अनियंत्रित डीसीएम रोड से नीचे उतर कर मीरा देवी, सुग्गन व मोहिनी को रौंदती हुई निकल गई। जिसमें मीरा देवी (45) की मौके पर ही मौत हो गई।

घायल सुग्गन व मोहिनी को परिजन गम्भीर हालत में सीएचसी धौरहरा ले गए जहां डाक्टरों ने सुग्गन 35 को मृत घोषित कर दिया। डाक्टरों ने मोहिनी की गम्भीर दशा देख प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है जहां उसका इलाज चल रहा है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर उसे पीएम के लिए भेज दिया है। अचानक हुई दुर्घटना में हुई दो मौतों के बाद परिजनों में चीख पुकार मची हुई है मृतक सुग्गन की पत्नी शिवानी व मां लल्ली देवी का रो रोकर बुरा हाल है।

तीन मासूमों के सर से उठा पिता का साया

दुर्घटना में मृतक सुग्गन मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। पत्नी शिवानी बताती है की पति मृतक सुग्गन भोजन करके घर से बाहर निकले ही थे कि रोड से नीचे आकर डीसीएम ने रौंद दिया। मृतक सुग्गन के दीपक (10) ,राधिका (7) व छोटू (5) तीन बच्चे हैं चारों तरफ बस एक ही चर्चा है कि मृतक की पत्नी व मासूम बच्चों का जीवनयापन कैसे होगा।

> मृतकों का पंचनामा करवाकर उसे पीएम के लिए भेज दिया गया है। घायल का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। डीसीएम को कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।
> सुरेश कुमार मिश्र कोतवाल धौरहरा

आर्थिक संकट से जूझ रहे परिवार की वैश्य समिति ने की आर्थिक सहायता

गोला गोकर्णनाथ खीरी,समृद्धि न्यूज।

बीमारी से जूझ रहे पीडित का आर्थिक सहयोग करते समिति पदाधिकारी

शहर के मुहल्ला ऊंची भूड़ निवासी केतन गुप्ता का कुछ माह पूर्व ब्रेन हेमरेज हो गया था। परिवारीजन आर्थिक संकट से जूझते हुए किसी तरह उसका उपचार करा रहे थे। आर्थिक संकट से जूझ रहे परिवार की हालत जानने के बाद श्री हरिद्वारी वैश्य समिति के अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष सोहनलाल गुप्ता, अविनाश गुप्ता, राजेश गुप्ता, किशन गुप्ता, रोहित गुप्ता, आदित्य गुप्ता का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार व मरीज से मिलकर मदद का आश्वासन दिया। साथ ही समिति ने अपने सजातीय बंधुओ से पीड़ित व्यक्ति की मदद करने की अपील की। साथ ही पीडित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की। समिति के उपमहामंत्री आदित्य गुप्ता ने बताया कि उसे गंभीर बीमारी है। तथा कई माह तक इलाज चलेगा।

समिति समय समय पर पीड़ित सजातीय बंधु की आर्थिक रुप से मदद करती रहेगी।

मुहल्ले में सैक्स रैकेट का आरोप दरकिनार पुलिस ने आरोपियों को दी क्लीनचिट

- सैक्स रैकेट की खबर वायरल होने पर शहर में हड़कंप
- समुदाय विशेष के दो युवक व युवती के देखे जाने के बाद मुहल्ले में बना अफरा-तफरी का माहौल

गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।

शहर के एक मुहल्ले में खाली पडे एक मकान में समुदाय विशेष के दो युवक व युवती के देखे जाने के बाद मुहल्ले में अफरा तफरी का माहौल बन गया। इसी बीच किसी मुहल्ला वासी ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। वहीं मामले को लेकर सोशल मीडिया पर मुहल्ले में सैक्स रैकेट की खबर वायरल होने लगी।

जिससे हडकंप मच गया। कोतवाली पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर तीनों को थाने लाई। जहां पूछताछ की जा रही है। बता दें कि मुहल्ला कुम्हारनटोला वार्ड नंबर एक में रायपुर घुंसी निवासी दो युवक, जो कि आपस में साले बहनोई का रिश्ता बता रहे है। जबकि युवती खुटार निवासी बताई गई। मुहल्ले में यादव नाम के एक व्यक्ति के घर में देखा गया।

इसके बाद मुहल्ले वासियों में आक्रोश फैल गया। लोगों की अजनबी युवकों के साथ मारपीट भी हुई, साथ ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तीनों को थाने में बिठाकर पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि मकान मालिक के यहां इस प्रकार की घटनाएं होती रहती है। जबकि पुलिस ने मकान मालिक के पक्ष की जांच किए बिना ही आरोपियों को क्लीन चिट दे दी।

जिम्मेदार की सुनिए

प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र पांडे ने बताया कि थाने में लाए गए युवक व युवती आपस में रिश्तेदार है। युवती शाहजहांपुर जनपद की है। जबकि युवक थाना नीमगांव क्षेत्र के है। उनके मध्य विवाह तय है। इसको लेकर तैयारियां चल रही थी। इसी को लेकर वह लोग यहां मिलने आए थे। जिसमें किसी प्रकार का कोई पुलिस केस नहीं बनता। आरोपियों के परिवारजनों को बुलाया गया है।

ट्रक ने बाइक सवार को कुचला एक की मौत, अन्य घायल

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

थाना खमरिया क्षेत्र के कस्बा खमरिया से ईसानगर जाने वाली सड़क पर स्थित मुराउनपुरवा के निकट बुधवार की शाम करीब 5 बजे केला भरी ट्रक ने बाइक सवार को रौंद डाला। जिससे बाइक पर सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं ट्रक की चपेट में आए एक साइकिल सवार को भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना पर पहुंची खमरिया पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। थाना क्षेत्र के खमरिया ईसानगर रोड पर स्थित मुराउन पुरवा के निकट ईसानगर की तरफ से केला भर के आ रही ट्रक ने सामने से आ रहे बाइक सवार संतोष कुमार (35) पुत्र गजोधर निवासी मंगरौली को टक्कर मार दी। जिससे संतोष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं हादसे में ट्रक की चपेट में आये पकरिया निवासी साइकिल सवार विपिन (15) पुत्र गिरधर गोपाल गम्भीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना पर पहुंची ख़मरिया पुलिस ने जहां घायल को अस्पताल भेजा वहीं ट्रक को कब्जे में लेते हुए मृतक के शव को पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

मितौली काम से आए युवक की दुबहा गांव के पास मौत

मितौली खीरी। घर से मितौली किसी काम से आए व्यक्ति की दुबहा गांव के पास मौत हो गई। मितौली थाना क्षेत्र में दुबहा गांव के पास बाइक सवार व्यक्ति को खून से लथपथ पड़े देखा गया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने मितौली पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे मितौली अपराध निरीक्षक संतोष कुमार ने एंबुलेंस से मितौली सीएचसी भिजवाया। जहां डाक्टरों ने उक्त व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। मितौली उपनिरीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि मैगलगंज थाना क्षेत्र के गांव चुरईपुरवा के रहने वाले रामपाल पुत्र लक्षिमन उम्र 50 वर्ष को दुबहा गांव के पास से सी एच सी लाया गया था जहां डाक्टरों द्वारा रामपाल को मृत घोषित करने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मृत्यु की असल वजह पता चलेगी। परिजनो के अनुसार रामपाल घर से मितौली दवा लेने आए थे।परिजन सड़क दुर्घटना में मौत होना बता रहे हैं।

गोवंश पशु को मारकर मांस गायब करने की घटना पर हड़कम्प

मितौली खीरी। कस्बे के उत्तर नहर के निकट स्वर्गीय रामकुमार कटियार के गन्ने के खेत में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक गोवंशीय पशु को मार कर मांस गायब कर दिये जाने की घटना की सूचना विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा दल लखीमपुर खीरी के पदाधिकारियों को प्राप्त होने के उपरांत गोरक्षा दल के पदाधिकारियों द्वारा तत्काल प्रभाव से मौके पर जाकर पशु चिकित्सा अधिकारी मितौली एके सिंह को दूरभाष पर सूचना देकर गोवंशीय पशु का पोस्टमार्टम कराया गया। तथा मौके पर ही गौवंश का अंतिम संस्कार भी कराया गया। घटनास्थल का निरीक्षण प्रभारी निरीक्षक राजू राव द्वारा भी किया गया। विश्व हिंदू परिषद गोरक्षा दल के पदाधिकारियो द्वारा थाना मितौली में लिखित प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है।

गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म हुई अदा

सुमेरपुर, हमीरपुर। सुमेरपुर ब्लाक सभागार में बाल विकास विभाग द्वारा ब्लाक कार्यालय मे गर्भवती महिलाओ की गोदभाई का कार्यक्रम रखा गया था जिसमे सभी क्षेत्र की ग्रामीण आगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा अपने अपने क्षेत्र की गर्भवती महिलाओ को ब्लाक परिसर मे आयोजित कार्यक्रम मे बुलाया गया जहां पर बैठा कर सिर्फ खानापूर्ति की गयी और सिर्फ फोटो खिंची गयी बाकी गोद भराई मे गर्भवती महिलाओ को जो समान दिया जाता है वो सिर्फकेवल खाना पूर्ति की गयी सूत्रो से मिली जानकारी के आनुसार सी डी पी ओ प्रीति भीलवाडे और आंगनवाड़ी सुपर वाइजर कामनी पाल, शशी द्वारा कोई कार्य नही किया गया। धमेश्वर बाबा आंगनवाड़ी के पति के देखरेख मे सिर्फ खाना पूर्ति की गयी है।

अनन्त चतुर्दशी पर जलविहार मेले का हुआ आयोजन

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

भगवान श्रीकृष्ण जी के बाल स्वरुप लड्डू गोपाल जी को समर्पित धार्मिक आस्था के प्रतीक जल विहार मेले का आयोजन अनन्त चतुर्दशी के पावन अवसर पर किया गया। इस वर्ष 162 वें मेले का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ गांव भानपुर गोपालापुर थाना खीरी में किया गया। जिसमें गांव वालों के साथ हजारों की संख्या में लोगो ने शिरकत की।

मेले में श्री कृष्ण की लीलाओं का सजीव चित्रण किया गया। जिसने लोगों को आनन्द विभोर किया। मेला आयोजक ग्राम भानपुर पोस्ट गोपालापुर थाना व जिला खीरी पं. पंकज कुमार शुक्ला पुत्र खुशीराम शुक्ला ने बताया कि अन्नत चतुर्दशी के अवसर पर आयोजित जल विहार के मेले का कई दशकों से आयोजन मेरे पूर्वजों के द्वारा कई पीढ़ियों से कराया जा रहा है। इस वर्ष 162 वें मेले का आयोजन कराया गया। जिसमें गांव लोगो के साथ हजारों की संख्या में सम्मलित हुये एवं कृष्णमय होकर मेले के विभिन्न कार्यक्रमों का आनन्द लिया। मेले में मंगलवाल को अपराह्न 2 बजें भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरुप श्री लड्डूगोपाल जी का सिंहासन मेले के लिए उठाया गया। जिसे गांव से लगभग 600 मीटर दूर स्थित मेला मैदान अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचा गया, जहां मेला लगा होता है। वहां श्री कृष्ण जी के द्वारा राक्षसी पूतना वध, वकासुर वध के साथ राक्षस महाबली कंस का वध का सजीव चित्रण किया गया। जिसके पश्चात सूर्यास्त होने पर सिहांसन को घर के शिव मंदिर पर बाजों के साथ वापस लाया गया। जहां रात्रि 08 बजें से भगवान का पंचामृत से महाभिषेक, षोडसचार पूजन, भव्य महा आरती, छप्पन भोग का भोग एवं भण्डारा हुआ जिसके पश्चात् रात्रि 10 बजें सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन लोगो के मनोरंजन हेतु सम्पन्न हुआ। मेले में अजय शुक्ला, विजय शुक्ला, सिद्धार्थ बाजपेयी, दीपक पांडेय, सुरेन्द्र के साथ ही गावं के निम्न लोगों सत्य विजय वर्मा, हरीश वर्मा, मास्टर दादा, रामपाल, वर्मा उत्तम कुमार, बहादुर, गणेश कुमार, अनिरुध कुमार, अजय कुमार, मटरु कुमार, रोहित ने मेले को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग किया।

नहीं लगा अंकुश, तो झोलाछाप लेते रहेंगे लोगों की जान

- अप्रशिक्षित डॉक्टरों की बढ़ती संख्या से खतरे में मरीजों की जान

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र में अप्रशिक्षित झोला छाप डॉक्टरों की दिनों दिन बढ़ती संख्या से मरीज अपनी जिंदगी को खतरे में डाल रहे हैं। झोलाछाप डॉक्टर पैसा कमाने के लालच में मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ करने में कोई हिचक नहीं कर रहे हैं। वहीं मरीज सस्ते इलाज के चक्कर में इन झोलाछाप डॉक्टरों के लोक लुभावन चंगुल में फस ही जाते हैं। ब्लाक बिजुआ क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के कारण अप्रशिक्षित झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है। जो नीम हकीम खतराए जान की कहावत को चरितार्थ रहे हैं। सस्ते में इलाज का दावा करने वाले किसी भी गंभीर बीमारी का इलाज करने में बिल्कुल भी नहीं कतराते हैं। यह झोलाछाप डॉक्टर बिना डिग्री लिए सभी बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है। स्वास्थ्य विभाग सब कुछ जानते हुए भी मौन साधे है। जिससे दिनों दिन झोलाछाप डॉक्टरों की संख्या में इजाफा हो रहा है साथ ही गंभीर मरीज मौत के मुंह में समा रहे हैं।ऐसा ही एक मामला बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र के गांव गुलाब टांडा में देखने को मिला। जहां झोलाछाप डॉक्टर द्वारा मरीज के गले का ऑपरेशन किया गया।जब मरीज की हालत गंभीर हो गई तब डॉक्टर ने उसे बरेली भेज दिया। पीडित के परिजनों ने सीएससी प्रभारी बिजुआ को लिखित शिकायत पत्र देकर झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग की है। गुलाब टांडा निवासी नसीब सिंह पुत्र दाता राम ने बताया हमारे भतीजे विपिन सिंह के गले मे दो गांठ थी पास के गांव बहादुर नगर में बैठे डॉक्टर विजय कुमार निवासी गोला गोकरण नाथ ने बताया कि इस गांठ का इलाज करके एक सप्ताह में सही कर देंगे करीब चार दिन तक कोई दवा बांधकर पट्टी करता रहा उसके बाद गले में चीरा लगाकर सर्जरी कर दी करीब दो माह तक लगातार इलाज करता रहा उसके बाद जब विपिन के गले मे इंफेक्शन हो गया तब जबाब दे दिया और कहा बरेली जाकर दिखा लो वही पीड़ित पैसों के अभाव में गोला गोकरण नाथ के एक प्राइवेट अस्पताल में मरीज को दिखाया जहां डॉक्टरों ने बताया कि ऑपरेशन गलत तरीके से किया गया है।

> इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक बिजुआ डॉ0 सुभाष वर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

पीड़ित की हालत गंभीर है कुछ दिनों से खाना पानी भी बंद है। इसकी लिखित शिकायत परिजनों ने बिजुआ सीएससी प्रभारी को देकर कार्यवाही की मांग की है ताकि भविष्य में अन्य कोई व्यक्ति झोलाछाप का शिकार न हो।

बाढ़ का दंश झेल रहे शारदा क्षेत्र के ग्रामीण, कब होगा समाधान?

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

हर वर्ष बाढ़ से बचाव के नाम पर होते हैं करोड़ों रुपए खर्च, नतीजा शून्य

शारदा क्षेत्र के ग्रामीण एक दशक से बाढ़ का दंश झेल रहे हैं। शारदा क्षेत्र में बाढ़ और कटान रूपी भयंकर तबाही मचाती चली आ रही है। प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए बाढ़ बचाव के नाम पर खर्च किए जाते हैं मगर नतीजा शून्य ही रहता है।

गोला तहसील के ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र में शारदा नदी लगभग 12 वर्षों कृषि भूमि,वन भूमि,वेश कीमती जंगलों सहित अन्य कटान करते हुए भारी तबाही मचाती है। जिस कारण पीड़ित परिवार तितर बितर हो जाते हैं। तो वहीं गरीब परिवारों को आर्थिक तंगी झेलते हुए भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन दिनों बाढ़ से हजारों परिवार बेघर हो चुके हैं। अधिकांश परिवारों ने सड़कों के किनारे झुग्गी झोपड़ी डालकर अपना ठिकाना बना रखा है। जहां वन विभाग भूमि को अपनी बताकर इन परिवारों को परेशान करता है इन दिनों शारदा के कटान से सैकड़ो किसान भूमिहीन हो गए हैं। इन परिवारों के आगे रोजी-रोटी का भयंकर संकट खड़ा हो गया है प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से लगातार आश्वासन दिया जा रहा है पीड़ित क्षेत्र वासियों ने सरकार से बाढ़ और कटान रोकने का स्थाई समाधान कराने की मांग की है। गोला तहसील क्षेत्र में शारदा नदी के तटवर्तीय गांव रूरा सुल्तानपुर में जल भराव होने के कारण ग्रामीण अपने मकानों की छतों पर ठिकाना बनाए हैं।

वहीं गुजारा, जौहरा, बेलहा सिकिटिहा, करसौर गांव के अधिकांश लोग गांव छोड़कर सड़कों के किनारे तंबू लगाकर रह रहे हैं।

प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का हुआ आवंटन

मैलानी खीरी, समृद्धि न्यूज।

नगर उद्योग व्यापार मंडल चुनाव

गौरतलब है कि आगामी 28 सितम्बर को नगर उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव संपन्न होने है। व्यापार मंडल के 2 पदों के लिए सच्चिदानन्दन धर्मशाला ट्रस्ट मैलानी में चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। नगर उद्योग व्यापार मंडल द्वारा कराए जा रहे चुनाव में गुरुवार को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक नामांकन वापसी की प्रक्रिया चली। हालांकि इस बीच किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन वापस नहीं लिया गया।तत्पश्चात दो पदों के 6 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए।

चुनाव को लेकर गुरूवार को अध्यक्ष पद के लिए पंडित राजेश शर्मा उर्फ राजा भईया को चुनाव चिन्ह उगता हुआ सूरज,सोमदत्त प्रजापति को छाता चुनाव चिन्ह, महामंत्री पद के लिए प्रदीप कुमार उर्फ मुल्लन को चुनाव चिन्ह कलम दवात ,राजू खान को पतंग, राकेश अरोड़ा को अलमारी, सलीम खान को कैमरा आवंटित किया गया है। चुनाव चिन्ह जिला मीडिया प्रभारी एवं चुनाव प्रभारी गोपाल सिंघल,सह चुनाव प्रभारी अंकित गोयल,यूसुफ अंसारी, मनीष मित्तल की मौजूदगी में आवंटित किया गया। संगठन का मतदान 28 सितम्बर को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। 687 मतदाता मतदान करेंगे और अपना अध्यक्ष और महामंत्री चुनेंगे। मतदान के पश्चात मतगणना प्रारंभ होगी तत्पश्चात जिला कार्यकारिणी समिति के द्वारा विजेताओं के नाम की घोषणा की जायेगी।

थाने के निकट फिर हुई चोरी पुलिस पर सवालियां निशान

सुमेरपुर, हमीरपुर। गुमटी में कपड़े की दुकान में हजारों रुपए की नगदी सहित कपड़ा की चोरी करने के बाद चोरों ने बुधवार की रात दुकान में फिर से दुकान के पीछे के टिन तोड़कर दुकान में रखा सामान चोरी करके भाग निकले। थाने से चंद कदम की दूरी पर हाईवे किनारे पप्पू गुप्ता की गुमटी में कपड़े की दुकान है। इस दुकान में एक सप्ताह पूर्व चोरों ने नगदी सहित हजारों का सामान चोरी कर लिया था। बुधवार की रात चोरों ने इस दुकान पर फिर से धावा बोला और दुकान की टीन को तोड़कर दुकान से दो हजार रुपये कीमत का सामान चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने पिछली दिनों हुई चोरी का मुकदमा अभी तक नहीं दर्ज किया है।

रेल राज्यमंत्री से मिले किसान नेता, हुई कोयला डिपो स्थानांतरण पर चर्चा

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

अपने भारी भरकम लाव लश्कर के साथ रेल राज्यमंत्री से मिलने पहुँचे भारतीय किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष सरदार वी.एम. सिंह ने खीरी पीलीभीत व बहराइच जिलों के साथ साथ लाखों लोगों की मांग के अनुरूप लिखित मांगपत्र सौंपते हुये भोजीपुरा (बरेली) से पीलीभीत और खीरी होते हुए लखनऊ तक रेलवे ट्रैक के निर्माण/रूपांतरण की जांच, मैलानी-नैनपारा मार्ग पर पलिया/भीरा में रेलवे ट्रैक की मरम्मत एवं पीलीभीत के बीसलपुर रेलवे स्टेशन से कोयला डिपो को स्थानांतरित किये जाने के त्रिसूत्रीय मुद्दों पर जनहित में उक्त समस्याओं के तत्काल समाधान की माँग की गई। जनहित के मुद्दों पर किसान नेता ने रेलराज्यमंत्री को बताया कि मीटर से ब्रॉड-गेज में रेलवे ट्रैक के रूपांतरण से संबंधित प्रथम माँग जिसके लिए वर्ष 2007-08 में संसद द्वारा बजट पारित किया गया था और फरवरी 2007 में मेरे अनुरोध पर तत्कालीन प्रधानमंत्री पीलीभीत आए थे और उन्होंने 2 रेलवे ट्रैक भोजीपुरा से लखनऊ वाया पीलीभीत से शाहजहांपुर वाया बीसलपुर के रूपांतरण की घोषणा की थी। रूपांतरण सितंबर, 2024 में पूरा हुआ (बरेली से लखनऊ तक लागत 672 करोड़ रुपये) यानी 16-17 साल बाद क्योंकि लगभग 250 किलोमीटर के हिस्से पर पुलिया/पुल बनाए जाने थे,मैं यह बताना चाहता हूँ कि उद्घाटन से पहले पीलीभीत में शाहगढ़ और प्रसादपुर के बीच पुलिया/पुल टूट गया। यह बहुत गंभीर मामला है और मैं रूपांतरण की जांच स्थापित करने के लिए आपकी सहनशीलता चाहता हूँ क्योंकि यह एक राष्ट्रीय क्षति और लूट है।

ज्ञापन के दूसरे बिंदु के संदर्भ में बताया कि वर्ष 2021 में बाढ़ में नैनपारा-मैलानी मीटर-गेज रेलवे-ट्रैक बह गया था, जिसका रेलवे द्वारा मरम्मत/पुनर्निर्माण किया गया था। इस वर्ष भीरा की ओर अतरिया गांव क्रॉसिंग से लगभग 200 मीटर और भीरा के मटहिया गांव से साईं बाबा मंदिर की ओर लगभग 50-60 मीटर ट्रैक बह गया है। 9 जुलाई 2024 से इस रूट पर ट्रेनें नहीं चल रही हैं, जिससे नागरिकों को परेशानी हो रही है। शारदा नदी पर बना 100 पुराना रेलवे पुल बाढ़ को झेल सकता है, लेकिन ये पुनर्निर्मित ट्रैक हर साल बह जाते हैं, जोकि स्थायी निर्माण एवं जांच का विषय हैं।

मुझे बताया कि जिला मजिस्ट्रेट पीलीभीत ने रेलवे अधिकारियों को शहर के बीच में स्थित कोयला डिपो को स्थानांतरित करने के लिए लिखा है, किन्तु अभी तक जनसमस्याओं के निस्तारण पर कोई भी प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई है, मैं तराई क्षेत्र के किसानों की समस्याओं से भली-भांति बाकी हूं एवं उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए किसी भी उच्चतम पटल तक जाने के लिए तैयार हूँ।

नगर में दो जगह कबीर भजनों का किया गया आयोजन

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज

गुरुवार के दिन कबीर भजनो की धूम रही दूर दराज से आए हुए गायको ने लोगों का मन मोह लिया वहीं आयोजको धन्यवाद दिया बताते चलें कि तीन दिवसीय कंस वध मेले में बृहस्पतिवार को कबीरी भजनों की धूम रही भजन गायको ने समा बांध दिया कबीर भजन सुनने वालों की अच्छी खासी भीड़ रही नगर में दो जगह कबीर भजनों का आयोजन किया गया दूर दराज से आए हुए भजन गायको ने कबीरी भजनो को सुना कर लोगो मन मोह लिया और भजन सुनने वालो की अच्छी खासी भीड़ रही वहीं लोगों ने भजनों का आनंद लेते हुए नृत्य भी करते देखे गए ओरी तालाब के आयोजक भजन कमेटी के अध्यक्ष जगदीश पाल मंच संचालक मास्टर अर्जुन निषाद आदि ने बताया कि प्रतिवर्ष 51 घंटे कबीरी भजनों का प्रोग्राम करते हैंभजन गायक मेले में चार चांद लगा देते हैं और लोगों का मनोरंजन करते हैं भजन गायक रामदास चिल्ला डेरा, राम चरण परनामी नेता आदि लोग आयोजन प्रतिवर्ष करते हैं वहीं मीरा तालाब गुदरी बाबा के स्थान मे मोहन बाबू अध्यक्ष, चंदन सिंह उपाध्यक्ष, राजेश प्रजापति, आदि लोग मिलकर कबीरी भजनों का आयोजन कराते है।

सूचना

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 2411623 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1871570 का अंक सह प्रमाणपत्र खो गया है।

अरविंद कुमार तिवारी पुत्र- राम सुमिरन तिवारी, निवासी अलीनगर फखरपुर, बहराइच।

सूचना

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 2492408 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1887319 का अंक सह प्रमाणपत्र खो गया है।

सचिन कुमार चौरसिया पुत्र-रामकुमार चौरसिया, निवासी ग्राम कनेरा पोस्ट वमियारी फखरपुर, बहराइच।

पर्यटन व उद्योग मिलकर विकास की नई इबारत लिख सकते हैं : मुकेश मेश्राम

- प्रदेश को एक ट्रिलियन इकोनॉमी के लिए पर्यटन और उद्योग को आगे आना होगा : अमित गुप्ता
- उद्योग संवाद में एम.एस.एम.ई व रिटेल ट्रेड लोन के लिए एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के तत्वावधान में आज होटल रेनेसा गोमती नगर में आयोजित उद्योग संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुकेश मेश्राम प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन और उद्योग मिलकर विकास की एक नई इबारत लिख सकते हैं। श्री मेश्राम ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में पौराणिक महत्व के बहुत से स्थल मौजूद हैं, इनके विकास से पर्यटन और उद्योग मिलकर प्रदेश ही नहीं पूरे देश के विकास की नई इबारत लिख सकते हैं। यहां जो नए एक्सप्रेस वे बन रहे हैं, ये भी पर्यटन के विकास में नई भूमिका निभाने वाले हैं। उन्होंने व्यापारियों के साथ नागरिकों से भी अपील की, कि वे यदि एक्सप्रेस वे किनारों पर ढाबों का विकास करें तो इससे पर्यटकों को खाने-पीने की अच्छी सुविधाएं मिलने के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

उद्योग संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि अगर प्रदेश को एक ट्रिलियन इकोनॉमी की राह पर लाना है, तो पर्यटन और उद्योग को एक साथ मिलकर आगे आना होगा और महिलाओं को भी पर्यटन रोजगार से जोड़ना होगा। उन्होंने आगे

कहा कि सरकार को व्यापारियों को लोन लेने में आने वाली समस्याओं का निराकरण करना होगा, तब व्यापारी ढ़ाबे, होटल और रेस्टोरेंट आसानी से खोल सकेगा। इसमें आने वाली समस्याओं के कारण व्यापारी कुछ दिन प्रयास करने के बाद मन मारकर घर बैठ जाता है। सरकार को इस स्थिति का निराकरण करना होगा।

श्री गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा देश में 38.40 लाख करोड़ का टोटल टैक्स आया जिसमें से इनकम टैक्स 11.87, जीएसटी 10.6, कॉरपोरेट टैक्स 10.2, एक्साईज ड्यूटी 3.9, कस्टम ड्यूटी 2.3, सेस से 1.5 लाख करोड़ रुपए टैक्स के रूप में आए, इससे यह प्रदर्शित होता है कि आम जनमानस के ऊपर टैक्स का भार बढ़ रहा है और बड़ी-बड़ी कंपनियों पर कॉर्पोरेट टैक्स कम हो रहा है, जबकि देश में कर्ज अगर कहीं माफ होता है, तो कॉर्पोरेट कंपनियों का कर्ज माफ होता है। 2016 में जीएसटी लगी थी उसे समय कहा गया था कि वर्ष 2022 में सेस खत्म कर दिया जाएगा। सरकार द्वारा एमएसएमई के लिए बैंकों से कर्ज देने की बात कही गई, लेकिन पूर्व में जो एनपीए बंद हो गए, जो बंद पड़े उद्योग हैं, उनको पुन: संचालित करने के लिए कोई योजना नहीं बनाई गई। आज देश में ई व्यापार, रिटेल ट्रेड को दिनों दिन समाप्त करता जा रहा है, जिसका प्रभाव किसी भी मार्केट में देखा जा सकता है।

इस अवसर पर सूक्ष्म उद्यमों को सशक्त बनाने के लिए यूग्रो कैपिटल ने राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के साथ साझेदारी करते हुए उत्तर प्रदेश के छोटे व्यवसायों के लिए यूग्रो कैपिटल के संस्थापक और प्रबंध निदेशक शचिंद्र नाथ और आर.जे.यू.वी.एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता ने हस्ताक्षरित एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर किए।

इस एम.ओ.यू पर प्रकाश डालते हुए यूग्रो कैपिटल के संस्थापक और प्रबंध निदेशक शचिंद्र नाथ ने कहा कि यह छोटे व्यवसायों के लिए सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने, डिजिटल क्रेडिट के लाभों को बढ़ावा देने और प्रतिस्पर्धी व्यावसायिक वातावरण में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए रणनीतियां प्रदान करने पर केंद्रित होगा।

कार्यक्रम में मुदित अग्रवाल ने छोटे और मध्यम व्यापारियों को जीएसटी से हो रही परेशानी का मुद्दा प्रमुख रूप से उठाया, उन्होंने कहा कि जीएसटी रिटर्न्स को रिवाइज़ करना व्यापारियों की सबसे बड़ी मांग है। प्रदीप गुप्ता ने मांग रखी कि सभी व्यापारियों को 60 वर्ष की आयु के बाद पेंशन और मेडिकल इन्श्योरेंस की सुविधा दी जाये। सरकार जब भी व्यापार से संबंधित कोई नया प्रावधान लाए या किसी पुराने क़ानून में संशोधन करे तो उससे पहले व्यापारी प्रतिनिधि संस्थाओं से व्यापक विचार विमर्श करके उनका पक्ष जाने और फिर उचित निर्णय ले।

यूपी में तबादलों का सिलसिला जारी

- एक आइपीएस व सात पीपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश में एक बार फिर बड़े पैमाने अधिकारियों का तबादला किया गया है। राज्य सरकार ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल कि या है। शासन की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक आठ पुलिस अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। जिन अधिकारियों का तबादला किया गया है, उनमें सात पीपीएस और एक आईपीएस अफसर का नाम शामिल हैं।

राज्य शासन की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक आईपीएस आयुष श्रीवास्तव सहायक पुलिस अधीक्षक, प्रतीक्षारत, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ, को जौनपुर का सहायक पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा सात पीपीएस अफसरों का तबादला किया गया है। उक्त आदेश पुलिस महानिदेशक की तरफ से जारी किया गया है। जिन पुलिस अधिकारियों का तबादला किया गया है उनमें शिवम मिश्रा को पुलिस उपाधीक्षक, जनपद सुल्तानपुर से पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस मुख्यालय लखनऊ बनाया गया। रेखा बाजपेई पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय लखनऊ को पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षण मुख्यालय लखनऊ बनाया गया है। योगेंद्र कृष्ण नारायन पुलिस उपाधीक्षक यूपीपीसीएल प्रयागराज को पुलिस उपाधीक्षक जनपद हाथरस बनाया गया है। गोपाल सिंह पुलिस उपाधीक्षक जनपद हाथरस को सहायक सेनानायक 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद बनाया गया है।

डॉ. बीनू सिंह पुलिस उपाधीक्षक जनपद बाराबंकी को पुलिस उपाधीक्षक एएनटीएफ मुख्यालय लखनऊ बनाया गया। इनके अलावा सौरभ सिंह पुलिस उपाधीक्षक जनपद मेरठ को पुलिस उपाधीक्षक बांदा बनाया गया, सौरभ श्रीवास्तव सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर को पुलिस उपाधीक्षक जनपद बाराबंकी बनाया गया। आदेश में कहा गया कि, उपरोक्त पुलिस उपाधीक्षकों को आज ही कार्यमुक्त कर अनुपालन आख्या उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। इससे पहले उत्तर प्रदेश सरकार ने बीते दिनों तीन आईपीएस और दो पीपीएस अफसरों को तबादले किए थे। पुलिस अधिकारियों ट्रांसफर कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए योगी सरकार का बड़ा कदम माना जा रहा है।

खबरें एक नजर में

झांसी एडीएम नमामि गंगे अशोक कुमार सिंह का हार्ट अटैक से निधन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। वेदांता अस्पताल लखनऊ में रुटीन चेकअप के लिए गए अपर जिलाधिकारी को डाक्टरों के सामने ही दिल का दौरा पड़ गया, जिससे उनकी मौत हो गई। इस दौरान चिकित्सकों नें उन्हें काफी बचाने का प्रयास किया, किंतु सफलता नहीं मिल सकी। जानकारी के अनुसार अपर जिलाधिकारी झांसी एवं नमामि गंगे जल आपूर्ति अशोक कुमार सिंह, जो कि 2015 बैच के पीसीएस अधिकारी थे, गुरुवार को अपना रुटीन चेकअप कराने लखनऊ स्थित वेदांता अस्पताल गए हुए थे, इसी दौरान उनको हार्ट अटैक आ गया और काफी प्रयास के बाद उन्हें बचाया नहीं जा सका। मृतक एडीएम अशोक कुमार सिंह मूलत: वाराणसी जनपद के निवासी थे। उनके असामयिक निधन से पीसीएस संघ सहित तमाम अधिकारियों नें शोक व्यक्त किया है।

शाइन सिटी का वाइस प्रेसीडेंट गिरफ्तार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ पुलिस ने प्लाट और स्टॉक मार्केट में पैसा लगाने के नाम पर अरबों रुपए की ठगी करने वाले शाइन सिटी ग्रुप से वाइस प्रेसीडेंट को गिरफ्तार किया है। एडीसीपी जितेन्द्र कुमार दूबे ने बताया कि ठग मनीष जायसवाल के ऊपर पचास हजार रुपए का इनाम था। पुलिस उसको करीब एक साल से तलाश रही थी। उसके खिलाफलखनऊ और प्रयागराज में मुकदमे दर्ज हैं।लोगों से ज्यादा मुनाफा देने के नाम पर करता था ठगी। विकास नगर इंस्पेक्टर विपिन सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी मनीष को गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया है।वह शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड में वाइस प्रेसीडेंट के पद पर काम कर रहा था। उसने कई लोगों को कम रेट और आसान किस्तों पर जमीन उपलब्ध कराने का झूठा वादा करता था। जिसके बाद लोगों से पैसा लेकर हड़प लेता था। इसके साथ ही लोगों से रेक्रिंग डिपाजिट करने पर कम समय में धन दोगुना और तिगुना के नाम पर भी ठगी की थी। इस कंपनी के खिलाफयूपी में 500 से ज्यादा मामले दर्ज हैं और 62 लोग करीब जेल जा चुके हैं। कंपनी के डायरेक्टर पर सीएमडी राशिद नसीम पर पांच लाख का इनाम भी है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि मनीष पहले जानकीपुरम न्यू मल्हौर में रहता था। पुलिस केस होने के बाद कई घर बदले। आजकल विकासनगर सेक्टर तीन में रह रहा था। मनीष मूल रूप से प्रयागराज सालिकगंज रोड मुट्ठीगंज का रहने वाला है।

नेशनल हेल्थ मिशन कार्यालय के बाहर धरने पर बैठीं बेरोजगार नर्सें

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी स्थित नेशनल हेल्थ मिशन कार्यालय के बाहर करीब 33 नर्सें धरने पर बैठी हुई हैं। उनके साथ छोटे बच्चे भी हैं, यह सभी नर्सें नौकरी के लिए एनएचएम निदेशक से गुहार लगाने आईं हैं, लेकिन इनकी सुनवाई होना तो दूर, एनएचएम कार्यालय में कोई इनसे मिलने को तैयार नहीं हैं। इन नर्सों ने बुधवार को भी एनएचएम निदेशक से मिलने की कोशिश की थी, लेकिन वहां मौजूद कर्मचारियों ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखाते हुये भगा दिया था। दरअसल, साल 2014 और 2016 में करीब 34 नर्सों की एनएचएम के तहत सभी जनपदों में तैनाती हुई थी। इन सभी नर्सों ने बीएससी नर्सिंग कर रखा था। इन्हें मातृ एवं शिशु का जीवन बचाने की जिम्मेदारी मिली थी। लगभग दस साल तक इन्होंने बेहतरीन काम भी किया, लेकिन इसी साल 31 मार्च को इन सभी नर्सों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। वह भी यह कहकर कि सरकार के पास बजट नहीं है। दस साल तक काम करने के बाद अब इन नर्सों को दूसरी जगह काम नहीं मिल पा रहा है, जिससे इनके सामने रोजी रोटी का संकट आ गया। प्रदर्शन कर रही नर्सों ने कहा है कि उन्होंने अपनी समस्या को लेकर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से भी मुलाकात की थी, उपमुख्यमंत्री ने उन सभी लोगों को कोविड कर्मचारियों की तरह समायोजित करने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन कोविड कर्मचारियों का समायोजन का आदेश जारी हो गया, लेकिन उनके लिए कोई आदेश नहीं आया।

सिपाही की ट्रेन से कटकर मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के तालकटोरा थाना क्षेत्र में रहने वाले सिपाही सुनील रावत की बुधवार देर रात ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनकी आईडी से शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। सीतापुर में तैनात सुनील छुट्टी पर घर आए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगा रही है। आलमबाग गढ़ी कनौर हरचंदनपुर निवासी सिपाही सुनील कुमार रावत पत्नी अनीता रावत के साथ रहते थे। तालकटोरा पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात करीब 12 बजे रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल के सामने सुनील की ट्रेन की चपेट में आकर मौत की सूचना मिली। सिपाही सुनील की तैनाती सीतापुर कोर्ट में थी। बताया जा रहा है कि पटरी पार करते वक्त हादसा हुआ है। कंट्रोल रूम की सूचना पर एसआई सूरज शनीम ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक सिपाही सुनील के भाई अनिल ने बताया कि सुनील की यूपी पुलिस में 1995 में भर्ती हुई थी। वो मुख्य आरक्षी के पद पर सीतापुर मे थाना तम्बौर में पैरोकार पद पर तैनात थे।वो पांच दिन की छुट्टी लेकर घर आ रहे थे। बुधवार रात को काम से घर से निकले थे। रात को दुर्घटना की सूचना की जानकारी हुई। अनिल ने बताया कि घटना कैसे हुई यह समझ नहीं आ रहा। तालकटोरा इंस्पेक्टर के मुताबिक सुनील कुमार रावत मूल रूप से उन्नाव हसनगंज के बैनीखेड़ा निवासी थे। घर वालों ने भी कोई अनहोनी की आशंका नहीं जाहिर की है। हादसा के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है।

सीएम योगी व सपा अध्यक्ष अखिलेश में जुबानी हमले तेज होने से उप्र में सियासी पारा चढ़ा

अखिलेश ने पत्रकार वार्ता कर सीएम को बताया मठाधीश मुख्यमंत्री

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश की राजनीति में इन दिनों मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। इसमें दोनों ओर से निशाना साधे जा रहे हैं, जिससे यह सियासी लड़ाई दिलचस्प हो गई है। गुरुवार को प्रभु श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में जब मुख्यमंत्री योगी जनसभा को सम्बोधित करते हुए सपा अध्यक्ष पर तीक्ष्ण व्यंग्य कस रहे थे तो वहीं उस वक्त लखनऊ में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी भाजपा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते हुए बयान दे रहे थे।

अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी के बयान पर जुबानी काउंटर अटैक करते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हमारे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मठाधीश मुख्यमंत्री है।

- मेरठ में मकान हादसे के पीड़ितों की मदद के नाम पर भी सरकार में भेदभाव हुआ, कम से कम सरकार को गरीब के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए

मठाधीश मुख्यमंत्री से उम्मीद ही क्या करेंगे आप? बीजेपी जब से लोकसभा चुनाव हारी है तब से संतुलन बिगड़ा हुआ है। उन्होंने (मुख्यमंत्री) कहा सपा और कांग्रेस भस्मासुर है, भस्मासुर दो नहीं हो सकते हैं। बीजेपी अपने (हार के जिम्मेदार) भस्मासुर को ढूंढ रही है। यह बातें सपा अध्यक्ष ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि मेरठ में मकान हादसे के पीड़ितों की मदद के नाम पर भी सरकार में भेदभाव हुआ है, कम से कम सरकार को गरीब के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए। समाजवादी पार्टी की मांग है कि सरकार को पीड़ितों को 10 लाख रुपयों की मदद करनी चाहिए।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में जानवरों की समस्या से निपटने के लिए बुलडोजरी सोच से उभरना होगा। उन्होंने बहराइच में भेड़ियों के आतंक को लेकर योगी सरकार पर तंज कसा और कहा कि इन भेड़ियों को नहीं पकड़ पा रहे हैं तो ठोको नीति के तहत एसटीएफ को जिम्मेदारी दे दीजिए।

अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर में खुद, जो मुख्यमंत्री का जिला है, वहां लोग महीनों से परेशान हैं बाढ़ के कारण। दरअसल ये भाजपाई रिपोर्ट है जो तैयार हुई है, वन नेशन वन इलेक्शन और वन डोनेशन।

जो क्रोध करेगा वो योगी नहीं हो सकता, इसलिए मठाधीश मुख्यमंत्री हैं ये। उन्होंने चुनाव को लेकर कहा कि बीजेपी इतना बुरा हारेगी उत्तर प्रदेश में जिसकी आप कल्पना नहीं कर सकते।

महानगर रामलीला महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। इस बार महानगर रामलीला का मंचन 7 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक होगा। रामलीला मंचन के लिए इन दिनों निर्देशक महेन्द्र पंत रिहर्सल करवा रहे हैं। महेन्द्र पंत जी रिहर्सल मे छोटे बच्चों पर विशेष ध्यान दे रहे है जिससे इस बार प्रभावशाली लीला हो सके। महानगर रामलीला समिति में महासचिव हेम पंत ने बताया इस बार रामलीला में शबरी प्रसंग को भी जोड़ा जा रहा है साथ ही इस बार रावण के रूप में भास्कर जोशी अपनी जबरदस्त गर्जना के साथ नजर आएंगे। सह निर्देशक हरीश लोहुमी, समिति संयोजक दीपक पांडे दिनू भी रिहर्सल के दौरान अपना सहयोग दे रहे है। महेन्द्र पंत ने बताया कि रामलीला मंचन 7 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक किया जायेगा।

बोर्ड परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा केंद्र निर्धारण की समय-सारिणी जारी

- 25 सितम्बर तक करें परीक्षा केन्द्र के लिए आवेदन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2025 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा केंद्र निर्धारण प्रक्रिया की आधिकारिक समय-सारिणी जारी कर दी है।

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि परीक्षा की शुचिता, गुणवत्ता, और नकल-विहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्रों का निर्धारण ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।परीक्षा केंद्रों का निर्धारण 25 सितंबर से शुरू होकर 28 नवंबर तक पूरा किया जाएगा।

विद्यालयों को अपने संस्थान की भौतिक संसाधनों से संबंधित सूचनाएं परिषद की वेबसाइट पर 25 सितंबर, 2024 तक अपलोड करनी होंगी। इसके बाद गठित तहसील स्तरीय समिति द्वारा रिमोट सेंसिंग में त्रुटिपूर्ण पाए गए विद्यालयों को अपने सही जियोलोकेशन विवरण 30 सितंबर, 2024 तक मोबाइल एप के जरिए अपलोड करने होंगे। विद्यालयों द्वारा अपलोड की गई जानकारी का भौतिक सत्यापन जिलाधिकारी द्वारा गठित तहसील स्तरीय समिति द्वारा 15 अक्टूबर तक किया जाएगा। इसके बाद यह समिति जिलाधिकारी को अपनी अभ्युक्ति सहित रिपोर्ट देगी, जिसे 20 अक्टूबर तक ऑनलाइन

अपडेट किया जाएगा। इसके आधार पर ऑनलाइन चयनित परीक्षा केंद्रों की सूची 2 नवंबर, तक सार्वजनिक की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक, समाचार पत्रों के माध्यम से विज्ञप्ति जारी कर प्रधानाचार्य, प्रबंधक, छात्र, और अभिभावकों से आपत्तियां और शिकायतें 6 नवंबर तक प्राप्त करेंगे। इन आपत्तियों का निस्तारण 11 नवंबर तक किया जाएगा। परिषद द्वारा अनुमोदित परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची 15 नवंबर, 2024 तक वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। किसी संस्था को परीक्षा केंद्र निर्धारण से संबंधित कोई अंतिम आपत्ति हो, तो उसे 20 नवंबर तक ऑनलाइन माध्यमिक शिक्षा परिषद के पोर्टल पर प्रस्तुत किया जा सकता है। आपत्तियों के समाधान के उपरांत अंतिम रूप से परीक्षा केंद्रों की सूची 28 नवंबर तक परिषद की वेबसाइट पर सार्वजनिक की जाएगी।

विधानसभा उपचुनाव में बसपा के लिये मौका : मायावती

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने गुरुवार को कहा कि जाति और संप्रदायवादी राजनीति में उलझी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अन्य विपक्षी दलों के प्रति जनता का विश्वास डगमगा रहा है और ऐसे में जनहित और जनकल्याण जैसे मुद्दों को प्रखरता से उठाने वाली उनकी पार्टी के लिये आगामी विधानसभा उपचुनाव में भरपूर अवसर हैं।

विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिये बुलायी गयी प्रदेश पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुये उन्होने

कहा कि भाजपा सरकार और विपक्षी पार्टियों के बीच जनहित व जनकल्याण के ज्वलन्त मुद्दों को लेने की बजाय केवल जातिवादी, साम्प्रदायिक व जाति-बिरादरी पर आधारित संकीर्ण राजनीति करने से इनके विरुद्ध जन विश्वास में कमी आयी है। ऐसे में बसपा को मुस्तैदी से अपनी पैठ जनता के बीच बनानी चाहिये जिसका लाभ उपचुनाव में मिलेगा। उन्होने कहा कि गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई जैसी समस्या को दूर करने के लिए सरकार के दावों को अगर मान भी लिया जाए तो यह यूपी की विशाल आबादी के हिसाब से ऊँट के मुँह में ज़ीरा जैसा होगा। ऐसे में इनकी स्थिति सुधरने वाली नही है बल्कि सरकारी नौकरी में भी भारी बैकलाग व्याप्त है।

अधिकतर मामलों में सरकारी वादे व दावे कोरे व कागजी

बसपा सुप्रीमो ने कहा कि प्रदेश के करोड़ों ग़रीब, बेरोजगार, महिला, छोटे व्यापारी व अन्य मेहनतकश लोगों को राहत, सुविधा व सुरक्षा की घोर कमी है जबकि हर प्रकार की असुरक्षा, शोषण एवं उत्पीड़न ज्यादा है। अधिकतर मामलों में सरकारी वादे व दावे कोरे व कागजी है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकारों में द्वेषपूर्ण व विध्वंसक बुलडोजर राजनीति का उच्चतम न्यायालय द्वारा देर से ही सही मगर उचित संज्ञान लेने से लोगों में थोड़ी राहत है। मायावती ने कहा कि एक देश, एक चुनाव की व्यवस्था के तहत् देश में लोकसभा, विधानसभा व स्थानीय निकाय का चुनाव एक साथ कराने वाले प्रस्ताव पर उनकी पार्टी का रुख सकारात्मक है लेकिन इसका उद्देश्य देश व जनहित में होना जरूरी है। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में महिला असुरक्षा भी चिन्तित करने वाला बहुत बड़ा मुद्दा है, जिसको लेकर भी जातिवादी द्वेष व साम्प्रदायिक पक्षपात आदि की राजनीति और उसी के हिसाब से कानून का इस्तेमाल वास्तव में स्थिति को और भी अधिक गंभीर व तनावपूर्ण बना रहा है।

लखनऊ-कानपुर हाईवे के किनारे खुलेगा चंडीगढ़ विश्वविद्यालय का नया परिसर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए उन्नाव जिले में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दे दी है। गुरुवार को उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने सचिवालय में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (सीयू) इंटरनेशनल एजुकेशनल ट्रस्ट, चंडीगढ़ के प्रतिनिधियों को चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्राधिकार पत्र सौंप दिया। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय का यह नया परिसर लखनऊ-कानपुर हाईवे के किनारे स्थापित होगा, जो उन्नाव और आसपास के जिलों के छात्रों के लिए

एक सुनहरा अवसर साबित होगा। यह विश्वविद्यालय उन्नाव जिले के ग्राम पदसंदन, परगना गोरिन्दा परसंदन, तहसील हसनगंज में 63.53 एकड भूमि पर निजी क्षेत्र के तहत स्थापित किया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार का यह निर्णय प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी साबित होगा। इससे न केवल प्रदेश के छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिलेगी, बल्कि इससे प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखा जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार लगातार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और विस्तार के लिए प्रयासरत है। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की उन्नाव में स्थापना प्रदेश के शिक्षा जगत में एक नया अध्याय साबित होगी। इससे प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा और गुणवत्ता में वृद्धि होगी, जो उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार और भविष्य के बेहतर अवसर लेकर आएगी।

टाटा मैजिक की टक्कर से युवक की मौत

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। राजधानी लखनऊ के दुबग्गा में एक टाटा मैजिक की टक्कर में युवक की मौत हो गई। हादसा अथर्व हॉस्पिटल के पास हुआ। युवक की पहचान रामकुमार नाथ निवासी दुर्गागंज काकोरी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि वाहन की संख्या यूपी 30 टी 5635 (मैजिक) तेज रफ्तार से आ रही थी। इसी समय सड़क पार करते समय एक्सीडेंट हो गया। गंभीर हालत में रामकुमार को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच के बाद ही घटना के कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल, पुलिस को अभी कोई भी तहरीर नही मिली है।

तैयारी

संचारी रोगों पर वार को तैयार योगी सरकार

प्रदेश में एक अक्टूबर से फिर चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

- गतिविधियों के साथ ही जागरूकता पर फोकस

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

बारिश से पनपने वाले वेक्टर जनित रोगों, संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए योगी सरकार एक बार फिर प्रदेश भर में एक अक्टूबर से संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाने जा रही है। अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। इसके साथ ही 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में दस्तक अभियान भी चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी के निर्देशों के अनुरूप वर्ष-2024 के तृतीय चरण के संचारी रोग नियंत्रण

अभियान एवं दस्तक अभियान को विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर संचालित किया जाएगा। अभियान को स्वास्थ्य विभाग समेत 11 अन्य विभाग आपसी समन्वय से संचालित करेंगे। वहीं योगी सरकार की ओर से लोगों से भी अपील की गई है कि अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। साथ ही उन स्थानों से भी स्वास्थ्य विभाग की टीम को अवगत कराएं, जहां मच्छर पनपते हैं।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी नगर आयुक्तों, जल संस्थान के महाप्रबंधकों एवं नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारियों को कार्ययोजना को अमल में लाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही नगर निगमों, नगर पालिकाओं और समस्त नगर पंचायतों के लिए संवेदीकरण बैठक निर्धारित की गई है। समस्त नगर निकायों द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए निकाय वार व वार्ड वार संपन्न की जाने वाली गतिविधियों की माइक्रोप्लान जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्साधिकारी को 29 सितंबर तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने निर्देश दिये हैं कि नगरीय निकायों के अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा दिमागी बुखार समेत अन्य वेक्टर जनित रोगों, जलजनित रोगों की रोकथाम तथा साफ-सफाई के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संवेदीकरण कराया जाए।

घर-घर जाकर सफाई के प्रति जागरूक करेंगे स्वास्थ्य कार्यकर्ता

प्रदेश के सभी जिलों में 11 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान भी चलेगा। इसके तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर साफ-सफाई और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेंगे। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई), फाइलेरिया, काला जार, कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों, कुपोषित बच्चों का नाम, पता, मोबाइल नंबर सहित सम्पूर्ण विवरण ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग समेत 11 अन्य विभागों के संयुक्त प्रयास से संचारी और दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायती राज विकास विभाग, नगर विकास विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सूचना जनसम्पर्क विभाग तथा उद्यान विभाग शामिल है। स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग की भूमिका में होगा।

मुख्य अभियंता के दावे की खुली पोल, सड़क मरम्मत में समय लगने से भीषण जाम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र) विजय कन्नौजिया के दावे की पोल खुल गयी है। लखनऊ विश्वविद्यालय के सामने से गुजर रही सड़क के धंसने के बाद हुई मरम्मत की मजबूती नहीं होने के कारण पांचवे दिन भी कार्य कराया जा रहा है। जिसमें बैरेकेटिंग लगाकर मरम्मत हो रही सड़क को घेरा गया है, जिससे हनुमान सेतु से आईटी चौराहे की ओर आ रही सड़क पर भीषण जाम की स्थिति बनी हुई है।

बता दें कि बीते सप्ताह लखनऊ विश्वविद्यालय के सामने सड़क धंस गयी थी। इससे पहले उसी जगह पर

बिजली विभाग ने एचडीडी लाइन डालने कार्य कराया था। जिससे नीचे की मिट्टी कमजोर हो गयी थी। जैसे ही बारिश हुई तो सड़क एक गड्ढे के रुप में तब्दील हो गयी। इसके बाद लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता विजय कन्नौजिया और संबंधित अभियंता ने मोर्चा सम्भाल कर सोलह घंटे में सड़क की मरम्मत कर सूरत बदल दी।

इसके बाद मरम्मत हुई जगह पर एक बार फिर सड़क लचीली हो गयी। जिसे देखते हुए लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं ने नगर निगम की मदद से पुन: मरम्मत कार्य कराने पर जोर दिया। तभी से लगातार कार्य हो रहे है, इसमें बारिश भी बाधा बनी हुई हैं। वहीं मरम्मत कार्य को देखते हुए लगभग दो सौ मीटर तक वन वे मार्ग बनाकर वाहनों को निकाला जा रहा है। जिससे मार्ग पर जाम जैसे स्थिति बनी है।

जनपद की रैंकिंग पिछड़ी तो होगी कड़ी कार्रवाई: डीएम

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर चल रही समीक्षा में खराब रैंकिंग वाले विभागों को लगाई कड़ी फटकार

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।

बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले में चल रही विकास योजनाओं की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से विभागवार योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने उद्यान विभाग, नेडा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, प्रोबेशन विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, खादी ग्रामोद्योग, उद्योग विभाग, लोक निर्माण विभाग, मत्स्य पालन, श्रम विभाग, पशुपालन विभाग, सेतु निगम, ग्राम्य विकास विभाग आदि की समीक्षा की। खराब रैंकिंग वाले विभागों के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए सुधार लाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें। मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को डाटा प्रस्तुत किया जाता है, डाटा फीड करते समय कोई भी फर्जीवाड़ा न किया जाय। बैठक में डीएम ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को कड़े निर्देश दिये हैं कि इस माह में यदि लक्ष्य के सापेक्ष गौ-संरक्षण नहीं हुआ तो पशुपालन विभाग के अधिकारियों का वेतन अवरुद्ध कर दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग छोटी से छोटी कमी पर ध्यान देते हुए अपनी रैंकिंग में सुधार लाएं यदि अगली बैठक में रैंकिंग में सुधार नहीं होता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी जो विभाग लगातार खराब रैंकिंग ला रहे हैं वह क्षमता से अधिक कार्य कर करके रैंकिंग में सुधार लायें।

इन योजनाओं की हुई समीक्षा

जिलाधिकारी द्वारा बायोमेडिकल उपकरण का रखरखाव, विद्युत आपूर्ति, जल जीवन मिशन, ऑपरेशन कायाकल्प, पशु टीकाकरण, सैतुओं का निर्माण, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित कई अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, प्रभागीय वनाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीपीआरओ, दुग्ध उत्पादन अधिकारी आरबी सिंह, डीसी मनरेगा, सेतु निगम, बीएसए, समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, एक्सईएएन सीडी-2, सहायक श्रमायुक्त, एक्सईएएन नलकूप, विद्युत विभाग, डीडी एजी, जिला कृषि अधिकारी, सहित सभी संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीडीओ का किया स्वागत

इटियाथोक/गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की इटियाथोक इकाई ने नवागत खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती हेमलता त्रिपाठी से औपचारिक मुलाकात कर उनका स्वागत किया। संघ के जनपदीय कोषाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष डॉ अखिलेश शुक्ल ने अपने पदाधिकारियों महामंत्री चंद्र प्रकाश वर्मा कोषाध्यक्ष देव प्रभाकर पांडेय के साथ खंड शिक्षा अधिकारी का भव्य स्वागत किया। बीईओ से मुलाकात के दौरान डॉ शुक्ल ने वहां उपस्थित सभी पदाधिकारियों और शिक्षकों का परिचय कराया इसके साथ शिक्षकों की कुछ समस्याओं से भी अवगत कराया जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने संज्ञान लिया और शीघ्र ही यथोचित समाधान का आश्वासन दिया।

इस दौरान सर्वेश शुक्ल आलोक शुक्ल ओविंद सोनकर शिवाकांत शुक्ल सौरभ वर्मा श्रीपति मिश्र सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। यह जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी अरुण मिश्र ने दी।

प्रो. मंशाराम वर्मा विवि शिक्षक संघ अध्यक्ष पद के प्रत्याशी घोषित

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

बृहस्पतिवार को श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा में आम सभा की बैठक संपन्न हुई। आमसभा की बैठक में प्रो. मंशाराम वर्मा को डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ अयोध्या के निर्वाचन में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित किया गया। प्रत्याशी प्रो. मंशाराम वर्मा ने शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र नाथ मिश्र, मंत्री डॉ. मनीष शर्मा, विश्वविद्यालय शिक्षक संघ महामंत्री प्रो. जितेंद्र सिंह, प्रो. राम समुझ सिंह, प्रो. शिवशरण शुक्ल, प्रो. राजीव कुमार अग्रवाल, प्रो. जितेंद्र बहादुर पाल, प्रो. अमन चन्द्रा, डॉ. रंजन शर्मा, प्रो. अभय श्रीवास्तव प्रो. संदीप कुमार श्रीवास्तव, सहित अन्य वरिष्ठ एवं कनिष्ठ शिक्षक साथियों से आशीर्वाद लिया। आमसभा में बैठक का मुख्य एजेंडा डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक महासंघ के शीघ्र होने वाले अधिवेशन/चुनाव में अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी प्रो. मंशाराम वर्मा को महाविद्यालय शिक्षक संघ इकाई परिवार की ओर से अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाए जाने, शिक्षक कल्याण कोष, एवं 20 सितंबर 2024 को महाविद्यालय मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन का रहा। आमसभा की बैठक में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों तथा आम सभा के सदस्यों ने सक्रिय सहयोग, मत, समर्थन एवं अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त के लिए आशीर्वाद दिया।

सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रो. मंशाराम वर्मा ने सभी पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्यों एवं आम सभा के सम्मानित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यदि मुझे इस पद पर कार्य करने का अवसर मिलता है तो मैं पूरी निष्ठा से यह प्रयत्न करूंगा कि आपको कभी निराश ना होना पड़े और आपकी गरिमा सदैव सुरक्षित रहे। शिक्षक संघ की आम सभा की बैठक में प्रो. शशिबाला, डॉ. नीरज यादव, डॉ. रेखा शर्मा, डॉ. चमन कौर, डॉ. पल्लवी, डॉ. वन्दना भारतीय, डॉ. पूजा यादव, डॉ. शैलेश कुमार, डॉ. अभीक सिंह, डॉ. मनीष मोदनवाल, डॉ. विवेक प्रताप सिंह, डॉ. रवि प्रकाश ओझा, डॉ. अच्युत शुक्ल,डॉ.पुनीत कुमार सहित चालीस सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने रमवापुर में चलाया स्वच्छता अभियान

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाया जा रहा सदस्यता अभियान व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चलाए जा रहा सेवा पखवाड़ा जो की 24 जून 2024 तक चलेगा। इसी क्रम में गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने मंडल गोकुलपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रमवापुर में स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर में अपने पार्टी पदाधिकारी के साथ कार्यक्रम किया। व भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाया जा रहा सदस्यता अभियान के अंतर्गत लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राम सिंह चौहान सहित मंडल के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नाले में डूबी किशोरी का दूसरे दिन मिला शव

पैर फिसलने से गहरे पानी में गई, गोताखोर कर रहे थे तलाश

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

थाना हरदी क्षेत्र के कोटिया गांव निवासी एक किशोरी बुधवार शाम को नित्यक्रिया के लिए गई।

पुल के पास पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चली गई। काफी तलाश के बाद भी किशोरी का कुछ पता नहीं चल सका है। हरदी थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोटिया निवासी मोनी बाजपेयी पुत्री रमाशंकर बाजपेयी उम्र करीब 17 वर्ष बुधवार शाम सात बजे के आसपास मे अपने घर से नित्य क्रिया के लिए निकली थी। नाले के निकट बने पुल के पास पैर फिसलने से गहरे पानी में डूबने लगी। आसपास के लोगों ने शोर मचाया। गोताखोरों के द्वारा काफी तलाश की गई थी लेकिन लाश नहीं मिली थी। पीड़ित पिता का रो-रो कर बयान सामने आया कि जब यह बच्ची 2 वर्ष की थी तब यह बहुत बीमार हो गई थी इस बच्ची के लिए मैंने अपना दो बीघे खेत बेचकर इसका इलाज करवाया था यह बहुत ही मुंह लगी और प्यारी बच्ची थी। दूसरे दिन वृहस्पतिवार सुबह होते ही मौके पर पहुंचे एसडीएम महसी अखिलेश कुमार सिंह व थाना प्रभारी सुरेश कुमार वर्मा ने पीएसी बटालियन के नौजवानों को बुलाया। नाव के द्वारा नाले में नौजवानों की कड़ी मशक्कत के बाद इसके बाद लाश को नाले से निकला। थाना प्रभारी ने बताया कि लाश को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस मौके पर नायब तहसीलदार सौरभ सिंह, राजस्व निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपाल आदि की मौजूदगी रही।

विश्वकर्मा पूजा पर आयोजित हुई विशाल झांकी

मिहींपुरवा,बहराइच। विश्वकर्मा पूजा पर विशाल झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झांकी कार्यक्रम को देखने के लिए हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद है। जिले के तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत रामपुर धोबियाहार में विश्वकर्मा पूजा पर विशाल झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां वैष्णो देवी झांकी व देवी जागरण पार्टी द्वारा विभिन्न प्रकार मनमोहन झांकियां लोगों के सामने प्रस्तुत की गई। विशाल झांकी कार्यक्रम को देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक पहुंचे और पूरी रात झांकी के कार्यक्रम का आनंद उठाया। विशाल झांकी कार्यक्रम में कई जनपद के कलाकार शामिल हुए। विशाल झांकी कार्यक्रम में भगवान शंकर ,हनुमान जी,राधा कृष्ण, मां काली व अन्य कई लीलाओं का दर्शन लोगों को करवाया गया।

युवक पुल से नदी में गिरा, डूबकर हुई मौत

सरयू नदी पर बने पुल पर बैठकर मछली का शिकार देख रहा था युवक

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

फखरपुर थाना क्षेत्र में सरयू नदी पर बने पुल पर बैठकर बुधवार सुबह एक युवक मछली का शिकार देख रहा था। तभी युवा के नियंत्रण खो बैठा और वह नदी में गिर गया।

पानी में डूबकर उसकी मौत हो गई। गोताखोरों ने शव बरामद कर लिया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बाबूकापुर के मजरा कंठूपुरवा निवासी रोहित कुमार (30) पुत्र देवता दीन के घर से कुछ दूरी पर भग्गड़वा पुल स्थित है। सरयू नदी पर बने पुल पर रोहित गुरुवार सुबह जाकर बैठ गया। इसके बाद वह अन्य लोगों द्वारा किए जा रहे मछली का शिकार देखने लगा। इसी दौरान रोहित असंतुलित होकर सरयू नदी में गिर गया। उसकी पानी में डूबकर मौत हो गई। हादसे की जानकारी होने पर फखरपुर थाने की पुलिस पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में गोताखोरों ने तलाश शुरू की तो सुबह 11 बजे युवक का शव पीपे में फंसा मिला। शव को बरामद कर लिया है। जहां शव मिला है, वह क्षेत्र कोतवाली देहात में आता है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोतवाली देहात पुलिस नहीं पहुंची है। फखरपुर थानाध्यक्ष अभिनव प्रताप सिंह ने बताया कि पुल से गिरकर युवक की मौत हुई है। मालूम हो कि मृतक के दो पुत्र और एक बेटी है। पत्नी और बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है।

आठ मीटर चौड़े नाले को लोगों ने बनाया 5 फुट चौड़ी नाली

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

जिला मुख्यालय पर मंडे नाले के नाम चर्चित है ये नाला राजस्व रिकार्ड मे काफी चौड़ा है पूर्व मे ये नाले के चारो तरफ खेत थे मगर धीरे धीरे खेत बिक गये ओर अधिकाशं खेत कालोनी के रूप मे विकसित हो गये।नजूल की सरकारी जमीन मंडे नाले की जमीन के किनारे आदि स्थान की जमीन पर निगाह लगा रखते थे। सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि गोंडा लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे मंडे नाले की जमीन को कुछ दिग्गज नेता व भू माफिया ने नगरपलिका से सेटिंग कर नाले को नाली में तब्दील कर दिया गया है।नाले की जमीन पर अवैध रूप से रास्ता बना दिया गया है।जो रास्ता एक निजी स्कूल के अंदर जाता है। मगर करोडो रूपये की अतिक्रमण की भूमि निर्माण परमिशन से कैसे दे दी मंडे नाला राजस्व विभाग की है ओर ये भूमि का आकंलन करो तो दिग्गज नेता व भूमाफिया ने करोडो की भूमि पर कब्जा कर लिया गोंडा मे ये कारवाई नही होने के कारण जिला प्रशासन की कार्य प्रणाली पर लोग बेहिचक आरोप लगा रहे है गोंडा मे गरीब की लुगाई सबकी भौजाई वाली कहावत सही सिद्ध हो रही है।

गोंडा जिले मे ऐसी कई कालोनी है जो अवैध होकर बिक्री हो रही है ओर जांच का ढिंढोरा बताकर अधिकारी बैठक भी नही ली जबकि जिले मे भूमफिया अभियान के लिए बैठक अनिवार्य थी जिससे की जानकारी मिल सके कि गोंडा जिले मे कहा कहा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण है गोंडा जिलें मे अधिकारी सिर्फ समय इसलिए निकल रहे कि अभियान बंद हो जाय सूत्र बता रहे है कि तब तक जाचं का या बैठक का बहाना बनते रहो जिले मे दिग्गज नेता व भू माफिया के सीमाकंन को लेकर एक पत्र प्रमुख सचिव व लोकायुक्त को भेजा गया जिसमे प्रशासन की लापरवाही से भूमफिया कर रहा अतिक्रमण की ओर ध्यान अवगत कराया गया है क्योंकि जिले के प्रभारी मंत्री भी जांच का आश्वासन देने के बाद भी भूल जाते है जिले मे अनियमितता के नाम धड़ल्ले से नजूल और नालों पर अवैध तरीके से कब्जे व वसूली का खेल चल रहा है।

जांच का ढिंढोरा बताकर अधिकारी कर लेते है इतिश्री

इतिश्री कर लेते है गोंडा जिले के मंडे नाले के किनारे बसी कालोनी रघुकुल विद्या पीठ के सामने,नैयर कॉलोनी नाले के किनारे, गायत्री पुरम नाले के किनारे,अंबेडकर चौराहे से लेकर जिला अधिकारी के आवास तक आदि स्थानों पर जितनी कालोनी व दुकानों का निर्माण हुआ है इसमे खुलेआम नियमो की धज्जी उडाने मे अधिकरियो का स्वार्थ छिपा है गोंडा जिले में नालों व नजूल की भूमि पर नगरपालिका अधिकारी ने सेटिंग के चलते राशि दे दी गोंडा जिले में कई ऐसी कालोनी है जो सिर्फ चूना डालकर बेच दी गयी क्योंकि स्थानीय राजस्व अधिकारी ही रोक लगाते है जिला प्रशासन ने अभी तक प्रेस की

विद्यालय प्रबंधन समिति व पंचायती राज की हुई बैठक

ग्राम प्रधान रंजीत दास ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का दिया आश्वासन

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

गुरुवार को जिले के चित्तौरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत खलीलपुर में प्रथम संस्था द्वारा ग्राम पंचायत मछियाही और खलीलपुर के पांच विद्यालय प्रबंधन समितियों, ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों और आंगनबाड़ी कर्मचारियों के साथ एक दिवसीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों के लिए स्कूल और गांव में सुरक्षित माहौल और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के तरीकों पर चर्चा की गईं। कार्यक्रम का संचालन प्रथम संस्था के प्रोग्राम समन्वयक तुषार द्वारा किया गया।

संस्था के संचालक किशोर भामरे ने प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व किया। इस दौरान ग्राम प्रधान रंजीत दास ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आलोक वर्मा और सतेंद्र ने सभी सदस्यों से बच्चों के हित में एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। कार्यशाला में प्रथम संस्था की सह-संचालक स्नेहा सिरंगावस्कर, कीर्तिका सागर, राकेश चौबे, पवन यादव, रेखा तिवारी और सौरभ श्रीवास्तव के साथ भारी संख्या में अभिभावक और किशोरी समूह भी उपस्थित रहे।

सिद्धार्थनगर के एसडीएम के घर लाखों की चोरी

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। शहर के मोहल्ला रायपुर राजा निवासी पीसीएस अधिकारी के यहां चोरी हो गई। शिकायत पर घर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। देहात कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रायपुर राजा निवासी मीना कुमारी भारती पत्नी राज कुमार के बेटे मनोज कुमार पीसीएस अधिकारी हैं। वह इस समय सिद्धार्थनगर जिले के इटवा तहसील में एसडीएम है। वह दो दिन पहले घर आए थे। मनोज कुमार अपनी माता के साथ अपने पैतृक गांव विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के गांव गए थे। इसके बाद मनोज वापस ड्यूटी के लिए चले गए। घर पर कोई नहीं था। इसका फायदा उठाकर चोरों ने जेवरात समेत अन्य सामान की चोरी की। सुबह चोरी की जानकारी होने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। मालूम हो कि एसडीएम के बड़े भाई चेन्नई में प्रोफेसर हैं और मां हुजूरपुर ब्लॉक के सीएचसी में सुपरवाइजर हैं।

जमीनी विवाद में मारपीट, छह लोग हुए घायल

जमीन का दूसरे व्यक्ति ने करा लिया बैनामा इसको लेकर हो गई मारपीट

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

शहर के मोहल्ला नाजिरपुरा में एक व्यक्ति ने जमीन खरीदी थी, जिसका एग्रीमेंट करा रखा था। बताया जा रहा है कि इस जमीन का दूसरे व्यक्ति ने बैनामा करा लिया। इसको लेकर मारपीट हो गई।

जिसमें एक ही परिवार के छह लोग घायल हो गए। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोतवाली नगर के मोहल्ला नाजिरपुरा निवासी मोहम्मद अली पुत्र मंगल ने एक जमीन खरीदी थी। उन्होंने जमीन का बैनामा न कराकर एग्रीमेंट करा लिया था। इस जमीन को मोहल्ला निवासी समसुल हक ने अपने नाम से रजिस्ट्री कर ली। इसकी जानकारी होने पर मोहम्मद अली ने विरोध किया।जिससे नाराज समसुल हक ने 15 से 20 लोगों के साथ घर में घुसकर मोहम्मद अली, बेटे मंजूर अली, राजा, अहमद अली, आसिया बेगम और उम्मेहनी पर हमला कर दिया। जिसमें सभी घायल हो गए, परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भेजा, जहां पर सभी का इलाज हो रहा है। मोहम्मद अली की हालत गंभीर बताई जा रही है, इंस्पेक्टर नगर मनोज कुमार पांडे ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

मंगेश यादव एनकाउंटर से समाज के लोगों में रोष, भेजा ज्ञापन

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

वीर अहीर निर्माण सेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट में मंगेश यादव एनकाउंटर के विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

सभी ने कहा कि एसटीएफ ने फर्जी एनकाउंटर किया है। इसकी जांच करवा कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।वीर अहीर निर्माण सेना के पदाधिकारी बृहस्पतिवार दोपहर में कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी ने डीएम कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया सभी का कहना है कि जौनपुर में मंगेश यादव का एनकाउंटर एसटीएफ की ओर से फर्जी तरीके से किया गया है। कहां की एनकाउंटर की जांच किसी न्यायिक अधिकारी द्वारा करवाया जाए, जिससे पुलिस के झूठ का खुलासा हो सके। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि सोशल मीडिया पर भी अलग अलग बातें लिखकर वायरल किया जा रहा है। मंगेश यादव एनकाउंटर की जांच और परिवार को न्याय दिलाने के लिए सभी ने प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस दौरान काफी संख्या में वीर अहीर निर्माण सेना के लोग मौजूद रहे। सभी ने जय यादव जय माधव का नारा भी लगाया।

दहशत

महसी तहसील के मैगला गांव में दिखा भेड़ियों का नया झुंड, इलाके में खौफ

भेड़िये वाले इलाकों पर नजर रखकर करा रहे हैं जांच : डीएफओ

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जिले में आखिरी आदमखोर भेड़िये की तलाश के बीच महसी तहसील के मैगला गांव में एक फार्म हाउस के पास चार भेड़ियों का झुंड देखा गया। स्थानीय लोग भेड़ियों के इस नए झुंड में एक लंगड़ा भेड़िया होने का भी दावा कर रहे हैं, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह आदमखोर झुंड का वही भेड़िया है जिसकी वन विभाग को तलाश है।हालांकि प्रभागीय वन अधिकारी अजीत प्रताप सिंह का कहना है कि ऐसा नहीं लगता कि इस नये झुंड में आदमखोर भेड़िया शामिल होगा। उन्होंने आशंका जताई कि भेड़ियों का यह झुंड अगर नरभक्षी नहीं है, फिर भी इसे पकड़ने की कवायद हुई तो इसके सदस्य भेड़िये भी बदले की भावना से इंसानों पर हमलावर होकर एक नयी समस्या खड़ी कर सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधान परिषद सदस्य पदमसेन चौधरी के फार्म हाउस पर बुधवार शाम चार भेड़ियों का एक झुंड देखा गया, जिनमें से एक भेड़िया लंगड़ा बताया जा रहा है। जिस स्थान पर भेड़ियों का नया झुंड दिखाई दिया वह भेड़ियों के आतंक को लेकर सर्वाधिक संवेदनशील सिसैया चूरामनि गांव से मात्र पांच किलोमीटर दूरी पर स्थित है।चौधरी ने बृहस्पतिवार को एक न्यूज एजेंसी को बताया, ''बुधवार शाम चार बजे ग्रामीणों को चार भेड़ियों का एक झुंड हमारे आम के बगीचे में दिखाई दिया है, इनमें एक भेड़िया लंगड़ा है। ग्रामीणों ने भेड़ियों को घेरना शुरू किया तो वे हमारे मक्के के खेत से होते हुए पड़ोसी के खेत में चले गये। अब संभवतः किसी खेत में ही भेड़िए छिपे हैं। थोड़ी देर बाद अंधेरा होने पर भेड़िए दिखना बंद हो गये थे।'' उन्होंने बताया, ''इसी स्थान के नजदीक भेड़ियों की एक मांद भी है। बारिश के कारण व नदियों का जलस्तर बढ़ने से अक्सर जंगली जानवर बाहर निकल आते हैं।'' इस संबंध में प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) अजीत प्रताप सिंह ने बताया, ''महसी तहसील के रामगांव थाना क्षेत्र के कुछ गांवों में भेड़िये दिखने की सूचना मिली है। जिस पर अधिकारी को घटनास्थल पर भेजा गया था उनके अनुसार भेड़ियों के पैरों के निशान जरूर मिले हैं, लेकिन उनकी गतिविधियों से ऐसा नहीं लगता कि इस झुंड में उपद्रवी आदमखोर भेड़िया शामिल होगा।'' डीएफओ ने कहा, ''भेड़ियों का यह झुंड अगर नरभक्षी नहीं है, फिर भी इसे पकड़ने की कवायद हुई तो इसके सदस्य भेड़िए भी पहले वाले झुंड की तरह बदले की भावना से इंसानों पर हमलावर होकर एक नयी समस्या खड़ी कर सकते हैं। तब स्थितियां और भी खराब हो सकती हैं।'' उन्होंने कहा, ''पिछले दिनों छह भेड़ियों का एक झुंड आदमखोर हो चुका था जिसके पांच सदस्य पकड़े जा चुके हैं और आखिरी बचे भेड़िये की तलाश की जा रही है। वो भी कुछ आरंभिक गलतियों के कारण ही नरभक्षी हुए होंगे। आमतौर पर भेड़िए नरभक्षी नहीं होते और अब यह शोध का विषय है कि भेड़ियों का वह झुंड किस गलती की वजह से आदमखोर हुआ था।'' डीएफओ ने कहा, ''फिलहाल हम बुधवार को दिखे भेड़ियों वाले इलाके पर भी पूरी नजर रखकर इसकी जांच करा रहे हैं।

डलमऊ मठ में आए युवक पर हुआ विवाद

आचार्य बोले, हो रही है हत्या की साजिश

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

- समाजसेवी बोले, हर कश्मीरी आतंकी नहीं होता
- पुलिस ने बिना किसी जांच के संदिग्ध युवक को कश्मीरी पंडित घोषित कर दिया

जम्मू-कश्मीर से डलमऊ मठ आए युवक को संदिग्ध करार देने पर बुद्धिजीवियों ने आपत्ति जताई है। मठ के आचार्य ने जम्मू-कश्मीर से जिले के डलमऊ घाट स्थित डलमऊ का बड़ा मठ में आए साहिल राजदान को संदिग्ध बताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने भी मामले की जांच की बात कहते हुए युवक की पहचान मुस्लिम नहीं बल्कि कश्मीरी पंडित के रूप में की है।

मठ के महामंडलेश्वर ने एसपी से की मुलाकात

इस मामले को लेकर बड़ा मठ के महामंडलेश्वर 1008 देवेंद्रानंद गिरी महाराज ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह से मुलाकात की और मठ में आतंकी हमले की आशंका जताई। उन्होंने कहा कि उनकी जान को खतरा है और साजिश रची गई है। अब तक की जांच से वे संतुष्ट नहीं हैं। पुलिस ने बिना किसी जांच के संदिग्ध युवक को कश्मीरी पंडित घोषित कर दिया। उसने पहले कहा था कि वह महाराष्ट्र का रहने वाला है और उसके पास कई लड़कियों की तस्वीरें भी मिली हैं।

आतंकवादी या संदिग्ध कहना गलत: विजय विद्रोही

इस मामले में हो रही विभिन्न चर्चाओं और आरोपों को खारिज करते हुए भाकपा (माले) के वरिष्ठ नेता और सामाजिक कार्यकर्ता विजय विद्रोही ने कहा कि यह कौन तय कर सकता है कि जम्मू-कश्मीर का कोई युवक देश में कहीं नहीं जा सकता या वह संदिग्ध है। वहां से रायबरेली आने के लिए कौन सा पासपोर्ट जरूरी है? क्या जम्मू-कश्मीर हमारे देश का हिस्सा नहीं है? अगर कोई ज्ञान प्राप्ति के उद्देश्य से मठ में पहुंचता है तो उसे दिशा देना या न देना अलग बात है लेकिन जम्मू-कश्मीर के किसी भी नागरिक को आतंकवादी या संदिग्ध कहना गलत है।

डीएम-एसपी ने निर्माणधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं यूपीपीसीएल टू आवासीय भवनों का किया निरीक्षण

महराजगंज रायबरेली। एका एक जिला अधिकारी की गाड़ी महराजगंज कस्बे में देखते ही अधिकारियों के हाथ पैर फूलने लगे काफिला धीरे-धीरे बढ़ता हुआ चंदापुर पहुंचा जहां जिला अधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने निर्माणधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व चंदापुर स्थित निर्माणधीन यूपीपीसीएल टाइप 2 के आवासीय भवनों का निरीक्षण कर मौजूद कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा कार्यों के बारे में जानकारी ली और जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

साथी छात्र ने ब्लेड से काट दिया गला, हालत गंभीर

- छात्र को सीएचसी में कराया गया भर्ती
- गांव गुजर का पुरवा मजरे कंदरावा निवासी राम शंकर का पांच साल का बेटा आदित्य पढ़ता है

ऊंचाहार,रायबरेली समृद्धि न्यूज

स्कूल में पांच साल के मासूम छात्र का उसके साथी छात्र ने ब्लेड से गला काट दिया। जिससे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

मामला ऊंचाहार कस्बा स्थित एक निजी स्कूल का है। कोतवाली क्षेत्र के गांव गुजर का पुरवा मजरे कंदरावा निवासी राम शंकर का पांच साल का बेटा आदित्य पढ़ता है। गुरुवार की सुबह वह स्कूल आया था दोपहर बाद जब स्कूल में छुट्टी हुई तो उसके किसी साथी बच्चे ने उसके गले पर ब्लेड से वार कर दिया। जिससे उसके गले से रक्त की धारा बहने लगी। इसकी सूचना छात्र के पिता को रिक्शा चालक ने दी। उसके बाद परिजन भागकर ऊंचाहार पहुंचे और मासूम छात्र को सीएचसी में भर्ती कराया है।

जहां उसका इलाज किया जा रहा है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि छात्र के गले में ब्लेड से वार किया गया है , उसका इलाज किया जा रहा है।

बहू की तहरीर पर सास के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

महराजगंज रायबरेली। शिवदेवी पत्नी जगजीवन निवासी पुरे सूबेदार मजरे कोटवा मोहम्मदाबाद थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के द्वारा दी गई तहरीर पर बनाम शिवलाली पत्नी श्री राम(सास) निवासी ग्राम सूबेदार मजरे कोटवा मोहम्मदाबाद वादिनी की सास के द्वारा वादिनी को गाली गलौज देना तथा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में कोतवाली पुलिस ने बहू की तहरीर पर सास के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, वीडियो वायरल

गुरबक्शगंज, रायबरेली। जनपद के थाना गुरबक्श गंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा भीतर गांव में दो पक्षों में जमकर लड़ाई हो गई आपको बताते चलें प्राप्त जानकारी के अनुसार एक शराबी युवक विकास ह्य/श बलभद्र यादव को शराब पीकर गाली देना भारी पड़ गया रोहित शुक्ला पुत्र श्रवण कुमार शुक्ला ग्राम चंदरी खेड़ा पोस्ट गुलरिया जनपद उन्नाव के रहने वाले है जिनकी ऑटोपार्ट्स की दुकान भीतरगांव सड़क है उनकी दुकान के सामने एक शराबी युवक शराब की नशे में खूब गालियां देने लगा गलियों से आहत होकर व्यापारी रोहित शुक्ला ने शराबी युवक को समझाने का प्रयास किया लेकिन शराबी युवक ने ईट और घुम्मे से दुकानदार पर जानलेवा प्रहार कर दिया अपने बचाव में दुकानदार रोहित शुक्ला ने शराबी युवक की जमकर पिटाई कर दिया मामला सोशल मीडिया में खूब वायरल है।

चेतावनी बिंदु के पार हुई गंगा, पानी से घिरे मकान

हर साल गंगा नदी में बाढ़ आने के कारण फसलें हो जाती हैं नष्ट

डलमऊ,रायबरेली समृद्धि न्यूज।

पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण बुधवार को गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी बिंदु को पार कर गया। घाटों के किनारे बने मकान पानी से घिर गए। जलस्तर बढ़न से कटरी क्षेत्र के लोग सहमे हुए हैं।

कृषि योग्य जमीन व फसल पानी में डूब गई है। अगर ऐसे ही जलस्तर में बढ़ोतरी होती रही तो आशंका है कि नदी जल्द ही खतरे के निशान तक पहुंच जाएगी। गंगा नदी के जलस्तर का चेतावनी बिंदु 98.360 मीटर, जबकि खतरे का निशान बिंदु 99.360 मीटर है। केंद्रीय जल आयोग डलमऊ के मुताबिक नदी का जलस्तर चेतावनी बिंदु के सापेक्ष 98.370 मीटर पर पहुंच गया। तीन से चार घंटे में एक सेमी जलस्तर बढ़ रहा है। मवेशियों के चारे की गहराने लगी समस्या गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर से कटरी क्षेत्र के चक मलिक भीटी, जमालनगर मोहद्दीनपुर, जहांगीराबाद, अंबहा, बबुरा, पूरे रेवती सिंह गांवों में रहने वाले लोग डरे हुए हैं। ग्रामीण महादेव, रघुनाथ, जयकरन, साजन यादव, राजकुमार, जनार्दन प्रसाद ने बताया कि पानी के कृषि भूमि तक पहुंचने से मवेशियों को चारे की गंभीर समस्या उत्पन्न होने लगी है। नदी के जलस्तर में वृद्धि से बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। धान, तिल, उड़द की फसल डूब गई है। ग्रामीणों ने बताया कि हर साल गंगा नदी में बाढ़ आने के कारण फसलें नष्ट हो जाती हैं।

प्रशासन की तरफ से मुआवजा तक नहीं मिलता। जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा ने बताया कि बाढ़ से निपटने की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है जलस्तर खतरे के बिंदु को पार करने के बाद ही बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है।

केजी एन इंटरप्राइजेज का हुआ उद्घाटन

महाराजगंज ,रायबरेली समृद्धि न्यूज।

चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने प्रतिष्ठा का किया उद्घाटन कस्बे के मेन तिराहा पुलिस चौकी के सामने मदीना मार्केट में के जी एन इंटरप्राइजेज का उद्घाटन भाजपा नेता प्रभात साहू और कस्बे के कोटेदार हाजी जिया उल हक ने फीता काटकर किया। प्रोपराइटर जैनुल हक ने बताया कि हमारे यहां के जी एन इंटरप्राइजेज में मोबाइल संबंधित एवं अन्य कई काम किए जाएंगे और उचित रेट पर उपलब्ध हैं ग्राहकों को इधर-उधर भागना नहीं पड़ेगा उनको कस्बे में ही सामान उपलब्ध होता रहेगा।

इस मौके पर हाजी जिया उल हक फैजान इमानुल हक राजकुमार रस्तोगी अमित रस्तोगी रोहित वैश्य दानिश सिद्दीकी जीशान जमशेद सभासद धर्मेंद्र वर्मा विनीत वैश्य नूरुल हसन डॉ दांत वाले सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

घर में घुसकर मारपीट करने वालों पर केस दर्ज

महराजगंज,रायबरेली। पिछले कई दिनों से पक रही खिचड़ी आखिरकार मारपीट में तब्दील हो गई और कोतवाली पुलिस देखती रह गई। रामलली पत्नी हौसला प्रसाद निवासी ग्राम अनवरगंज मंज़रे ज्योना थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के द्वारा दी गई तहरीर पर रविंद्र कुमार पुत्र गुरु चरण सुरेंद्र कुमार पुत्र गुरु चरण शैलेंद्र यादव पुत्र राजेंद्र यादव सौरभ यादव कसरैला निवासीगढ़ गुरुदत्त सिंह का पुरवा मजरे ज्योनि थाना महाराजगंज के विरुद्ध विपक्षीगणो के द्वारा घर में घुसकर प्रार्थिनी व अखिलेश कुमार प्रेमलाली विकास कुमार राजकुमारी आशा देवी सुरेश कुमार के साथ लाठी डंडों से मारपीट की गई।

वहीं कोतवाली पुलिस ने महिला की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में चार के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

विद्यालय के गेट का ताला न खुलने से बाहर खड़े रहे बच्चे

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय इशिया में सुबह 7:45 तक विद्यालय का गेट नहीं खुला। मजबूरन बच्चे धूप में गेट के बाहर खड़े रहे।

इस लापरवाही से अभिभावकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्र के इशिया गांव में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में 7:45 तक विद्यालय का गेट नहीं खुला। इस दौरान भारी संख्या में छात्र-छात्राएं विद्यालय पहुंच चुके थे। गेट का ताला ना खुलने से मजबूरन उन्हें काफी देर तक बाहर खड़ा रहना पड़ा। जब स्कूल के बच्चों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी गेट का ताला नहीं खुला है इसलिए बाहर खड़े हैं । विद्यालय की ओर से बरती जा रही इस लापरवाही से अभिभावकों में आक्रोश रहा। उधर प्राथमिक विद्यालय मलकिया रानीखेड़ा सुदौली में भी सुबह 8:10 तक विद्यालय में कोई भी शिक्षक नहीं पहुंचा जबकि यहां पर चार शिक्षक तैनात है।

यहां के प्रधानाध्यापक का कहना है कि वह बच्चों के पेपर का सामान लेने गए थे इस वजह से आने में विलंब हो गया जबकि अन्य शिक्षक शिक्षक का कहना है कि वह छुट्टी पर है रास्ता खराब होने के कारण अन्य शिक्षकों के पहुंचने में विलंब हो गया है। इस बारे में यहां के खंड शिक्षा अधिकारी से बात की गई थी उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। जांच के बाद सच्चाई मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

मुखबिर खास की सूचना पर वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली व क्षेत्राधिकारी महाराजगंज के कुशल पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी बछरावां के नेतृत्व में थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाकर दुराचार करने वाले अभियुक्त अरमान पुत्र पीर बख्श उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम दुल्हापुर हुसैनाबाद थाना नगराम जनपद लखनऊ को थाना क्षेत्र के शिवगढ़ रोड स्थित शारदा नहर पुल से नियमानुसार गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली इस पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुनील कुमार, कांस्टेबल महेश सिंह, कांस्टेबल देव रावत मौजूद रहे।

पंचतत्व में विलीन हुए महंत अश्वनी दास महाराज

महराजगंज, रायबरेली। पंचतत्व में विलीन हुए धर्म का पाठ पढ़ने वाले श्री श्री 108 महंत अश्वनी महाराज निर्वाणी बड़ा अखाड़ा रामबाग खरहरा धाम के श्री श्री अनंत विभूषित श्री तपस्वी जी महाराज के कृपा पात्र साकेत निवासी श्री राम गुलाम दास जी महाराज के परम शिष्य श्री श्री 108 श्री महंत अश्विनी कुमार दास जी का 75 वर्ष की उम्र में बीती रात लगभग 10-00 बजे लखनऊ के लारी हॉस्पिटल में निधन हो गया। यह खबर जैसे ही क्षेत्र में फैली हजारों भक्तों व शिष्यों का रामबाग खरहरा धाम में उनके अंतिम दर्शन वा श्रद्धांजलि देने के लिए तांता लग गया। जानकारी के मुताबिक महंत जी को बुधवार दोपहर में सीने में दर्द होने के कारण पहले हैदरगढ़ ले जाया गया हैदरगढ़ में रेफर करने के बाद सीधे लखनऊ के लारी हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उन्होंने रात में लगभग 10:00 बजे अंतिम सांस ली।

पुलिस की सक्रियता से नदी में कूदने जा रहे युवक की बची जान

सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

कहते हैं जाको राखे साइयां मार सके ना कोय यह कहावत बृहस्पतिवार को रायबरेली में उस समय सही साबित हुई जब एक युवक पत्नी से आए दिन हो रहे झगड़े से परेशान होकर गंगा नदी में कूद कर आत्महत्या करने जा रहा था तभी युवक को पुलिस ने पकड़ लिया जिससे युवक की जान बच गई जानकारी के अनुसार जिले के खीरो थाना क्षेत्र के निहस्था गांव का रहने वाला है निर्भय घर से नाराज होकर निकला और परिजनों से कहा कि अब दोबारा घर नहीं आएंगे इतना कहकर घर से निकल कर करीब 20 किलोमीटर दूर गेगासों गंगा घाट पर पहुंचने के पहले घर को फोन लगाया और कहा कि मैं गंगा नदी में कूद कर आत्महत्या करने जा रहा हूं इतना कहने के बाद फोन काट दिया परिजनों ने तत्काल पुलिस से संपर्क किया इसके बाद सरेनी कोतवाली की गेगासो पुलिस चौकी को सूचना दी गई पुलिस बिना देरी किए तत्काल गंगा घाट पर पहुंच गई तभी पुलिस को नीली टी शर्ट पहने एक युवक तेजी से गंगा नदी के किनारे की तरफ जाता दिखाई पड़ा। परिजनों के द्वारा बताई गई पहचान के मुताबिक पुलिस कर्मियों ने पहचान लिया और दौड़कर उसे गंगा नदी में कूद कर आत्महत्या करने से बचा लिया पुलिस की सक्रियता से आखिरकार इस युवक की जान बच गई ,निर्भय ने बताया कि उसकी पत्नी अक्सर मां और उससे झगड़ा करती रहती है जिससे तंग आकर वह आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो गया था।

तीन अभियुक्त गिरफ्तार, नकदी व अन्य चोरी का सामान बरामद

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी और अपराध पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत बलरामपुर पुलिस ने तीन अभियुक्तों को चोरी के मामले में गिरफ्तार किया। इन अभियुक्तों के पास से चोरी किए गए 16,900 रुपये, एक अदद मंगलसूत्र (पीली धातु का), और एक सीलिंग पंखा बरामद किया गया है। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार और क्षेत्राधिकारी नगर बृजनंदन राय के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में शनि पथरकट पुत्र बैठोले, निवासी काशीराम कॉलोनी, ग्राम धुसाह, थाना कोतवाली देहात, जनपद बलरामपुर, अभिषेक उर्फ विकास पथरकट पुत्र किशोरी, निवासी काशीराम कॉलोनी, ग्राम धुसाह, थाना कोतवाली देहात, जनपद बलरामपुर और अंकुश चौहान पुत्र संजय चौहान, निवासी नरकटिया, थाना कोतवाली देहात, जनपद बलरामपुर शामिल हैं। अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और उन्हें न्यायालय भेजा जा रहा है। बताते चलें कि 14-15 सितंबर 2024 की रात, थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में आनंदबाग स्थित गणपति ऑटोपार्ट्स में चोरी की घटना हुई थी।

विवेचना के दौरान यह पता चला कि अभियुक्त अभिषेक और शनि पथरकट रिश्तेदार हैं, जबकि अंकुश चौहान उनका मित्र है। अभियुक्त अंकुश ने ई-रिक्शा चलाते समय दुकानों की जानकारी प्राप्त की और उसी आधार पर इन तीनों ने चोरी की योजना बनाई।

अभियुक्तों ने चोरी किए गए पैसों का अधिकांश हिस्सा जुए में गंवा दिया और शेष राशि को आपस में बांटने की तैयारी कर रहे थे, जब उन्हें गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने चोरी हुए मंगलसूत्र और नकदी के साथ-साथ एक अन्य चोरी से संबंधित सीलिंग पंखा भी बरामद किया है। अभिषेक और शनि पथरकट के खिलाफ पूर्व में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चोरी, हथियार अधिनियम और गैंगेस्टर एक्ट शामिल हैं। इस गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने बलरामपुर में चोरी की कई घटनाओं पर अंकुश लगाने में सफलता प्राप्त की है।

एनडीपीएस एक्ट का वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली व क्षेत्राधिकारी महाराजगंज के कुशल पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी बछरावां के नेतृत्व में थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या 7 रायबरेली द्वारा निर्गत वाद संख्या 887/ 2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित वारंटी सुमेर पुत्र महादेव पासी उम्र 32 वर्ष निवासी रामपुर सुदौली थाना बछरावां को ग्राम रामपुर सुदौली से नियमानुसार गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुमन कुमार कुशवाहा, कांस्टेबल शिवचरण पाल मौजूद रहे।

बेटियों व महिलाओं को सम्मान के प्रति किया जागरूक

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

मिशन शक्ति अभियान के चौथे चरण के अंतर्गत जिले भर में महिलाओं और बालिकाओं को नारी सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान के प्रति जागरूक किया गया।

इस अभियान के तहत एंटी रोमियो स्क्वाड दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी, और नारी सुरक्षा दल ने प्रमुख चौराहों, गांवों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाई और महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनों और योजनाओं की जानकारी दी। इस जागरूकता अभियान में महिलाओं और छात्राओं को आत्मरक्षा और सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में बताया गया। साथ ही, हेल्पलाइन नंबर जैसे वीमेन पावर लाइन (1090), महिला हेल्पलाइन (181), चिकित्सीय सहायता के लिए (108), पुलिस कंट्रोल नंबर (112), और चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। अभियान के दौरान महिलाओं को साइबर अपराधों जैसे ओटीपी शेयरिंग, लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मार्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, और बैंकिंग फ्रॉड जैसी घटनाओं से बचने के तरीके भी समझाए गए।

टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा शुरु

उतरौला,बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षाओं की शुरुआत 19 सितंबर 2024 को हुई। पहले दिन अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कुल 800 छात्रों ने भाग लिया।परीक्षा के दौरान स्कूल प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं ताकि छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। परीक्षा कक्षों में अनुशासन बनाए रखने के लिए शिक्षकों की विशेष निगरानी रही। प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने कहा कि परीक्षाएं छात्रों के ज्ञान और उनकी पढ़ाई की प्रगति को मापने का महत्वपूर्ण साधन होती हैं। हमें खुशी है कि पहले दिन की परीक्षा शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुई। हम उम्मीद करते हैं कि आगामी दिनों में भी परीक्षाएं इसी तरह सफलतापूर्वक संपन्न होंगी। विद्यालय प्रशासन ने परीक्षा केंद्र पर सभी सुरक्षा और सावधानियों का भी पालन किया, जिससे छात्रों को एक सुरक्षित और अनुकूल माहौल मिल सके।

मनुवागढ़ से सादुल्लानगर-मनकापुर मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली सड़क जर्जर

सादुल्लानगर/ बलरामपुर। मनुवा गढ़ से सादुल्लानगर -मनकापुर मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली सड़क धंसकर उजड़ कर जर्जर अवस्था में है। विकासखंड रेहरा बाजार के ग्राम पंचायत मनुवा गढ़ के गुलजार नगर से प्राथमिक विद्यालय मनवागढ़ व उच्च प्राथमिक विद्यालय जिगनी होकर सादुल्ला नगर मनकापुर मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली सड़क धंस उजड़ कर जर्जर अवस्था में है। गब्बर, जावेद ,दिनेश ने बताया कि यह सड़क 2 साल से उजड़ी है। सड़क पर छोटे-बड़े गड्ढे ही गड्ढे हैं। बड़े-बड़े बोल्डर बिखरे पड़े हैं। इस रास्ते से होकर बच्चे उच्च प्राथमिक विद्यालय जिगनी व प्राथमिक विद्यालय मनुवागढ़ पढ़ने आते हैं बोल्डर व गड्ढों में फंसकर बच्चे अक्सर दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल हो जाते हैं। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से सड़क के मरम्मत की मांग की है।

148 महिलाओं को मिला आवास का तोहफा

- सरकार गरीबों और कमजोरों के लिए बिना भेदभाव के कर रही है काम: ब्लॉक प्रमुख

सादुल्लानगर /बलरामपुर समृद्धि न्यूज।

पीएम आवास ग्रामीण योजना के तहत अल्पसंख्यक समुदाय की 55 महिलाओं को आवास स्वीकृत पत्र व 93 महिलाओं का आवास की सांकेतिक चाबी सौंपी गई। विकासखंड रेहरा बाजार परिसर में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। जिसमें ब्लाक प्रमुख पंकज सिंह चौहान और वीडियो रजनीश कुमार शुक्ला ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह चौहान ने कहा केंद्र और प्रदेश सरकार गरीबों और कमजोरों के लिए बिना भेदभाव के काम कर रही है। पीएम मोदी व मुख्यमंत्री की योजना है। कि कोई भी जरूरतमंद आवास से वंचित न रहे।

वीडियो रजनीश कुमार शुक्ला ने बताया कि विकासखंड के 55 अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को आवास स्वीकृत पत्र दिए गए और 93 लाभार्थियों का आवास बनकर तैयार हो गया है। बताया कि प्रधानमंत्री उड़ीसा से आवास का पैसा क्लिक करेंगे।

जो लाभार्थियों के बैंक खाते में आएगा। इस अवसर पर एडीओ पंचायत इरफानुल्लाह खान, आईएसबी प्रदीप, रामकरन मिश्रा, भारत नरेश सिंह सहित ग्राम प्रधान व सचिव मौजूद रहे।

सूचना

आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राम बहादुर सिंह पुत्र बासुदेव सिंह निवासी गौतमन खेरा पोस्ट हथनाशा तहसील लालगंज जिला रायबरेली जिन्होंने अपने पुत्र अनूप कुमार सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह को प्लाट गिफ्ट डीड किया है जिसका गाटा नंबर 105 और क्षेत्रफल 218.75 वर्ग मीटर है। जिसकी चौहद्दी पूरब खेत दिनेश प्रताप सिंह पश्चिम हंसना पुर ऊगा खेरा चैकमैनिया लिंक मार्ग उत्तर हाउस ब्रजेश सिंह दक्षिण खेत शीतला बक्स सिंह हसनापुर स्थिति प्लॉट तहसील लालगंज रायबरेली है उपरोक्त भूखंड को आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा रायबरेली द्वारा बंधक किया जा रहा है यदि किसी अन्य व्यक्ति या किसी वित्तीय संस्था या बैंक को या सह खातेदार को उपरोक्त भूखंड के क्रय विक्रय या बंधक किए जाने में कोई आपत्ति हो तो इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के अंदर कंपनी के अधिवक्ता को लिखित रूप से संबंधित दस्तावेजों के साथ आपत्ति दर्ज करा सकता है उपरोक्त समयावधि के बाद कोई भी दावा विचार योग्य नहीं माना जायेगा।

आपत्ति हेतु संपर्क करें
संजीव कुमार शुक्ला
पता- सेकेंड फ्लोर एन एन कॉप्लेक्स एबोव केनरा बैंक सुपर मार्केट रायबरेली
मो. - 9415190904

प्रवासियों के अनियंत्रित आगमन पर लगे रोक

हिमाचल की आबोहवा एवं प्राकृतिक नजारे सेहत एवं स्वास्थ्य को सुकून प्रदान करते हैं और बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैलानी यहां आकर आनंदित होते हैं। लेकिन देवी-देवताओं की निवास स्थली देवभूमि हिमाचल इधर बीते 40 सालों से भारत के अन्य राज्यों से आकर काम-धंधों के लिए प्रवास कर रहे प्रवासियों, मुस्लिम समुदाय की बढ़ती आबादी, रेहड़ी-फड़ी वालों, फेरी वालों, नकली बाबाओं, सोना चमकाने वालों, पॉवर ऑफ अटॉर्नी से जमीनें लेकर स्थायी निवासी के रूप में रह रहे प्रवासियों के कारण स्थानीय हिमाचलियों के लिए संकट का सबब बनती जा रही है और इस वजह से न केवल यहां की डेमोग्राफी अर्थात जनसांख्यिकी में बदलाव आ चुका है, बल्कि यहां की संस्कृति और देव परम्परा के लिए कई तरह की समस्याएं स्थानीय हिमाचली लोगों के समक्ष उभरकर सामने आना शुरू हो चुकी हैं और जिसके कारण आने वाले समय में संघर्ष की परिस्थितियां निर्मित होना तय है। दूसरे, हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियां अब ज्यादा आबादी का बोझ उठाने और बढ़ती प्रवासियों की भीड़ को समायोजित करने में भी असमर्थ हैं।

हाल ही में पालमपुर के भवारना में रह रहे बाहरी राज्य के मुस्लिम समुदाय के एक व्यक्ति के नाम पर एक जमीन की रजिस्ट्री होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि यह रजिस्ट्री फर्जी कृषि प्रमाणपत्र के आधार पर हुई है। मामला सामने आते ही एसडीएम पालमपुर ने इस मामले की जांच करवाने की बात कही है। इसी तरह दूसरा मसला हिमाचल प्रदेश में शिमला के संजौली और मंडी शहर में अवैध मस्जिद निर्माण को लेकर गरमाया हुआ है, जिसको लेकर कुछ हिंदू संगठनों ने 11 और 13 सितंबर को शिमला और मंडी शहरों में बड़ा प्रदर्शन किया। हिमाचल प्रदेश में अब मुस्लिम कट्टरपंथी बढ़ते जा रहे हैं, रोहिंग्याओं का मसला अलग है। एक सूचना के अनुसार हिमाचल में मस्जिदों की संख्या 500 से ज्यादा हो चुकी है, जबकि राज्य सरकार के पास इनका सरकारी आंकड़ा 393 का है। आज की तारीख में हिमाचल प्रदेश में बाहरी राज्यों के प्रवासियों की संख्या लाखों में पहुंच चुकी है। हिमाचल का कोई भी गांव/कस्बा ऐसा नहीं बचा है जहां स्थानीय लोगों से ज्यादा संख्या बाहर से आए लोगों की न हो। गृह निर्माण के अतिरिक्त इन्होंने अब दूसरे काम-धंधों में भी हाथ आजमाना शुरू कर दिए हैं जिससे स्थानीय युवाओं के समक्ष स्वरोजगार का संकट गहराने लगा है और कई जगहों से इन प्रवासियों की स्थानीय लोगों के साथ झड़पों एवं मारपीट की खबरें भी सोशल मीडिया में पढ़ने-देखने को मिलती रहती हैं। इन हालात में सबसे चिंताजनक बात यह है कि प्रदेश के पुलिस थानों में इन प्रवासियों का सही तरीके से पंजीकरण नहीं किया जा रहा है।

श्रद्धा की अभिव्यक्ति श्राद्ध

हृदयनारायण दीक्षित

श्रद्धा कर्म परम्परा पुरानी है और पुनर्जन्म पर विश्वास भी प्राचीन है। ऋग्वेद में पुनर्जन्म की चर्चा है लेकिन संतानों द्वारा प्रेषित भोजन पितरों को मिलने की धारणा में पुनर्जन्म सिद्धांत का मेल नहीं है। पहले बात साफ थी कि मृतात्माएं श्राद्धकर्म का भोजन पाती हैं। पुनर्जन्म सिद्धांत के कारण आत्मा के नए शरीर धारण की बात आई। आर्य समाज श्राद्धकर्म के पक्ष में नहीं है। बेशक उसने वैदिक दर्शन को प्रतिष्ठा दी। उसके सामने ऋग्वेद में पितरों के उल्लेख की समस्या थी। आर्य समाज ने ऋग्वैदिक पितरों को मृत नहीं माना। उन्हें जीवित वानप्रस्थी बताया। समस्या शतपथ ब्राह्मण के रचनाकार के सामने भी थी। यहां मंत्र है यह भोजन पिता जी आपके लिए है याज्ञवल्क्य की व्यवस्था है वसु, रूद्र और आदित्य हमारे पितर हैं। वे श्राद्ध के देवता हैं। पितरों का ध्यान वसु रूद्र और आदित्य के रूप में ही करना चाहिए।

श्रद्धा भाव है और श्राद्ध कर्मकाण्ड। श्रद्धा मन का प्रसाद है। प्रसाद आंतरिक आनंद देता है। पतंजलि ने श्रद्धा को चित्त की स्थिरिता या अक्षोभ से जोड़ा है। श्रद्धा की दशा में क्षोभ नहीं होता। श्रद्धा की अभिव्यक्ति श्राद्ध है। भारतीय विद्वानों ने श्रद्धा भाव को श्राद्ध कर्म बनाया। पिता, पितामह और प्रपितामह के लिए अन्न, भोजन, जल आदि के अर्पण तर्पण का कर्मकाण्ड बनाया। श्रद्धा है कि अर्पित किया गया भोजन पितरों को मिलता है। वे प्रसन्न होते हैं और सन्तति को सभी सुख साधन देते हैं।

हम भारतवासी वरिष्ठों, पूर्वजों के प्रति श्रद्धालु रहते हैं। संप्रति पितर पक्ष है। इस समय को पितरों के प्रति श्राद्ध के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। लोक मान्यता है कि इस पक्ष में पूर्वज पितर आकाश लोक आदि से उतर कर धरती पर आते हैं। हम पूरे वर्ष तमाम गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं। इसी में 15 दिन पितरों के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के हैं। वैदिक निरूक्त में श्रत और श्रद्धा को सत्य बताया गया है। पितरों का आदर मानवीय गुण है। हम पितृपंक्ति का विस्तार हैं। वे थे, इसलिए हम हैं। उन्होंने पालन-पोषण दिया, स्वयं की महत्वाकांक्षाएं छोड़ी। उन्होंने हमारी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए तमाम कर्म किए। वे नमस्कारों के योग्य हैं। वे श्रद्धेय हैं। कुछ विद्वान कहते हैं कि ऐसे कर्मकाण्ड वैज्ञानिक दृष्टिकोण की संगति में नहीं आते। वे अंधविश्वास जान पड़ते हैं लेकिन कर्मकाण्ड निराधार नहीं होते। सभ्य समाज में पितरों का आदर होना ही चाहिए। श्राद्धकर्म की वैज्ञानिकता की बहस पुरानी है। मत्स्य पुराण (19.2) में प्रश्न है कि श्राद्ध का भोजन पुरोहित या अग्नि को अर्पित होता है, क्या वह मृत पूर्वजों द्वारा खाया जाता है? जो मृत्यु के बाद अन्य शरीर धारण कर चुके होते हैं? इस प्रश्न का उत्तर भी दिया गया है, पिता, पितामह और प्रपितामह को वैदिक मंत्रों में क्रमशः वसु, रूद्र और आदित्य देव के समान माना गया है।

वे नाम परिचय सहित उच्चारण किए गए मंत्रों आहुतियों को पितरों के पास ले जाते हैं। यदि पितर सत्कर्म के कारण देवता हो गए हैं तो वह भोजन आनंद रूप में उनके पास पहुंचता है, यदि पशु हो गए हैं तो भोजन घास हो जाता है यदि सर्प जैसे रेंगने वाली योनि में हैं तो यह भोजन वायु आदि के रूप में उन्हें मिलता है।

मत्स्य पुराण के प्रश्न तत्कालीन समाज के जिज्ञासुओं के तर्क हैं। प्रश्नों के उत्तर श्राद्ध समर्थकों के स्पष्टीकरण हो सकते हैं। श्रद्धा कर्म परम्परा पुरानी है और पुनर्जन्म पर विश्वास भी प्राचीन है। ऋग्वेद में पुनर्जन्म की चर्चा है लेकिन संतानों द्वारा प्रेषित भोजन पितरों को मिलने की धारणा में पुनर्जन्म सिद्धांत का मेल नहीं है। पहले बात साफ थी कि मृतात्माएं श्राद्धकर्म का भोजन पाती हैं। पुनर्जन्म सिद्धांत के कारण आत्मा के नए शरीर धारण की बात आई। आर्य समाज श्राद्धकर्म के पक्ष में नहीं है। बेशक उसने वैदिक दर्शन को प्रतिष्ठा दी। उसके सामने ऋग्वेद में पितरों के उल्लेख की समस्या थी। आर्य समाज ने ऋग्वैदिक पितरों को मृत नहीं माना। उन्हें जीवित वानप्रस्थी बताया। समस्या शतपथ ब्राह्मण के रचनाकार के सामने भी थी। यहां मंत्र है यह भोजन पिता जी आपके लिए है याज्ञवल्क्य की व्यवस्था है वसु, रूद्र और आदित्य हमारे पितर हैं। वे श्राद्ध के देवता हैं। पितरों का ध्यान वसु रूद्र और आदित्य के रूप में ही करना चाहिए। वृहदारण्यक उपनिषद् में याज्ञवल्क्य ने शाकल्य को रूद्र और वसु का वास्तविक अर्थ समझाया है। यहां पृथ्वी, आकाश आदि वसु हैं। प्राण, इन्द्रियां मन आदि रूद्र हैं। आदित्य प्रकाश हैं। पितर श्रद्धा यहां प्रकृति की शक्तियों के प्रति समर्पित दिखाई पड़ती है। ऋग्वेद के दसवें मण्डल (सूक्त 14) में मृत पितरों पर रोचक विवरण है। कहते हैं ÷यम (नियम) व्यवस्था को कोई बदल नहीं सकता। जिस मार्ग से हमारे पूर्वज गये हैं, उसी मार्ग से सभी मनुष्य जायेंगे। अन्ततः सबको यम के पास जाना ही पड़ता है। मृत पिता से कहते हैं जिस पुरातन मार्ग से पूर्वज पितर गये हैं, आप भी उसी से गमन करें। फिर यज्ञ कर्म की चर्चा है। यम से प्रार्थना है कि ÷आप अंगिरा आदि पितरजनों सहित हमारे यज्ञ में आएं। आगे (सूक्त 15) पितरों को नमस्कार निवेदन करते हैं, ÷जो पितामह आदि पितर पूर्वज या उसके बाद मृत्यु को प्राप्त पितर हैं, या जो फिर से उत्पन्न हो गए हैं। उन सबको नमस्कार है। इदं पितृभ्यो नमः अस्त्वद्य ये पूर्वासो या उपरास ईयुः। फिर कहते हैं, हे पितरों! हमारे आवाहन पर आप आएं। यज्ञशाला में दक्षिण की ओर कुश में बैठें।÷ पूर्वजों पितरों का सम्मान और मृत होने के बावजूद उन्हें स्मरण करना आनंददायी है। उप्र में विवाह के एक दिन पूर्व महिलाएं लोक गीत गायन करती हैं, गीत में मृत पितरों को निमंत्रण है कि आप सब इस विवाह में आओ। बरात चलो। विवाह में आशीष दो। शास्त्र पुराना है या लोक? कह नहीं सकता। पितरों को निमंत्रण देने वाला लोकगीत पुराना है या ऋग्वेद के पितर सम्बंधी मंत्र? सच क्या है? मैं नहीं जानता पर मृत पितरों को जीवंत जानना स्मरण करना आह्लादकारी है।

कर्मकाण्ड में भी इच्छा या अनिच्छापूर्वक रमते हुए सत्य की जिज्ञासा संभव है। कर्मकाण्ड सचेत भी हो सकते हैं और अचेत भी। दोनों ही स्थिति में अनायास कुछ नया घटित हो सकता है। मृत पितर मृत ही हैं। भारतीय चिन्तन में सूक्ष्म शरीर का अस्तित्व भी जाना गया है। सूक्ष्म शरीर पर भी प्रश्न उठाए जा सकते हैं। भोजन अर्पण शुद्ध श्रद्धा है। उन्हें मिलता है कि नहीं? ऐसे प्रश्न महत्वपूर्ण होकर भी श्रद्धा के सामने छोटे हैं। हम स्वाभाविक ही पूर्वजों की निन्दा में क्रोध करते हैं। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने इसी विषय पर सुंदर उदाहरण सुनाया था। कथा के अनुसार एक श्रद्धालु पितृ श्राद्ध कर रहे थे। तार्किक ने पूछा कि क्या यह भोजन उन्हें ही मिलेगा? श्रद्धालु ने प्रश्नकर्ता के पिता को गाली दी। प्रश्नकर्ता गुस्से में आ गया। श्रद्धालु ने कहा कि आप बेकार गुस्से में हैं। आपके पिता तक यह गाली तो पहुंची ही नहीं। वे मृत हैं इसलिए गाली उन्हें मिल भी नहीं सकती। प्रश्नकर्ता निरूत्तर थे। श्राद्ध श्रद्धा की ही अभिव्यक्ति है। श्रद्धा के कारण ही पत्थर में भी शिव दर्शन की संभावनाएं हैं।

श्रद्धा प्रगाढ़ भाव है। यह अंधविश्वास नहीं है। इसकी अपनी उपयोगिता है। श्रद्धालु विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य नहीं खोते। ऋग्वेद में श्रद्धा को देवता कहा गया है। वरिष्ठजनों के प्रति आदरभाव श्रेष्ठ सामाजिक संगठन की आधारशिला है। वरिष्ठ और पूर्वज हमसे पहले से इस संसार में हैं। उनके अनुभव प्रगाढ़ हैं। माथापच्ची बेकार है कि वे भोजन या सम्मान चाहते हैं कि नहीं चाहते। मूल बात यही है कि हम उन्हें सम्मान और श्रद्धा भाव देकर स्वयं का आत्मबल बढ़ाते हैं और सामाजिक कर्तव्य का निर्वहन करते हैं।

विचार

कांग्रेस की भयंकर भूलों को मोदी के सिर मढ़ने में जुटे राहुल

विकास सक्सेना

बोफोर्स तोप की खरीद में हुए घोटाले के आरोपों के कारण ही उनके पिता राजीव गांधी को सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। इतना ही नहीं उनके पिता के नाना और देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय में हुए जीप खरीद घोटाले को लेकर आज तक उनकी आलोचना की जाती है। इसके अलावा अगस्ता वेस्टलैण्ड हेलीकॉप्टर खरीद के मामले में खुद राहुल गांधी के परिवार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव 2019 में देश की जनता ने राफेल खरीद में घोटाले के आरोपों पर कोई खास ध्यान नहीं दिया और एक बार फिर नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहले की अपेक्षा मजबूत सरकार बन गई। लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा को पिछले चुनाव से ज्यादा बड़ी सफलता मिलने और एक बार फिर अपना नेता प्रतिपक्ष बनाने लायक लोकसभा सीटें जीतने में नाकाम कांग्रेस के नेता भारी निराशा में डूब गए(

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपनी अमरीका यात्रा के दौरान सिखों के साथ धार्मिक भेदभाव के निराधार आरोप लगाए हैं। इस तरह के बयान अलगाववाद को हवा देकर देश की एकता व अखण्डता के लिए घातक साबित हो सकते हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि तमाम प्रयासों के बावजूद आम मतदाताओं को लुभा पाने में नाकाम राहुल गांधी ने विभाजनकारी एजेण्डे पर आगे बढ़ने का मन बना लिया है। इतना ही नहीं, कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों ने अनेक जघन्य आपराधिक भूलें की हैं। इन पर सवाल पूछे जाने पर कांग्रेस नेताओं के पास कोई तार्किक जवाब नहीं होता है। इसलिए इन सवालों के जवाब में राहुल गांधी ने कुछ वैसे ही आरोप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार पर मढ़ना शुरू कर दिए ताकि भाजपा को कांग्रेस के जैसा साबित किया जा सके। अमरीका यात्रा के दौरान उनकी सिखों को पगड़ी पहनने पर रोक जैसी अनर्गल बातें इसी श्रृंखला की कड़ी नजर आती है। लोकसभा चुनाव 2014 में नरेन्द्र मोदी और दूसरे भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर तीखे हमले किए थे। भ्रष्टाचार, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और शांतिपूर्ण आंदोलनों को तानाशाही पूर्वक कुचलने के गंभीर आरोपों से घिरी कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों का बचाव कर पाने में पार्टी नेताओं को भारी मुश्किल हो रही थी। ऐसे में देश की जनता ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को मजबूत विकल्प मानते हुए भारी बहुमत से विजयी बनाया। इन चुनावों में कांग्रेस अपना नेता प्रतिपक्ष बनाने लायक भी सीटें नहीं जीत सकी। लेकिन कांग्रेसियों को भरोसा था कि पांच साल बाद सत्ता विरोधी लहर के प्रभाव में देश की जनता का नरेन्द्र मोदी और भाजपा से मोहभंग हो जाएगा और वे कांग्रेस को देश की सत्ता सौंप देंगे।

प्रधानमंत्री मोदी के विरोध में मानस तैयार करने के लिए राहुल गांधी ने चौकीदार चोर है- का अपमानजनक नारा गढ़ा था। उन्होंने राफेल सौदे में अधिक कीमत में विमान खरीदने और पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के गंभीर आरोप नरेन्द्र मोदी पर लगाए थे। राहुल गांधी को पता है कि रक्षा खरीद में घोटाले को देश की जनता स्वीकार नहीं करती है। बोफोर्स तोप की खरीद में हुए घोटाले के आरोपों के कारण ही उनके पिता राजीव गांधी को सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। इतना ही नहीं उनके पिता के नाना और देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय में हुए जीप खरीद घोटाले को लेकर आज तक उनकी आलोचना की जाती है। इसके अलावा अगस्ता वेस्टलैण्ड हेलीकॉप्टर खरीद के मामले में खुद राहुल गांधी के परिवार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव 2019 में देश की जनता ने राफेल खरीद में घोटाले के आरोपों पर कोई खास ध्यान नहीं दिया और एक बार फिर नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहले की अपेक्षा मजबूत सरकार बन गई। लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा को पिछले चुनाव से ज्यादा बड़ी सफलता मिलने और एक बार फिर अपना नेता प्रतिपक्ष बनाने लायक लोकसभा सीटें जीतने में नाकाम कांग्रेस के नेता भारी निराशा में डूब गए। इन चुनावों में मिली हार के बाद राहुल गांधी ने मोदी पर फिर से पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के आरोप लगाए। इसके अलावा उन्होंने अडाणी को लाभ पहुंचाने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम का निवेश उनकी कम्पनियों में कराने का आरोप भी लगाया। ये आरोप नेहरू सरकार में हुए मूंदड़ा घोटाले जैसे ही थे। इस मामले को राहुल गांधी के दादा फिरोज गांधी ने अपने ससुर पंडित नेहरू की सरकार के विरोध में तीखे तरीके से उठाया था। उद्योगपति माधव प्रसाद बिड़ला के करीबी रिश्तेदार हरिदास मूदड़ा ने तत्कालीन केंद्रीय मंत्री और अधिकारियों को प्रभाव में लेकर छह कम्पनियों के एक करोड़ 26 लाख रूपये से अधिक के शेयर एलआईसी को बेच दिए थे लेकिन ये शेयर पहले ही कहीं और गिरवी रखे हुए थे। ये घोटाला इसलिए संभव हो सका क्योंकि उस समय शेयरों का लेनदेन ऑनलाइन न होकर भौतिक होता था। इस मामले में हरिदास मूंदड़ा को 22 साल कैद की सजा हुई और तत्कालीन वित मंत्री टीटी कृष्णामाचारी, वित सचिव एचएम पटेल और एलआईसी के चेयरमैन जीआर कामथ को अपने पद से हटना पड़ा। एलआईसी में आम लोगों का निवेश होता है और अगर एलआईसी को आर्थिक क्षति पहुंचती है तो इसका सीधे तौर पर देश की गरीब जनता को नुकसान उठाना पड़ेगा इसीलिए राहुल गांधी ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अडाणी की कम्पनी में एलआईसी के निवेश का मुद्दा काफी जोर शोर से उठाया।

देश की सीमाओं की सुरक्षा हर नागरिक के लिए अत्यंत संवेदनशील विषय है। हमारी जमीन पर कोई दूसरा देश कब्जा कर ले इसे कोई भी राष्ट्रभक्त स्वीकार नहीं कर सकता। लेकिन आजादी के तुरन्त बाद प्रधानमंत्री नेहरू के कार्यकाल में पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर और लद्दाख के एक बहुत बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया जबकि हमारे देश की सेनाएं उससे अधिक ताकतबर और मजबूत स्थिति में थीं। इसी तरह चीन ने भी पंडित नेहरू के समय में ही हमारे 38हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था।

सुप्रीम कोर्ट में ड्रेस कोड चाहिए पर स्कूल में ....!

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में देशभर के वकीलों के लिए गर्मी के मौसम में ड्रेस कोड में ढील देने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में सुझाव दिया गया था कि वकील गर्मी के कारण पारंपरिक गाउन पहनने में असुविधा महसूस कर रहे हैं, किंतु सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने जब इस याचिका को सुना तब साफ कह दिया कि पेशेवर शिष्टाचार बनाए रखना आवश्यक है। अलग-अलग स्थानों पर जलवायु के अनुसार वकीलों को पेशेवर रूप से व्यवहार करना चाहिए। वकील कुर्ता-पायजामा या शॉर्ट्स-टी-शर्ट पहन कर बहस नहीं कर सकते। वकीलों को यह समझना चाहिए कि उनकी वेशभूषा उनके पेशेवर आचरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका मतलब यह है कि अदालतें वकीलों के लिए निश्चित स्तर की पेशेवरता की अपेक्षा करती हैं, जिससे अदालत की गरिमा बनी रहे।

आप कह सकते हैं कि सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय स्पष्ट करता है कि वकीलों के लिए पेशेवरता और गरिमा का पालन आवश्यक है। यह न केवल उनके व्यक्तिगत चित्रण को दर्शाता है, बल्कि यह अदालत की छवि और उसकी गंभीरता को भी बनाए रखता है। अब उच्चतम न्यायालय के आए इस निर्णय की तुलना कोर्ट के पिछले माह दिए गए निर्णय से करते हैं, बात वहां भी ड्रेस कोड की ही थी, किंतु यही माननीय सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के निर्णय ने जैसे एक समाज को ही कटघरे में खड़ा कर दिया था। कहना होगा कि नौ अगस्?त को आए एक निर्णय में आज फिर से एक बार उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर विचार करने के लिए विवश कर दिया है। पूरी कहानी कुछ यूं है कि मुंबई के एन. जी. आचार्य और डी. के. मराठे कॉलेज ने कैंपस में हिजाब, नकाब, बुर्का, स्टोल और टोपी पहनने पर बैन लगाया था। इस निर्णय के विरोध में नौ लड़कियां बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंची। हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने पर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम आदेश में कॉलेज सर्कुलर लागू करने पर 18 नवंबर तक रोक लगा दी। यहां जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ का कहना रहा, %स्टूडेंट्स को क्या पहनना या क्या नहीं पहनना है, यह वही तय करेंगे। एजुकेशनल इंस्टीट्यूट स्टूडेंट्स पर अपनी पसंद नहीं थोप सकते। पीठ ने मुस्लिम छात्रों के लिए 'ड्रेस कोड' को लेकर जन्में नए विवाद के केंद्र में आए कॉलेज प्रशासन से कहा, ''छात्राओं को यह चयन करने की आजादी होनी चाहिए कि वे क्या पहनें और कॉलेज उन पर दबाव नहीं डाल सकताज यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आपको अचानक पता चलता है कि देश में कई धर्म हैं। अगर कॉलेज का इरादा छात्राओं की धार्मिक आस्था के प्रदर्शन पर रोक लगाना था, तो उसने 'तिलक' और 'बिंदी' पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया? अब जरा उस सर्कुलर को भी देख लेते हैं, जो कॉलेज की ओर से जारी किया गया था, वस्तुत- इसमें तीन बिन्दुओं में बात रखी गई है- ''एक - छात्रों को परिसर में औपचारिक और सभ्य पोशाक पहननी चाहिए। वे हाफ शर्ट या फुल शर्ट और ट्राउजर पहन सकते हैं। लड़कियां कोई भी भारतीय या पश्चिमी पोशाक पहन सकती हैं। छात्रों को ऐसा कोई भी परिधान नहीं पहनना चाहिए जो धर्म या सांस्कृतिक असमानता को दर्शाता हो। नकाब, हिजाब, बुर्का, स्टोल, टोपी, बैज आदि को ग्राउंड फ्लोर पर कॉमन रूम में जाकर उतारना होगा और उसके बाद ही वे पूरे कॉलेज परिसर में घूम सकते हैं। जींस, टी-शर्ट, रिवीलिंग ड्रेस और जर्सी की अनुमति नहीं है। दो- अपने व्याख्यान / प्रैक्टिकल के लिए समय से पहले पहुंचें। तीन- 75 प्रतिशतउपस्थिति अनिवार्य है। शिक्षा में अनुशासन सफलता की कुंजी है। यहां गहराई से देखने पर कहीं प्रतीत नहीं हो रहा है कि एक विशेष समुदाय को टार्गेट करके यह आदेश महाविद्यालयों ने निकाला था। हालांकि हम मानकर चलते हैं कि जिस 'बिंदी' का न्यायालय हवाला दे रहा था, उसके बारे में न्यायालय को भलीभांति पता ही होगा कि सिर्फ हिन्दू युवतियां ही 'बिंदी' नहीं लगातीं, उसे तो अन्य तमाम मत, पंथों, रिलीजन, मजहब को माननेवाली महिलाएं भी लगाती हैं। यानी बिंदी की सार्वजनिक स्वीकृति है।

राशिफल

मेष:- प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

वृषभ:- किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

मिथुन:- नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

कर्क:- काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

सिंह:- अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें।

कन्या:- कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

तुला:- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

वृश्चिक:- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

धनु:- संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

मकर:- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

कुंभ:- कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

मीन:- थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

इलेक्ट्रोनिक वॉरफेयर: भविष्य के गंभीर खतरे का संकेत

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

लेबनान में एक साथ हजारों की संख्या में पेजरों में विस्फोट को लेकर आशंकाओं का बाजार गर्म है। यह एक तरह का साइबर अटैक कहा जा सकता है पर अभी आरंभिक स्थिति है ऐसे में कयास लगाये जा रहे हैं कि या तो डिवाइस को हैक करके यह कार्रवाई की गई है या फिर पेजर जहां से खरीदे गए हैं वहां से ही इसमें कोई विस्फोटक प्लांट किया गया है। जिसका परिणाम मौत और हताहतों के रूप में सामने आ रहा है। करीब एक दर्जन से अधिक की मौत की शुरुआती जानकारी के साथ 3 हजार से अधिक लोगों के घायल होने के समाचार है। ईरानी राजदूत सहित करीब 500 लोगों को आंख गवानी पड़ी है। जानकारों के अनुसार एक तरह से इसे इलेक्ट्रोनिक वॉरफायर भी कहा जा सकता है। हालांकि इस घटना के लिए इजरायल पर निशाना साधा जा रहा है, वहीं पेजर सप्लाई करने वाली ताइवान की कंपनी भी शक के दायरे में है। लगभग यही स्थिति वॉकी-टॉकी और सोलर सिस्टम के विस्फोट को लेकर है।

लेबनान की राजधानी बेरूत में एक दिन पहले पेजर और उसके बाद वॉकी-टॉकी व सोलर सिस्टम में विस्फोट से दर्जनों मौत और हजारों की संख्या में लोगों के घायल होने के बाद साफ हो गया है कि दुनिया के किसी भी कोने का कोई भी व्यक्ति अपने आपको सुरक्षित महसूस करता हो तो यह उसकी गलतफहमी है। दरअसल, लेबनान की घटना में विरोधियों से बदला लेने का नया हथियार सामने आ गया है। खतरा यह है कि दुश्मन से बदला लेने का साधन न होकर यह आतंक का नया हथियार भी हो सकता। दुनिया में आतंकवादी गतिविधियों को इससे बढ़ावा मिलेगा। इलेक्ट्रोनिक वॉरफेयर का यह नया अंदाज अपने आप में गंभीर और अत्यधिक चिंताजनक हो गया है। इसके दुरुपयोग की आशंकाएं बहुत अधिक हैं। कभी संवाद का माध्यम रहे पेजर का युद्ध के नए हथियार के रूप में सामने आना चिंताजनक होने के साथ भविष्य में नए तरीके के युद्ध का संकेत बनकर सामने आया है। लेबनान में हजारों पेजरों, वॉकी-टॉकी और सोलर सिस्टम में विस्फोट से यह साफ हो गया कि इलेक्ट्रोनिक डिवाइसों का उपयोग विनाश, आतंक फैलाने या इसी तरह की दूसरी गतिविधियों के लिए भी किया जा सकता है। लेबनान में एक साथ हजारों की संख्या में पेजरों में विस्फोट को लेकर आशंकाओं का बाजार गर्म है। यह एक तरह का साइबर अटैक कहा जा सकता है पर अभी आरंभिक स्थिति है ऐसे में कयास लगाये जा रहे हैं कि या तो डिवाइस को हैक करके यह कार्रवाई की गई है या फिर पेजर जहां से खरीदे गए हैं वहां से ही इसमें कोई विस्फोटक प्लांट किया गया है। जिसका परिणाम मौत और हताहतों के रूप में सामने आ रहा है। करीब एक दर्जन से अधिक की मौत की शुरुआती जानकारी के साथ 3 हजार से अधिक लोगों के घायल होने के समाचार है। ईरानी राजदूत सहित करीब 500 लोगों को आंख गवानी पड़ी है। जानकारों के अनुसार एक तरह से इसे इलेक्ट्रोनिक वॉरफायर भी कहा जा सकता है। हालांकि इस घटना के लिए इजरायल पर निशाना साधा जा रहा है, वहीं पेजर सप्लाई करने वाली ताइवान की कंपनी भी शक के दायरे में है। लगभग यही स्थिति वॉकी-टॉकी और सोलर सिस्टम के विस्फोट को लेकर है।

ईरान समर्थित संगठन हिज्बुल्लाह व हमास पहले ही इस तरह की घटना के प्रति सचेत था। उसे शक था कि सेलफोन के माध्यम से इस तरह की घटना के साथ ही हमास की गतिविधियों की जासूसी संभव है। ऐसे में हमास ने अपने प्रमुख समर्थकों को पेजर का उपयोग करने की ही सलाह दी दुई थी। पिछले दिनों ही ताइवान से 5000 पेजर मंगवाये गये थे। वॉकी-टॉकी भी लगभग पांच माह पहले खरीदे गये थे। यह कयास लगाया जा रहा है कि पेजर सप्लाई करने से पहले उसमें कोई इस तरह की चिप लगा दी गई थी जो एक निश्चित तापमान पर आते ही विस्फोट हो जाए। दूसरी ओर यह भी कयास है कि पेजर को हैक करके बैटरी का तापमान बढ़ा कर विस्फोट किया गया हो। लगभग यही कुछ वॉकी-टॉकी व सोलर सिस्टम को लेकर है। हालांकि ताईवान की पेजर निर्माता कंपनी के सू चिंग कुआंग ने पेजर में पहले से कोई विस्फोटक इंप्लांट होने की बात को सिरे से खारिज किया है। इलेक्ट्रोनिक वॉरफेयर की आशंकाओं को इससे समझा जा सकता है कि हिज्जबुलाह नेता हसन नसरुल्लाह ने सेलफोन के उपयोग ना करने के लिए अपने समर्थकों को सतर्क कर रख था। यही कारण था संगठन के बीच संवाद का माध्यम पेजर ही था। लेबनान के लोग अभी तक यह नहीं भूले हैं कि 6 मार्च, 1966 को हमास नेता याह्या अब्बास को फोन कॉल विस्फोट कर उड़ा दिया था। सवाल यह नहीं है कि इन विस्फोटों से कितने लोग मरे या हताहत हुए, सवाल यह भी नहीं है कि इसके लिए निर्माता कंपनियां दोषी है या हैक करने वाले, सवाल यह है कि आर्थिक उदारीकरण के दौरान दुनिया सिमट के रह गई है। अधिकांश जरूरत की चीजों में चिप का इस्तेमाल आम है। इलेक्ट्रोनिक्स और इलेक्ट्रिकल क्रांति के इस युग में देखा जाए तो फिर कुछ भी सुरक्षित नहीं है। पेजर, वॉकी-टॉकी या सोलर सिस्टम तो बहाना है। क्या गरीब और क्या अमीर सभी के पास एंड्रोइड मोबाइल व अन्य उत्पाद आम है। कंम्प्यूटर, टेबलेट्स, नोटबुक, लैपटॉप आदि का उपयोग आम है और इनको हैक किया जाना तो आसान है। पिछले दिनों जिस तरह से माइक्रोसॉफ्ट को चंद समय के लिए हैक कर दिया गया था या सोशल मीडिया साइट वाट्सएप आदि को हैक कर भले ही कुछ समय के लिए ही हो पर हैंकरों ने अपनी ताकत दिखा दी। हालात यह है कि अब तो लक्जरी गाड़ियों में डिवाइस का उपयोग होने लगा है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

दो पिस्टल व सात कारतूस संग तीन गिरफ्तार

छतरपुर रोड पर 100 पाम से पहले रेलवे ओवर ब्रिज के पास से किया गिरफ्तार

महोबा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में अवैध शस्त्रों के निर्माण एवं परिवहन पर प्रभावी रोक लगाये जाने के उद्धेश्य से अवैध शस्त्र धारक अपराधियों की सघन चेकिंग एवं गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान में गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक सुजीत कुमार जायसवाल, चौकी प्रभारी भटीपुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध तमंचा की रोकथाम हेतु चेकिंग अभियान के दौरान अवैध शस्त्र एवं कारतूस सहित अभियुक्त धीरू सेन पुत्र राजेश सेन उम्र करीब 24 वर्ष, लोकनाथ उर्फ अजय चतुर्वेदी पुत्र प्रीतम प्रसाद चतुर्वेदी उम्र करीब 25 वर्ष, घपला प्रजापति पुत्र कल्लू प्रजापति उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम मकबरई थाना कबरई को 2 अवैध पिस्टल एवं 7 अवैध जिन्दा कारतूस 32 बोर के साथ छतरपुर रोड पर 100 पाम से पहले रेलवे ओवर ब्रिज के से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान अभियुक्तों से हुई।

अवैध पिस्टल एवं जिन्दा कारतूस के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध कोतवाली नगर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया।

शिरडी साई बाबा स्कूल छात्रों को कला कौशल में कर रहा निपुण

पनवाड़ी, समृद्धि न्यूज।

विकास खण्ड में स्थित ग्राम निस्वारा में स्थापित शिरडी साई बाबा स्कूल निस्वारा में हर गुरुवार को छात्र छात्राएं साई मंदिर में जाकर भजन ज्ञान एवं ढोलक हारमोनियम पर संगीत सीखते हैं जिससे कला कौशल एवं सांस्कृतिक बढ़ावा मिलता है और स्टूडेंट्स में प्रतिभा निखार आता है।

जिससे स्टूडेंट्स किसी भी प्लेटफार्म पर बोल सके गायन कर सके और उसमें हिचकिचाहट न हो गौतलब हो कि शिरडी साई बाबा स्कूल एक ओर जहां निशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहा तो दूसरी तरफ़ स्टूडेंट्स को तहजीब एवम कला कौशल में भी निपुण किया जा रहा है अगर बात सुविधाओ की करे तो पनवाड़ी विकास खण्ड में किसी कान्वेंट स्कूल में नही है जो सुविधाएं साईंधाम के संस्थापक अध्यक्ष डॉ मोतीलाल गुप्ता साईंधाम में निशुल्क उपलब्ध करा रहे हैं अभिवावक रज्जू रायकयवर एवं श्याम सुंदर अग्रवाल व अवधेश तिवारी से जब जानना चाहा तो उन्होंने अवगत कराया कि यह स्कूल क्षेत्र के लिए वरदान साबित हो रहा है हमारे वच्चे अच्छी शिक्षा व संस्कार पा रहे हैं और हमे यह महसूस होता है कि हम अपने स्टूडेंट्स को बढ़िया कान्वेंट स्कूल में पढ़ा रहे हो स्टूडेंट्स की शिक्षा व उनमें अच्छे मेनर है।

जिसकी हमको खुशी मिलती है और साईंधाम की इस अनोखी पहल का स्वागत किया कि हर गुरुवार को संगीत क्लास भी दी जाने लगी और स्टूडेंट्स को बोलने एवम मंच पर जाने का हुनर भी सिखया जाने लगा उपरोक्त अवसर पर सभी अध्यापक वर्ग मौजूद रहे एवम छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे।

मां की डांट से नाराज युवती फांसी पर झूली

राठ,हमीरपुर। फोन पर बात करते समय युवती को मां द्वारा डांट देने पर युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जलालपुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जलालपुर थाने के बरहारा गांव निवासी देवी शरण कुशवाहा ने बताया कि बुधवार को उसकी छोटी बहन 18 वर्षीय अनीता कुशवाहा फोन पर किसी से बात कर रही थी। फोन पर बात करने पर मां संपत ने अनीता को डांट दिया।

मां के डांटने से नाराज अनीता ने कमरे में जाकर गमछे से फांसी लगा ली। स्वजनों न युवती को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। मृतका के भाई ने बताया कि उसके मां के नाम चार बीघा जमीन है। खेती व मजदूरी कर परिवार का गुजर बसर होता है।

खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन टीम ने मिठाई को किया नष्ट

महोबा, समृद्धि न्यूज।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने गुरुवार को पनवाडी बाजार का निरीक्षण किया गया।

टीम ने लगभग 15 खाद्य कारोबार प्रतिष्ठानो का निरीक्षण किया गया निरीक्षण में तम्बाकू मिश्रित पान सामग्री,गुटका पर विशेष ध्यान दिया गया। खाद्य कारोबार कर्ताओ को तम्बाकू मिश्रित पान सामग्री एवं गुटखा न विक्रय करने की चेतावनी दी गयी साथ ही मिठाई की दुकानो के निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थ को ढक्कर रखने व प्रतिष्ठान में साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया गया। मिठाई की दुकान मे रखे बूंदी के लडडू मे अधिक रंग होने के कारण लगभग 15 किग्रा लडडू, 8 किग्रा पुरानी बर्फी व अधिक रंग के कारण फिंगर चिप्स मौके पर ही नष्ट कराया गया और मिठाइयो मे अधिक मात्रा में रंग न प्रयोग करने की चेतावनी दी गयी है। निरीक्षण में आरएल कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, चन्द्रकान्त वाजपेयी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं जेपी तिवारी सहायक आयुक्त खाद्य सम्मलित रहे।

दाल मिल में काम करने के दौरान मजदूर को लगा करंट

महोबा। शहर कोतवाली इलाके के दाल मिल में काम करने के दौरान 26 वर्षीय मजदूर की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। युवा मजदूर के मोत की खबर मिलते ही मोके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही मोके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है ।महोबा के चरखारी कोतवाली क्षेत्र के सालट गांव में रहने वाला पंकज पाल दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। रोजाना कि तरह वह दाल मिल में काम करने के लिए गया हुआ था। तभी अचानक उसके मशीन पर हाथ रखते ही करंट लगने से मौत हो गई है। युवा मजदूर पंकज की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान कैंप आयोजित

जिला महामंत्री अंकुर शिवहरे सहित सभी पदाधिकारी ने प्रदर्शनी को देखा

महोबा, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा वीरभूमि डिग्री कॉलेज में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर एवं जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने किया।

इसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया सहित पार्टी जिला महामंत्री अंकुर शिवहरे सहित सभी पदाधिकारी ने प्रदर्शनी को देखा। जिला अस्पताल में सेवा पखवाड़ा के तहत युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप तिवारी के नेतृत्व में रक्तदान के लिए कैंप आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने किया युवा मोर्चा द्वारा 10 यूनिट रक्तदान किया जाएगा और 50 यूनिट रक्तदान के लिए सूची दी गई जिसमें जिला उपाध्यक्ष राम त्रिपाठी ,संगम द्विवेदी अनुपम शुक्ला अन्य युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा के जिला प्रवासी अतुल मोहन द्विवेदी, बेलाताल के ब्लॉक प्रमुख संदीप राजपूत, जिला पंचायत सदस्य मृत्युंजय , खरेला अध्यक्ष संतोष सिंह, भाजपा नेता भागीरथ नगायच , मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता ,मंडल उपाध्यक्ष पंकज गुप्ता , महामंत्री राजेश चौरसिया, पंकज तिवारी प्रदेश कार्य समिति सदस्य ,जिला उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा , शिव प्रताप परमार उपस्थित रहे।

तेज बहाव की चपेट में आकर नदी में समा गया था बालू डम्फर

एसडीएम ने चालकों को किया सचेत

पनवाड़ी, समृद्धि न्यूज।

वाहन चालकों को सचेत किया गया है कि वह नदी नाले पार करते हुए सावधानी बरतें। साथ ही निचले पुलों पर जल जमाव की स्थिति में जोखिम उठाने की गलती ना करें। गुरुवार सुबह तहसीलदार और स्थानीय लेखपाल की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद ने बुढ़ेरा गांव के नजदीक उस जगह का स्थलीय निरीक्षण किया गया जहां एक दिन पूर्व तेज बहाव की चपेट में आकर बालू डम्फर नदी में समा गया था। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से हादसे की विस्तृत जानकारी ली। बताया गया कि लोगों के लाख मना करने के बावजूद डंफर ड्राइवर ने मनमानी करते हुए उफनाती नदी को पार करने का जोखिम उठाया। ट्रक के अनियंत्रित होते ही जागरूक ग्रामीणों की तैराक टोली ने ड्राइवर और क्लीनर को सकुशल नदी से निकाल लिया, जिससे बड़ा हादसा होते होते बचा। घटनाक्रम के बाद क्लीनर ने ग्रामीणों को बताया कि उसे तैरना नहीं आता है। ऐसी स्थिति ने तेज बहाव वाली नदी को पार करना उसके लिए असंभव जैसा था।

एएसपी ने महिला बीट पुलिस अधिकारियों संग की बैठक

महोबा, समृद्धि न्यूज।

जनपद के सभी थानों में महिला बीट प्रणाली का सुदृढ़ीकरण किये जाने व महिला अपराध को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए निर्गत निर्देशों में गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला बीट प्रणाली के पुनर्गठन एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिये पुलिस लाइन अवस्थित सभा कक्ष में जनपद के थानों में नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसमें महिला बीट प्रणाली को सुदृढ़ीकरण किये जाने हेतु जनपद के थानों में नियुक्त महिला बीट पुलिस कर्मियों को उनकी बीट में नियमित भ्रमण एवं बीट भ्रमण के दौरान निर्दिष्ट कार्यों का समयबद्ध सम्पादन किए जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान महिला बीट पुलिस अधिकारी निरंतर अपने बीट क्षेत्र में भ्रमणकर ग्राम पंचायत भवन या ग्राम सचिवालय में महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याएं सुनेंगी। महिलाओं के लिए पुलिस द्वारा किए जा रहे कामों के प्रति जागरूक करेंगी। बताया कि इसका उद्देश्य सुदूर ग्रामीण अंचलों में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा एवं सुविधा के लिए कम्यूनिटी पुलिसिंग को और मजबूती प्रदान करना है। उल्लेखनीय है कि जनपद के समस्त थानों में महिला बीट पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है।

यह गांवों में रहने वाली प्रतिष्ठित महिलाओं के साथ जुड कर गांव में महिला एवं घरेलू हिसा के मामलों पर निगाह रखेंगी। इस दौरान जनपद के सभी थानों में नियुक्त महिला बीट उप निरीक्षक, महिला आरक्षी मौजूद रहीं।

दशलक्षण पर्व पर जैन समाज ने निकाली पालकी जी की यात्रा

महोबा, समृद्धि न्यूज।

जैन समाज द्वारा मुख्यालय के जैन मन्दिर से दशलक्षण पर्व के अवसर पर पालकी जी की यात्रा बड़े धूमधाम के साथ विभिन्न मार्गो से निकली गई समाज सेवी के साथ साथ शहर के सभ्रांत लोग बड़े उत्साह के साथ शामिल हुए । सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस प्रशासन भी यात्रा के दौरान मौजूद रहा। जैन समाज के द्वारा दश लक्षण पर्व के शुभ अवसर पर गाजे बाजे के साथ पालकी जी यात्रा का आयोजन किया गया। पालकी की यात्रा जैन मंदिर से ऊदल चौक होते हुए आल्हा चौक से मेन बजार होते हुए जैन मंदिर पहुंची द्य पालकी यात्रा का जगह जगह व्यापारियों एवम जैन समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। पालकी यात्रा में जैन समाज के द्वारा समाज में अहिंसा का संदेश दिया गया। इस यात्रा में मुख्य रूप से चंद्रभूषण जैन, राहुल जैन, पारस जैन, संतोष तिवारी एवम् महिलाओं में निशा जैन कविता और सभी जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।

नेहरू इंटर कालेज में सम्मान समारोह आयोजित

पनवाड़ी,महोबा समृद्धि न्यूज।

नेहरू इंटर कॉलेज पनवाड़ी शिक्षण संस्था में संस्था प्रधानाचार्य डॉ प्रमोद कुमार पाठक की अध्यक्षता में उज्जवल भविष्य एवं सम्मान समारोह का आयोजन सभा कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रेरक एवं अतिथि बुंदेलखंड क्षेत्र के समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव बुंदेलखंड विशिष्ट अतिथि के रूप में मोतीलाल अहिरवार पूर्व प्रधानाचार्य की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के प्रेरक एवं अतिथि सन्तोष कुमार गंगेले रहे द्य प्रभु स्मरण एवं उनके स्वागत से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ श्री गंगेले ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यहाँ के छात्र जनपद एवं प्रदेश स्तर पर भी सराहनीय कार्य कर रहे हैं। आभार प्रकट मोती लाल अहिरवार ने किया अंत में राष्ट्र गान के उपरान्त कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गयी। अतिथि स्वागत के बाद स्वागत भाषण डॉ प्रमोद कुमार पाठक द्वारा दिया गया। अतिथि द्वारा विद्यालय में उत्तर प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की गतिविधियां योजनाओं को विद्यालय में लागू करने एवं विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कृति संस्कारों योग शिक्षा तथा राष्ट्र निर्माण में पूर्ण रूप से समर्पण के साथ विद्यार्थी को तैयार करने के लिए विद्यालय के सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं बधाई दी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विद्यालय में चलाई जा रही योजनाओं में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाली 25 छात्राओं को पुष्प माला पहनाकर मंच पर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के वर्तमान प्रधानाचार्य एवं पूर्व प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय में विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर किए गए उत्तम कार्य के लिए समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी द्वारा शाल श्रीफल भेंटकर कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र /छात्रायें उपस्थित रहे।

एआरटीओ ने जांच के दौरान कई वाहन किये गये सीज

राठ,हमीरपुर। गुरुवार को कस्बे में एआरटीओ हमीरपुर ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक स्लीपर बस, ओवरलोड ट्रक, जेसीबी मशीन को सीज कर दिया गया और चार ओवरलोड वाहनों से जुर्माना वसूला गया।एआरटीओ हमीरपुर ने बताया कि चेकिंग के दौरान बिना परमिट के सड़क पर दौड़ रही स्लीपर बस को पकड़ा। कागजात न दिखाने पर सीज कर दिया गया है। वहीं एक ओवरलोड ट्रक व जेसीबी मशीन को सीज कर दिया है। बताया कि चार ओवरलोड वाहनों से चार लाख रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला गया। बताया कि वाहनों को जब्त कर कोतवाली पुलिस को सुपुर्द कर दिया है।

दैवीय आपदा से पीड़ित परिवार को डीएम ने सौंपी चार लाख की चेक

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

पीडित परिवार को चेक सौपते डीएम

सुमेरपुर विकासखंड के इसौली गांव में अतिवृष्टि के कारण मकान की दीवार गिरने के कारण वृद्धा सुशीला पत्नी रामकुमार घायल हो गई थी जिनकी इलाज के दौरान गत दिवस मृत्यु हो गई थी। इस घटना पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए राजस्व विभाग की टीम को पीड़ित परिवार को तत्काल हर सम्भव मदद करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए पीड़ित परिवार के घर स्वयं जाकर उनको सांत्वना दी तथा 24 घंटे के अंदर दैवीय आपदा योजना के अंतर्गत मृतका के आश्रित पति राम कुमार को चार लाख रुपये की चेक स्वयं जिलाधिकारी ने सौंपी इसके अलावा मृतका के आश्रित को एक लाख कृषक दुर्घटना योजना के तहत व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास योजना का लाभ भी दिया जाएगा। पीड़ित परिवार को तात्कालिक रूप से राशन आदि की किट भी उपलब्ध करा दी गई है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, एसडीएम व तहसीलदार सदर, पीडी साधना दीक्षित तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

हरियाणा व दिल्ली से चुराई बाइकें पुलिस ने की बरामद

राठ,हमीरपुर। कोतवाली पुलिस ने दो चोरों को चोरी की दो बाइकों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस चोरों को जेल भेज दिया है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि एस आई रोहित साहू विनेश गौतम सहित पुलिस बल के साथ गश्त के दौरान मल्हौवा रोड पर स्थित लकड़ी की टाल के पास दो युवक मिले। पूछताछ करने पर वह कुछ नहीं बता सके और न ही मोटर साइलिक के कोई कागजात दिखा सके। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों अभियुक्तों ने बताया कि एक बाइक हरियाणा से चुराई है। दूसरी बाइक दिल्ली से चुराई है। अभियुक्तों ने अपना नाम आकाश पुत्र राजकिशोर निवासी नदना थाना राठ बृजेश पुत्र गजराज राजपूत निवासी इन्द्रपुरा थाना जरिया बताया है।

अयोध्या के बाबा मदनदास ने राठ के राजू पहलवार को दी पटखनी

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

गुरुवार को नेशनल कालेज ग्राउंड में हुए अखिल भारतीय दंगल और कबीरी भजनों के समापन के साथ ही तीन दिवसीय कंशवध मेले का कुशल समापन हो गया। बुंदेलखंड सृजन परिवार की ओर से आयोजित दंगल में पहली कुश्ती बांदा खप्टिया के छोटू पहलवान और बिंवार के नीरज पहलवान के बीच हुई जिसमें बिवांर के नीरज विजय रहे। वहीं दूसरी कुश्ती बलरामपुर के विनय और धौहल के अमरसिंह के बीच हुई जिसमें चेयरमैन रजा मुहम्मद ने दोनों पहलवानों का हाथ मिलवाकर कुश्ती आरंभ कराई जिसमे दोनों के बीच हुई कुश्ती बराबरी पर छूटी। तीसरी कुश्ती अयोध्या के बाबा मदनदास पहलवान और राठ के राजू पहलवान के बीच हुई जिसमें अयोध्या के बाबा मदनदास ने राठ के राजू को पटखनी देकर कुश्ती जीत ली। वहीं सिसोलर के छोटे पहलवान अंश ने लगातार चार पहलवानों को पटखनी देकर कुश्ती जीती। इसके उपरांत अगली कुश्ती कानपुर के प्रीतम और मौदहा के अजमेरी पहलवान के बीच हुई गुसियारी प्रधान एवं प्रधान संघ अध्यक्ष असरार अहमद ने दोनों पहलवानों का हाथ मिलवाकर कुश्ती आरंभ कराई जिसमे मौदहा के अजमेरी पहलवान ने चंद मिनटों में कानपुर के प्रीतम को पटखनी दे दी। इसी तरह दर्जनों पहलवानों ने अपने.अपने दांव दिखाएं। जबकि ओरी तालाब और मीरातालाब में विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया था।

इस दौरान जिले के आलाधिकारी लगातार मानीटरिंग करते रहे जबकि भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा और मेला ग्राउंड के साथ ही जुलूस के रास्तों पर ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई थी। तीन दिवसीय कंशवध मेले के कुशल समापन के साथ ही प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है। इस दौरान दंगल में उत्तम सिंह, नरेंद्र बसंत सोनी आदि आयोजक उपस्थित रहे। दंगल में रैफरी की भूमिका सूरज पाल सिंह व मुजम्मिल ने निभाई।

कर्मचारी पेंशन बढ़ोत्तरी को लेकर भामसं ने सौंपा ज्ञापन

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

भारतीय मजदूर संघ ने बेतन बढ़ोतरी को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी हमीरपुर को सौंपा है।जिलाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ हमीरपुर विवेक मिश्रा नें बताया कि कर्मचारी पेंशन स्कीम 1995 के अंतर्गत न्यूनतम मासिक वेतन एक सितंबर 2014 से प्रभावशाली है। वर्ष 2014 से वर्ष 2024 के मध्य लगभग 10 वर्ष के दौरान महंगाई में भी काफी हद तक इजाफा हुआ है इस कारण न्यूनतम मासिक पेंशन के एवरेज में मिलने वाली राशि का वास्तविक मूल्य आज की तिथि में अत्यंत अल्प एवं नगण्य हो चुका है इस कारण पेंशन धारक का जीवन यापन इस न्यूनतम पेंशन की वर्तमान राशि से करना अत्यंत ही दूभर हो गया है संगठन की तरफ से पूर्व में भी अनेक बार सम्बन्धित फोरम पर न्यूनतम पेंशन की राशि बढ़ाने हेतु उचित पहल की गई है। वर्तमान के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार लगभग 78 लाख कर्मचारी पेंशन स्कीम 1995 के अंतर्गत पेंशन भोगी हैं इसलिए भारतीय मजदूर संघ ने कर्मचारी पेंशन स्कीम 1995 के अंतर्गत न्यूनतम पेंशन राशि एक हजार रुपये प्रति माह में बढ़ोतरी कर इसे रुपए 5000 करनें तथा कर्मचारी पेंशन स्कीम 1995 की राशि को महंगाई भत्ते के साथ जोड़कर भुगतान करनें एवं ऐसे सभी पेंशनधारकों को आयुष्मान भारत योजना का भी लाभ दिए जाने हेतु प्रधानमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी हमीरपुर को दिया गया।

घरों के ऊपर से नहीं जाएगी बिजली की लाईन

सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज

कस्बे के इमिलिया थोक में वार्ड संख्या 2 के मध्य से हाई टेंशन लाइन निकाले जाने की खबर प्रकाशित होते ही सदर विधायक ने इमिलिया पहुंचकर लोगों को बस्ती के मध्य से लाइन न निकाले जाने के लिए आश्वस्त किया है। विधायक ने कहा कि वह विद्युत विभाग के आला अफसरों से वार्ता करके समस्या का समाधान कराएंगे। इससे लोगों ने राहत महसूस की है। बुधवार को इमिलिया थोक के वार्ड संख्या दो में बस्ती के मध्य से हाईटेंशन लाइन निकाले जाने पर महिलाओं ने जमकर हंगामा काटा था। एसडीओ विद्युत एमपी सिंह के ऊपर अभद्रता करने का भी आरोप लगाया था। इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। खबर के प्रकाशित होने के बाद गुरुवार को सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति ने इमिलिया थोक पहुंचकर लोगों की समस्या सुनी और लोगों को आश्वस्त किया है कि बस्ती के मध्य से हाई टेंशन लाइन किसी भी दशा में नहीं बनाई जाएगी। इसके लिए वह विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से वार्ता करके समस्या का समाधान कराएंगे। विधायक के आश्वासन पर लोगों ने राहत की सांस ली है।

कार्यालय ग्राम पंचायत कोरैया विकास खण्ड कुंभी गोला

पत्रांक मेमो/ टेन्डर/ 2024- 2025 दिनांक-19.09.2024

अल्पकालीन निविदा

ग्राम निधि/मनरेगा/पंचम वित्त/ 15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोरैया में निम्नलिखित कार्यों पर सीमेंट, इंटरलॉक, रोड़ा, मौरंग, ईंट, गिट्टी, बालू, मिट्टी,सरिया, इत्यादि सामग्री पर आवश्यकता है। इच्छुक फर्म दिनांक 20.09.2024 से 28.09.2024 तक अपना टेन्डर ग्राम पंचायत में समय प्रातः 11 बजे तक उपलब्ध करा सकते हैं। दिनांक 28.09.2024 को सायं 03:00 बजे ग्राम पंचायत कोरैया में समिति के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर के सम्बन्ध में जानकारी प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी कोरैया से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	लम्बाई
1.	कमलेश के मकान से नहर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य	342770	75 मीटर
2.	हातिम के मकान से राम किशोर के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य	572979	135 मीटर

श्रीमती पुष्पा देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कोरैया
विकासखंड कुंभी गोला

श्री ललित वर्मा
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत कोरैया
विकासखंड कुंभी गोला

जन चौपाल में आला अधिकारियों ने जनता से किया सीधा संवाद

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

सरकार आपके द्वार गांव की समस्या, गांव में ही समाधान

गुरुवार को ग्राम पंचायत रवा विकासखंड नदीगांव में सरकार आपके द्वार गांव की समस्या गांव में समाधान के तहत जन चौपाल लगाकर जन समस्याएं सुनी। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्रामीणों से सीधे संवाद कर ग्राम पंचायत में हुए कार्यो का सत्यापन किया। गांव में हैंडपंप, नाली, खड़ंजा, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, महिला सम्मान, महिला सुरक्षा, महिला सशक्तीकरण आदि व्यवस्थाओं के बारे में ग्रामीणों से जानकारी ली।

विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन ने जन चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार चाहती है कि गांव की शिकायत का समाधान गांव में ही हो ताकि आम व्यक्तियों को इधर-उधर न भटकना पड़े। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का बिना किसी भेदभाव के सभी पात्रों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने ग्राम के समग्र विकास अंत्योदय के लक्ष्य प्राप्ति हेतु योजनाओं पर अधिक ध्यान देने के लिए निर्देशित किया।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि आप द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, नारी सशक्तिकरण, साफसफाई, पानी निकासी आदि बिंदुओं पर शिकायत व सुझाव प्राप्त हुए हैं, उसके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। आज सभी अधिकारी मौके पर ही जन समस्याओं व शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर समाधान कर रहे है। पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्राम वासियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की सुरक्षा और हर समस्या का हर संभव निदान किया जाएगा। केंद्र राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह के बृहस्पतिवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यो, निर्माण परियोजनाओं का निरीक्षण किया जाता है, जिसमे देखा जाता है कि सरकारी योजनाओं, परियोजनाओं का स्वरूप क्या है। जिससे जल्द से जल्द जनकल्याणकारी योजनाओं व परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके। आज यहां पर आने के बाद लोगों की समस्याओं व दूर-दराज से आये हुए प्रधान सगंठनों की समस्याओं व सुझाव प्राप्त हुए। उन्होंने बजट की समस्या को लेकर के जिला विकास अधिकारी से कहा कि यह सुनिश्चित कराए कि उपभोग प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाए जिससें धनराशि के समय से प्राप्त होने में कोई परेशानी न हो । उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों से कहा कि आप अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में गो संरक्षण केंद्रों की और गोवंशों की देखभाल अच्छे से करें ।विकास कार्य गुणवत्तापरक और पारदर्शी तरीके से कार्य कराए, आपकी जो भी शिकायते है उसका गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के तहत पात्र लाभार्थियों की सूची बनाई जाएगी और ग्राम पंचायतों पर चस्पा भी की जाएगी जिसमे पात्र लाभार्थी अपना नाम देख सकते है, अगर सूची में कोई भी आपत्ति होती है तो लिखित तौर पर आपत्ति दर्ज कराये। जिसका निराकरण करने के उपरान्त ही अंतिम सूची होगी। उन्होंने ग्रामवासियो से कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को पारदर्शिता के साथ लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समस्याओं का समाधान करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है मा0 मुख्यमंत्री जी के सख्त निर्देश है कि समस्या का गुणवत्तापरक निस्तारण हो, शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान हों जाये तभी शिकायत अंतिम रूप से निस्तारित मानी जायेगी।

राहुल गांधी के बयान पर भड़का सिक्ख समुदाय, फूंका पुतला

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

सिखों को भारत में पगड़ी,कड़ा पहनने और गुरुद्वारे जाने पर प्रतिबंध वाले राहुल गांधी के अमेरिका में दिए बयान पर अयोध्या के सिख समुदाय में भारी रोष है।इसके विरोध में गुरुवार को शहर के रिकाबगंज हनुमानगढ़ी पर सिख समाज ने भाजपा नेता तेजिंदर पाल सिंह % ट्विंकल % के नेतृत्व में राहुल गांधी का पुतला फूंक कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।इस अवसर पर तेजिंदर पाल सिंह ने कहा कि राहुल गांधी का अमेरिका में दिया गया यह बयान न सिर्फ सिख समुदाय को भड़काने वाला बल्कि खालिस्तानियों को खुश करने वाला है।उन्होंने कहा कि उनके पिता राजीव गांधी के कार्यकाल में हजारों निर्दोष सिखों का नरसंहार किया गया जिसे सिख समुदाय आज तक भूला नहीं,वो राहुल गांधी आज सिखों को सरकार के खिलाफ भड़का कर भारत को अस्थिर करने के लिए राष्ट्र विरोधी विदेशी शक्तियों के हाथों खेल रहे हैं जिसका सिख समाज तीव्र विरोध करने के साथ राहुल गांधी पर राष्ट्रद्रोह की धारा में मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग करता है।भाजपा नेता दिनेश जायसवाल व अधिवक्ता राजीव शुक्ला ने संयुक्त रूप से कहा कि राहुल गांधी का यह बयान नरेंद्र मोदी की लोकप्रिय सरकार को अस्थिर करने के अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र की अभिव्यक्ति है जिसे देश की महान जनता खूब अच्छे से समझ रही है। सच तो यह है कि सिख समाज को असली खतरा उस कांग्रेस से है जिसने हजारों निर्दोष सिक्खों का कत्ले- आम करवाने वाले आरोपियों जगदीश टाइटलर, सज्जन कुमार और कमलनाथ को आज तक अपनी गोद में बिठाए रखा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हर्षदीप सिंह ऋषि बग्गा, संदीप सिंह, हरमिंदर सिंह, पार्षद अजीत सिंह, तेजिंदर सिंह पिंकी, सुरेंद्र सिंह राणे, अमरजीत सिंह, मनप्रीत सिंह, आकाश सचदेवा, शगुणदीप, गुरमीत सिंह, मनप्रीत सिंह, अमृतपाल सिंह, कर्मवीर सिंह, अजीत सिंह व महेंद्र पाल सिंह मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

...तो अब रेलवे गेट नहीं बन्द करेगा रेल प्रशासन

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। लखनऊ बनारस रेल मार्ग पर विधानसभा क्षेत्र के छंदरौली गांव स्थित रेलवे गेट को बंद करने की कवायद में जुटा विभाग अब गेट नही बंद करेगा। अब गेट तभी बन्द होगा जब आवगमन की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित हो जाएगी । ऐसा सम्भव हो पाया है प्रधान व ग्रामीणों के प्रयासों से। उल्लेखनीय है कि लगभग 1 सप्ताह पूर्व ग्रामीणों को पता चला कि रेलवे दर्जनों गांव के हजारों लोगों के आवागमन को सुगम बनाने वाले छंदरौली स्थित रेलवे गेट संख्या 175 सी को आवा गमन के लिए बंद करने जा रहा है। इसके बाद भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल महामंत्री अरविंद वर्मा ने ग्रामीणों के साथ क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत के आवास पर जाकर इस रेलवे फाटक को बंद होने से बचाने की गुहार लगाई थी। यही नहीं रेलवे गेट बंद होने की कवायद की जानकारी होने पर छंदरौली गांव एवं इस रास्ते से आवगमन करने वाले लगभग एक दर्जन से ज्यादा गांव में हलचल हो गई कि अब आवागमन होगा कैसे । जब यह बात प्रधान छंदरौली महेश वर्मा को मालूम पड़ी तो उन्होंने भी प्रयास शुरू किया। इसी क्रम में गांव के मूल निवासी व हाल में गोमती नगर निवासी डॉ0अमित पटेल से महेश ने संपर्क साधा और उनसे गेट बंद न करने के लिए अपने भाई डीआरएम दक्षिण रेलवे भारत सरकार अजय सिंह से बात करने की गुहार लगायी। ग्रामीणों की मेहनत रंग लाई। अजय सिंह ने डीआरएम लखनऊ से वार्ता की और ग्रामीणों को प्रतिनिधिमंडल बनाकर डीआरएम लखनऊ से मिलने और अपनी बात रखने की सलाह दी जिसके बाद प्रधान महेश वर्मा एवं भाजपा नेता अरविंद वर्मा के नेतृत्व में लखनऊ पहुंच कर डीआरएम से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने उनके सामने अपनी बात रखी । बताया कि विभाग द्वारा जिस रेलवे गेट नंबर 175 सी को बंद करने की कवायद की जा रही हैं उसके माध्यम से छंदरौली गांव की 5000 की आबादी के अलावा लगभग एक दर्जन गांवों के हजारों लोग आवागमन करते हैं ।गेट बंद हो जाने से तमाम समस्याएं खड़ी हो जाएंगी। जिस पर डीआरएम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि जब तक एंबुलेंस, ट्रैक्टर ट्राली एवं अन्य वाहनों के आवागमन के लिए अंडर पास नहीं बना दिया जाता तब तक गेट बंद नहीं किया जाएगा।

ग्राम प्रधान ने चलाया स्वच्छता अभियान

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। विकासखंड सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर भवानीपुर में ग्राम प्रधान गजाला खातून एवं प्रतिनिधि नियाज अंसारी के द्वारा ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाकर जेसीबी की सहायता से साफ-सफाई करवाई गई।जिससे अब गांव साफ सुथरा नजर आने लगा। खण्ड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव ने सभी ग्राम पंचायत के प्रधानों को गन्दगी से मौसमी बीमारी न फैले जिसके लिए गांव में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए हैं।नियाज अंसारी ने बताया कि ग्राम पंचायत रामपुर भवानीपुर के मुख्य मार्गो सहित सड़क पर बह रही नालियों की साफ सफाई की गई।कई स्थानों पर गांव के लोगों के द्वारा कूड़ा फेका गया था जिससे कूड़े का ढेर लग गया था।कूड़े को जेसीबी से हटवाया गया है।

डिजिटल रिकॉर्ड में रहेंगी फाइलें, गुम होने का झंझट होगा खत्मः डीएम

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी, विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास प्राधिकरण उरई में ई-ऑफिस प्रणाली का शुभारम्भ किया, डिजिटल रिकॉर्ड में रहेंगी फाइलें, गुम होने का झंझट होगा खत्म। ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने पर कर्मचारी व अधिकारियों की जवाब देही तय होगी। उन्होंने ने कहा कि विकास प्राधिकरण उरई में ई- ऑफिस प्रणाली लागू होने से कर्मचारियों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस सिस्टम लागू होने से विभागीय कार्यों में पारदर्शिता आने के साथ ही लंबित फाइलों पर कर्मचारियों की जवाब देही तय होगी। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस उत्तर प्रदेश शासन का एक मिशन मोड प्रोजेक्ट है, जो एनआईसी के सॉफ्टवेयर पर कार्य करता है, इस प्रणाली में पारंपरिक फाइलिंग प्रणाली की तुलना में अतिरिक्त लाभ है। ई-ऑफिस को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य कार्यालय को पेपर लेस बनाते हुए शासकीय कार्यों को गति प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ई- ऑफिस में अगर कोई फाइल आती है, तो उसका नोटिफिकेशन संबंधित को मिल जाता है समय के अंतर्गत उस फाइल का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक किया जाता है। इस अवसर पर विकास प्राधिकरण सचिव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद सिंह, सहायक अभियंता कमलेश कुमार, अवर अभियंता सुधीर कुमार, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पुष्पेंद्र सिंह आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

पशु बांझपन निवारण शिविर का हुआ आयोजन

120 बांझ पशुओं का हुआ इलाज

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़

पशु चिकित्सा विभाग द्वारा विकास खंड हैदरगढ़ के भैरमपुर गाँव में मण्डलीय पशु बांझपन एवं बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉक्टर धनेश गुप्ता द्वारा विभिन्न गांवो से आये पशुपालको के पशुओं का उपचार कर उन्हे निशुल्क दवाएं वितरित की गई । डॉक्टर धनेश गुप्ता ने बताया की शिविर में लगभग 120 पशुओं का बांझपन चिकित्सा, 60 बकरियों व एक स्वान की चिकित्सा के साथ-साथ 200 पशुओं में लंपी स्किन डिजीज का टीकाकरण व 100 बकरियों में पी पी आर का टीकाकरण किया गया । शिविर में 46 पशुओं का बधियाकरण किया गया साथ ही साथ कृमी नाशक दवा, दूध बढ़ाने की दावोओ का वितरण भी किया गया। कुल 253 छोटे व बड़े पशुओं का पंजीकरण किया गया जिनका मौके पर इलाज किया गया । इस मौके पर एंबुलेंस टीम के डॉक्टर संजीत कुमार, डॉक्टर सोनू चौधरी अपनी टीम के साथ मौके पर उपस्थित रहकर मंडलीय बांझपन शिविर व टीकाकरण में पूर्ण रूप से सहयोग किया । कार्यक्रम में पशुधन प्रसार अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ,पैरावेट रवि कुमार, सत्यदेव , पवन कुमार तिवारी,संतराम ,सुनील कुमार, रितेश,अंकित व 1962 टीम के सभी कर्मचारियों के साथ-साथ गोकुल पुरस्कार विजेता महेश कुमार मिश्रा आदि स्टाफकर्मी व ग्रामीण मौजूद रहे।

हैदरगढ़ सीएचसी प्रांगण में मेगा स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

109 मरीजो में से 49 मिले मानसिक बीमार

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़

जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आज गुरुवार को हैदरगढ़ सीएचसी प्रभारी डॉ सौरभ शुक्ला की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेगा कैंप का आयोजन किया गया ,जिसमें जनपद मुख्यालय से आए मनोरोग विशेषज्ञों ने 109 मरीजों का परीक्षण किया गया जिसमें 49 व्यक्तियों को मानसिक बीमारी से पीड़ित पाया गया सभी मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ द्वारा निशुल्क दवा वितरित की गई । मानसिक स्वास्थ्य मेगा कैंप में आये डॉ प्रेम प्रकाश ने कैम्प में उपस्थित सभी लोगों को मानसिक बीमारी के लक्षण व इलाज के बारे में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने कहा कि यह बीमारी आम बीमारियों की तरह ही है इसे इलाज के द्वारा ठीक किया जा सकता है। डॉक्टर प्रेम प्रकाश व प्रशांत दीक्षित केस मैनेजर ने सभी मानसिक रोगियों में होने वाले लक्षण के बारे में जानकारी दी गई और तरह-तरह की अफवाहों से दूर रहने की भी सलाह भी दी गई।मानसिक रोगी को किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो वह भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिला मासिक स्वास्थ्य विभाग बाराबंकी के हेल्पलाइन नंबर 9455 033 379 एवं टेलीमानस 14416 (1800 891 4416) पर निशुल्क बात कर अपनी समस्या बता सकता है। कैंप प्रारंभ होने के पहले सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर सौरभ शुक्ला ने जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कैंप में डॉ जयशंकर पांडे, डॉ जितेंद्र सोनी, एनसीडी श्रद्धा सिंह,स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजय कुमार रावत , आरएन रावत , एआरओ सत्य मोहन सिंह , ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर मनीष कुमार श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट अमरीश कुमार मिश्रा, कार्यक्रम ऑर्डिनेटर डीपी यादव सहित कई आशाओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

माह सितम्बर में करें युद्ध स्तर पर कार्रवाई और राजस्व की शत प्रतिशत प्राप्तिः ऋतु

आरटीओ प्रशासन ने मैराथन समीक्षा बैठक में राजस्व पूर्ति, आईजीआरएस का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण व आनलाईन सेवाओं के प्रचार प्रसार के दिये निर्देश

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

शासन की मंशानुसार अयोध्या संभाग में राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति,आडिट प्रकरणों के निस्तारण,वाहनों की फिटनेस, मानक के अनुसार पंजीयन, दर्पण पोर्टल सेवाएं तथा आईजीआरएस सहित अन्य पोर्टलों पर शिकायतों के त्वरित निस्तारण की समीक्षा को लेकर गुरुवार को आरटीओ प्रशासन सुश्री ऋतु सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में अयोध्या,अमेठी, बाराबंकी व अम्बेडकरनगर के एआरटीओ व आर.आई मौजूद रहे।बैठक के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि माह सितम्बर में युद्ध स्तर पर कार्रवाई करते हुए राजस्व की शत प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें।पिछले वित्तीय वर्ष के सापेक्ष कम से कम बीस प्रतिशत मासिक एवं क्रमिक वृद्धि हर हाल में सुनिश्चित करें तथा बकाया वसू?ली हेतु सर्वाधिक बड़े बकायेदारों की सूची कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करते हुए संभाग के सभी बकायेदारों से दूरभाष व डोर टू डोर नाकिंग की गति तेज करें और प्रभावी बकाया कर की वसूली करें। आरटीओ प्रशासन ने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए जिला प्रशासन व पुलिस विभाग से समन्वय कर अनाधिकृत व्यक्तियों के विरुद्ध निरन्तर कार्रवाई कर अपने कार्यालयों को अनाधिकृत व्यक्तियों के हस्तक्षेप से मुक्त रखे और कार्यशैली पारदर्शी बनाएं। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि स्कूली वाहनों,यात्री वाहनों, माल वाहनों के वाहन स्वामियों तथा स्कूली वाहन स्वामियों को कर जमा,फिटनेस तथा परमिट आदि अद्यतन वैध कराने हेतु दूरभाष पर संपर्क करें।कहा गया कि निलंबित पंजीयन वाले वाहनों को भी प्रपत्र वैद्य कराने हेतु प्रेरित करें,जिला प्रशासन की टास्क फोर्स का भी गठन कराएं तथा सभी वाहन स्वामियों से कर जमा करायें। बताया गया कि सभी वाहन स्वामी parivahan.gov.in पर जाकर आनलाइन माध्यम से विभिन्न सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है।मण्डल के सभी जिलों के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आर.सी. प्रेषण करने के साथ राजस्व विभाग की वेबसाइट पर मिलान व प्रतिदिन स्टेटस मानिटर करें, तथा जनपदीय व तहसील स्तर अधिकारी अमीनी से अनुश्रवण कर कार्रवाई करें।बताया गया कि अनाधिकृत एवं बिना वैद्य प्रपत्रों के संचालित वाहनों के विरुद्ध स्कैप्रिंग (आरवीएसएफ) की कार्रवाई की जा सकती है। इसलिए वाहन स्वामी तत्काल अपने प्रपत्र वैध करा लें।दर्पण पोर्टल की सभी सेवाओं पर पेंडेंसी शून्य कराने तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि पंद्रह वर्ष पूर्ण सरकारी वाहन को निष्प्रयोज्य करने की कार्रवाई सभी विभागों से कराई जाए।निजी वाहनों का कामर्शियल प्रयोग रोकने तथा एचएसआरपी आदि पर भी प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई कर जागरुकता बैठकें आयोजित कराने के निर्देश दिये गए। बैठक में आरटीओ सुश्री ऋतु सिंह, एआरटीओ अयोध्या आर.पी.सिंह, एआरटीओ अम्बेडकरनगर सत्येन्द्र यादव, एआरटीओ अमेठी सर्वेश कुमार सिंह, एआरटीओ बाराबंकी श्रीमती अंकिता शुक्ला,आरआई प्रेम सिंह व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

सपा प्रतिनिधि मंडल ने एसएसपी को दिया ज्ञापन

इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का भाजपा के पदाधिकारी द्वारा पुतला जलाए जाने को लेकर सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने एसएसपी को रिपोर्ट दर्ज करने के संबंध में प्रार्थना पत्र सौंपा। सपा जिला अध्यक्ष ने पत्र में लिखा कि जब हमारे नेताओं द्वारा प्रतिशोध में उत्तर प्रदेश सरकार का विरोध किया गया तो हम लोगों पर प्रथम सूचना रिपोर्ट तुरंत दर्ज हो गई। सपा जिला अध्यक्ष ने पत्र के माध्यम इटावा पुलिस पर एक पक्षीय कार्यवाही एवं सत्ता के दवाब मे काम करने का आरोप लगाया। पत्र के माध्यम से सपा जिला अध्यक्ष ने मांग की है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला जलाने वाले नामजदो के विरुद्ध कार्यवाही हो और हमारे कार्यकर्ताओं पर की गई कार्रवाई को रद्द किया जाए। जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने बताया है एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने हमें निष्पक्ष जांच करवाकर कल शाम तक का आश्वासन दिया है और कल दोपहर बाद हम लोगों को बुलाया भी है। ज्ञापन देने वालों में विधायक राघवेंद्र गौतम, जिला महासचिव वीरू भदौरिया, उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, अनवार हुसैन, कोषाध्यक्ष ब्रजेन्द्र यादव, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, उदयभान सिंह यादव, राजपाल यादव, अभिनय यादव, राजू यादव, पप्पू यादव, कमलेश यादव प्रमुख हैं।

अवैध पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड सेंटरो व प्राइवेट हॉस्पिटलों का कुकुरमुत्ते की तरह भरमार

नहीं है किसी का खौफ सरेआम चलते है यहां अवैध पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड सेंटरों

सहजनवा गोरखपुर। समृद्धि न्यूज

गोरखपुर जनपद के सहजनवा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत पाली ब्लॉक,पिपरौली ब्लॉक,सहजनवा ब्लॉक, क्षेत्रो में,घघसरा,जैत पुर,भीटी रावत, हरपुर,गीडा, सहित तमाम जगहों पर धड़ल्ले से अवैध तरह से संचालित हो रहे हैं प्राइवेट अस्पताल, पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड सेंटर,वही वही यम रूपी डॉक्टरों का हौसला दिन प्रतिदिन तेजी से बढ़ता जा रहा है और हर रोज एक नए अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर, पैथोलॉजी,और प्राइवेट अस्पतालों, का खुलना आम बात हो चुका है। लगभग महीनों से अखबार के सुर्खियों में सहजनवा तहसील क्षेत्र के अवध तरह से अस्पताल डायग्नोस्टिक सेंटर, अल्ट्रासाउंड पैथोलॉजी, संचालित करने वाले यह डॉन दाऊद इब्राहिम बने बैठे हैं। इन्हें किसी अधिकारी का कोई डर नहीं। यह अपनी मर्जी का मालिक होते हैं। सूत्रों के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों को हर महीने में बड़ा मुनाफा होता है इसीलिए जिम्मेदार अवैध कारोवारीयो पर मेहरबान दिखाई देते हैं। और कार्रवाई के नाम पर सिर्फ टाल मटोल करते हैं। वहीं दूसरी तरफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अगल बगल के थोड़ी ही दूरी पर लगभग 1 से 2 किलोमीटर के दायरे में जगह-जगह अवैध प्राइवेट अस्पताल अवैध तरह से संचालित हो रहा है। और अवैध पैथोलॉजी लैब खोली गई और इनकी संख्या में तेजी से इजाफा भी होता जा रहा है। बिना रजिस्ट्रेशन हुआ अधिकृत मान्यता न होने के बावजूद संचालित हो रही है दर्जनों से अधिक की संख्या में पैथालॉजी व लैब संचालित हो रहा है वहीं कुछ लैब टेक्निशियनों द्वारा भी पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड लैब चलाए जा रहे हैं लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया जाता है। वही सरकारी अस्पतालों पर सुबह से ही दलालों का ताता लगा रहता है आते ही मरीजों को अपने-अपने अवैध पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड सेंटर व अवैध प्राइवेट हॉस्पिटल, लैब पर मरीज को और बरगला बहला फुसलाकर कर ले जाने के फिराक में इधर उधर घूमते दिखाई देते हैं। दलाल वही संदर्भ में गोरखपुर के सीएमओ डॉक्टर आशुतोष दुबे ने बताया जल्द ही सभी अवैध तरह से संचालित हो रहे सेंट्रो को सीज भी किया जाएगा और उन पर कार्रवाई भी की जायेगी

गैर इरादतन हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

इटावा। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी भरथना के कुशल नेतृत्व में थाना भरथना पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया।

वादिया दीपू पत्नी बब्लू निवासी ग्राम चंदपुरा थाना भरथना द्वारा थाना भरथना पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि उसके पति बब्लू द्वारा उसके साथ मारपीट व गाली-गलौज की गयी इसी दौरान उसकी गोद में एक माह की पुत्री थी जो जमीन पर गिर गयी जिसके कारण पुत्री के काफी चोट आ गयी एवं दौराने इलाज उसकी पुत्री की मृत्यु हो गयी। थाना भरथना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ऊमरसेड़ा पर भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि आरोपी भरथना ऊसराहार रोड नगला जलाल मोड़ के पास कही जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना भरथना पुलिस टीम द्वारा आरोपी बबलू उर्फ रंजीत कुमार पुत्र गिरीश चन्द्र निवासी ग्राम चंदपुरा थाना भरथना को भरथना ऊसराहार रोड नगला जलाल मोड़ से गिरफ्तार किया गया।इस सफलता में देवेन्द्र सिंह प्रभारी थाना भरथना, उ.नि. सुमेश चन्द्र, का. राहुल कुमार, का. देवेन्द्र कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

सम्बन्ध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र नसरुद्दीन व उसकी पत्नी आशिया के गलत चाल-चलन के चलते उनसे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उनके द्वारा किये गये कृत्यों से मेरा व मेरी पत्नी सलमा, पुत्र दूलेहसन, पुत्री निशा का कोई सरोकार वास्ता नहीं होगा। जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **नवी मोहम्मद पुत्र स्व0 कासिम खाँ, निवासी-सुभानपुर, कायमगंज, जिला-फर्रुखाबाद**

कार्यालय ग्राम पंचायत कुइयां संत विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांक:मीमो/ ग्रा0पं0/15वां वित्त टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 19/09/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुइयां संत द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 20/09/2024 से 27/09/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 27/09/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

क्र.स	कार्य का नाम	सामग्री लागत (लाख रु0 में)	जमानत धनराशि	टेण्डर मूल्य
1-	सुधीर के घर से सुखराम के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य	199600	2 प्रतिशत	500

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (रशीदन बेगम) ग्रा0पं0 कुइयां संत, शमशाबाद सचिव (राजेश यादव)

डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर, देखी व्यवस्थाएं

- जिलाधिकारी बोले बाढ़ पीड़ितों की हर सम्भव मदद के लिए जिला प्रशासन तैयार

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र कटरी काशिमपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत कटरी गंगपुर में राहत शिविर पर जाकर व्यवस्थाएं भी देखी। कहा कि गंगा के जल की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। गंगा अभी खतरे के निशान से दूरी पर है। बाढ़ से प्रभावित 56 परिवारों को सुरक्षित स्थान पर व्यवस्थित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ितों का सहारा सरकार बनी हुई है। बाढ़ पीड़ितों की हर सम्भव मदद के लिए जिला प्रशासन तैयार है। लगातार ताज़ा गर्म भोजन बाढ़ प्रभावित परिवारों को वितरित किया जा रहा है।जल्द ही राहत सामग्री वितरित करा दी जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारी बाढ़ परिवारों की परिचर्या में लगे हुए है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा चिकित्सा परीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही पशुपालन विभाग की टीम द्वारा पशु टीकाकरण आदि का कार्य किया जा रहा है। कहा कि बाढ़ से प्रभावित ग्रामवासियों को किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। गांव में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। ग्राम वासी खान-पान में विशेष सफाई रखें। जिससे बीमारियां न उत्पन्न होने पाए। उन्होंने शुद्ध पेय जल, अस्थाई शौचालय एवं प्रकाश की अच्छी से अच्छी व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर सहित आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मूकबधिर विश्वविद्यालय को सुचारू से चालू करने के लिए लिखित ज्ञापन सौंपा

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

समाजवादी लोहिया वानी के राष्ट्रीय सचिव के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल संबोधित लिखित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौंपा समाजवादी पार्टी के फ्रंटल संगठन लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रोविंन यादव के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने मुख बधिर विश्वविद्यालय जो सपा शासन काल में सांसद डिंपल यादव विधायक अरविंद यादव के प्रयासों के बाद मुंख बधिर विश्वविद्यालय का निर्माण कराया गया था जिसका शिक्षण शास्त्र 23 24 में शुरू होना था जिसमें केवल छे दिव्यांग 16 सामान्य छात्रों का प्रवेश हुआ उक्त डिग्री कॉलेज में स्टाफ की कमी के कारण शिक्षण सत्र सुचारू से नहीं चल पा रहा है प्रदेश की भाजपा सरकार सपा सरकार में बने हुए विश्वविद्यालय को सुचार रूप से चालू करने के लिए निर्देशित करने की मांग की गई लिखित ज्ञापन देते समय गौरव रजनीश आदित्य अनुराग अमन अनिल सहित दर्जनों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डीएम की अध्यक्षता में उ.प्र. कौशल विकास मिशन की बैठक संपन्न

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी समृद्धि न्यूज

त्यौहारों का सीजन आ रहा है। इसमें एलईडी बल्ब और झालर की डिमांड बड़ जाती है। जेल में जो कैदी प्रशिक्षित हैं। इनसे झोला, एलईडी बल्ब, झालर, आदि प्रोडक्ट बनाये जाने का कार्य शुरू किया जाएं यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में उ.प्र. कौशल विकास मिशन की बैठक में कही।

जिलाधिकारी ने कहा कि तकनीकी शिक्षा देने के लिए रजिस्टर्ड संस्थाओं में ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग की क्वॉलिटी अच्छी होनी चाहिए। इसके साथ ही ट्रेनिंग कोर्स देने के बाद अधिक से अधिक युवाओं को नौकरी भी दिलाई जाए। कहा कि जो ट्रेनिंग ले चुके हैं, कितने लोग नौकरी व स्वयं रोजगार कर रहे हैं उसका डाटा तैयार कर उपलब्ध कराया जाये। उन्होने निर्देश दिये कि पीएम सूर्य घर योजनान्तर्गत आईटीआई (इलेक्ट्रीकल, इलेक्ट्रोनिक्स, इलेक्ट्रीकल पावर सप्लाई एवं वायर मैन) पास कैन्डीडेट्स को पाँच दिन का गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाये।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत institute श्रद्ध Entrepreneurship संस्था द्वारा कार्य में रुचि न लेने पर ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है, शेष 18 संस्थाओं को 3331 का टारगेट एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के अंतर्गत 8 संस्थाओ को 1130 का टारगेट निर्धारित है। के सापेक्ष युवाओं को गुणवत्तापूर्ण ट्रेनिंग देकर जॉब उपलब्ध कराई जाए। एक जनपद एक उत्पाद योजना, आरसेटी आदि बिन्दुओ की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि सभी संस्थाएं निर्धारित लक्ष्य को समय से पूरा करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, डीसी एनआरएलएम राजकुमार लोधी, प्रधानाचार्य आईटीआई दीपक यादव सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

समाजसेवी व अधिवक्ता के पिता के निधन से शोक की लहर

छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज



बार एसोसिएशन छिबरामऊ के पूर्व महासचिव व नगर पालिका परिषद की सभासद सुशील पांडे के पिता 74 वर्षीय सत्य प्रकाश पांडे को कुछ दिन पहले बीमारी की हालत में कानपुर के रीजेंसी अस्पताल में भर्ती कराया था वहां पर उनका इलाज चल रहा था उसी के चलते आज सुबह लगभग 4-00 बजे उनका निधन हो गया। जैसे ही इसकी सूचना अधिवक्ताओं को मिली वैसे ही शक की लहर दौड़ गई और उनके करीबी अधिवक्ताओं का उनके घर पहुंच गए। जब सुबह उनका पार्टी शरीफ की आवाज मोहल्ला सराफान में पहुंचा वैसे ही अधिवक्ताओं का वह लोगों का भीड लग गयी। को शांतनुा देने पहुंचे उसके बाद उनका पार्थिव शरीर फर्रुखाबाद के पांचाल घाट पर अंत्येष्टि की गई। इस दौरान नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मनोज दुबे, व पूर्व अध्यक्ष राजीव दुबे, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र मिश्रा, राजकुमार वैश्य, पूर्व महासचिव पंकज मिश्रा, चंद्रजीत यादव, राजीव कुमार दीक्षित,डॉक्टर गणेश चतुर्वेदी, डॉ रजनीश दुबे, हरि शंकर मिश्रा, संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट, केटी मिश्रा, पवन दीक्षित, ओमेंद्र सिंह यादव, श्यामू यादव, सत्येंद्र सिंह फौजी साहित कई लोग मौजूद रहे।

खबरें चलते-चलते

एम्बुलेंस में ही प्रसूता ने दिया स्वस्थ बच्चे को जन्म

तिर्वा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूवार को 108 एम्बुलेंस की मदद से डिलवरी के लिए जा रही प्रसूता ने रास्ते में एम्बुलेंस में ही बच्चे को जन्म दिया। एम्बुलेंस कर्मियों ने अपने वाहन को रोककर प्रसव कराया। बाद में उसे ले जाकर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां जज्जा व बच्चा दोनो स्वस्थ है। 108 एम्बुलेंस चालक अंकुल सिंह ने बताया कि हसेरन क्षेत्र के बैरगरा गांव से आई सूचना पर वह प्रसूता को लेने गया था। जिसे सीएचसी हसेरन में भर्ती कराकर प्रसव कराना था। जब वह प्रसूता को अपनी एम्बुलेंस में बैठाकर हसेरन जा रहे थे, तो रास्ते में ही प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। यह देख उसने अपनी बैन को रोक दिया। ईएमटी गिरीश चन्द्र व एम्बुलेंस चालक अंकुल सिंह एवं गांव की आशा के सहयोग से एम्बुलेंस में प्रसव कराया गया। जहां महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया। बाद में दोनो को सीएचसी हसेरन में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनो का परीक्षण किया। महिला के पति अर्पित ने बताया कि उसकी पत्नी व नवजात शिशु दोनो स्वस्थ है।

च्यवन ऋषि आश्रम में विशाल वार्षिक भंडारा कल

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। पौराणिक तपो भूमि च्यवन ऋषि आश्रम में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजक एवं किसान नेता धर्मेंद्र सिंह राजपूत उर्फ बबलू ठाकुर ने कहा कि प्रति वर्ष की भांति शनि महाराज की पूजा अर्चना के उपरांत विशाल वार्षिक भंडारा करवाया जाता है। इस वर्ष भी 21 सितंबर 2024 शनिवार को भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नगर क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहेंगे।

विधायक ने आधा दर्जन बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को राशन सामग्री बांटी

रामपुरा (जालौन)। पहूज नदी में आयी बाढ़ से प्रभावित गांवों में जाकर पीड़ितों से संपर्क करते हुए क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन ने जल प्रलय का प्रत्यक्ष नजारा देख बाढ़ से प्रभावित लोगों का दुख दर्द साझा करते हुए राशन सामग्री किट का वितरण किया। माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन ने विकासखंड रामपुरा के नदिया पार के गांव हुकुमपुरा, सुल्तानपुरा, जखेता बिलौड़ एवं नरौल की खोड़ पहुंचकर गत दिनों पहूज नदी में आई भीषण बाढ़ से हुई तबाही का मंजर देखा व मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी माधौगढ़ सुदेश कुमार पाल से फसलों एवं क्षतिग्रस्त हुए मकानों के नुकसान का सर्वे कराने एवं पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए शीघ्र कार्रवाई करने को कहा। इस अवसर पर गांव-गांव शिविर लगाकर बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री किट आटा, दाल, चावल, तेल, मसाला, आलू आदि जरूरत की सामग्री का वितरण किया। क्षेत्रीय विधायक श्री निरंजन ने कहा कि प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ को जनपद जालौन व रामपुरा क्षेत्र में बाढ़ से हुए नुकसान की जानकारी एवं चिंता है। सरकार हर स्थिति में आप लोगों के साथ है, उन्होंने कहा किसी गरीब कमजोर व जरूरतमंद को भूख अथवा अन्य किसी विपत्ति का सामना नहीं करने दिया जाएगा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि महेश प्रताप सिंह राजावत, ज्योतिष सिंह जिला मंत्री भाजपा, महेश सिंह चौहान पूर्व प्रधान हुकमपुरा, संतोष प्रजापति, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक एवं स्थानीय लेखपाल तथा अनेक कर्मचारी व क्षेत्रीय प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे।

कच्चा मकान भरभरा कर गिरा युवक मलवे में दबकर हुआ घायल

जालौन (उरई)। मकान में बैठे युवक पर कच्चे मकान का भरभरा कर गिर गया। मकान के मलवे में दबने से युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल का मेडिकल कालेज में उपचार चल रहा है। बरसात के कारण कच्चे घरों में नमी आ गयी है।नमी के चलते कच्चे मकानों का सिलसिला लगातार चल रहा है। कोतवाली के ग्राम दहगुवां निवासी अजय कुमार पुत्र दयाराम अपने घर में बैठे थे। इसी दौरान उनका कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। मकान के मलवे में दबकर कर घायल हो गये।

अफवाहों पर ध्यान न दे, जनपद में भेड़िए वर्तमान तक नहीं पाए गए

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

प्रभागीय वनाधिकारी डॉ हेमन्त कुमार सेठ ने बताया है कि विगत दिनों में जनपद में छिबरामऊ रेंज अन्तर्गत ग्राम विशुनगढ़ में जंगली जानवर द्वारा बकरियों पर हमला करने की घटना प्रकाश में आ रही है। घटना की सूचना पाते ही छिबरामऊ रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी को सतर्क कर दिया गया तथा लगातार गश्त एवं जांच किये जाने के भी निर्देश दिये गए।विशुनगढ़ क्षेत्र एवं आस-पास के ग्रामों में सघन गश्त करने तथा स्थलीय जांच के उपरान्त क्षेत्रीय वन अधिकारी, छिबरामऊ द्वारा रिपोर्ट की गई है कि उक्त घटनाएँ सियार के हमले से सम्बन्धित है। तहसील तिर्वा अन्तर्गत ग्राम कांकरकुई में मंगलवार रात किसी वन्य जीव द्वारा एक महिला रूबी देवी पर हमले की बात सामने आई जिसमें क्षेत्रीय वन अधिकारी, छिबरामऊ द्वारा स्थलीय जांच एवं चिकित्सकों की रिपोर्ट के आधार पर अवगत कराया गया है। कि वहाँ पर सियार के कोई प्रमाण नहीं पाए गए। बल्कि स्थानीय लोगों के अनुसार इस स्थल पर बन्दर एवं कुत्ते प्रायः लोगों पर हमला करते है। वन विभाग के प्रभागीय वनाधिकारी एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वारा घटना स्थलों का निरीक्षण समय-समय पर किया जा रहा है। क्षेत्रीय वन अधिकारी।छिबरामऊ एवं उनकी टीम घटना स्थलों पर लगातार गश्त एवं जाँच कर प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रभागीय वनाधिकारी की दे रहे है। प्रभागीय वनाधिकारी ने सभी स्थानीय नागरिको तथा मीडियाजनों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर विश्वास न करें। जनपद में भेड़िए वर्तमान तक नहीं पाए गए है। किसी भी वन्य जीव सम्बन्धी सूचना पाए जाने पर वन विभाग के अधिकारीगण को तुरन्त इसकी सूचना दें।

छह माह में एचटी लाइन हटवाने जानें का भरोसा दिलाया

- टूटी एचटी लाइन की चपेट में आए घायलों का एसडीएम ने जाना हाल

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

एसी से वार्ता करते सभासद व नेता एवं घायलों का हाल लेते एसडीएम समृद्धि न्यूज

बीती शाम नगर के मोहल्ला सीमांत नगर में घरों के ऊपर से गुजरी हाई टेंशन लाइन टूट कर छतों पर जा गिरी जिससे करीब तीन दर्जन बच्चे एवं जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

गुरुवार को नगर के मोहल्ला सीमांत नगर में करंट की चपेट में आए लोगों के परिजनों सहित सभासदों आजम सिद्दीकी, धर्मेंद्र गुप्ता उर्फ बड़े, भाजपा नेता सुमित सक्सेना, सपा नेता उत्कर्ष गुप्ता, अमन खान, मुकीम खान, शादाब खान ने विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर एचटी लाईन हटवाये जाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। विद्युत उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार सिरोही द्वारा उच्चाधिकारियों को घटनाक्रम से अवगत कराया गया जिस पर ए.सी. नंदलाल एक्सईएन राजीव कुमार व उप जिलाधिकारी छिबरामऊ उमाकांत तिवारी ने मौके पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझा बूझकर शांत किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय विद्युत उपकेंद्र से सीमांत नगर से होती हुई पट्टी मटेना तक जाने वाली एचटी लाइन के नीचे करीब 800 मीटर लाइन के नीचे घनी बस्ती बस जाने के कारण लाइन टूटने पर जान माल का खतरा बना रहता है। उच्चाधिकारियों ने टूटी लाइन को जुड़वा कर एवं लाइनों का सर्वे कराकर उच्चाधिकारियों से अनुमोदन प्राप्त कर लाइन को छह माह में हटवाये जाने की कार्यवाही पूर्ण किये जाने का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद एसडीएम उमाकान्त तिवारी ने घायलों के आवासों पर पहुचकर उनका हाल चाल जाना और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। दौरान लेखपाल कौशल पाण्डेय सहित मेराज अहमद मोहम्मद नफीस मोहम्मद अफ्रोज आदि मौजूद रहे।

किसानों का बकाया न मिलनें पर होगा आंदोलन: शमीम सिद्दीकी

- सपा नेता द्वारा किसानों का लाखों रुपए हड़पने का मामला, भाकियू जिलाध्यक्ष ने प्रशासन को दिया अल्टीमेटम

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

समाजवादी पार्टी के एक रसूखदार नेता पर ग्रामीणों ने अमानत में खयानत करने एवं लाखों रुपए हड़पने का आरोप लगाया है किसानो की शिकायत पर भाकियू जिला अध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने जिला प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि किसानों को उनका बकाया पैसा ना मिला वह आंदोलन एवं जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

मामला थाना क्षेत्र के ग्राम तेरा जाकेट गांव का है जहां के ग्रामीण किसान नेता अवध बिहारी अवस्थी सहित सुमन देवी पत्नी अवध बिहारी संजीव दुबे पुत्र रामविलास रजनीकांत सूर्यकांत ललित कांत पुत्रगण सुरेश दत्त द्विवेदी एवं गौरव द्विवेदी आदि ने जनपद के एक वरिष्ठ सपा नेता पर अमानत में खयानत करने का आरोप लगाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की तत्कालीन सरकार में 2015 में सपा नेता ने उक्त लोगों से उनकी जमीन गाटा संख्या 1817 एवं 1818 तथा 1808 एवं 1807 रखवा लगभग 2 एकड़ का एग्रीमेंट कराया था जिसमें यह तय हुआ था की उक्त जमीन का किराया प्रति वर्ष 1 लाख 51 हजार रुपए खेत मालिकों को देंगे। एग्रीमेंट के उपरांत एक वर्ष का किराया खेत मालिकों को दिया गया। उन्होंने कहा कि सपा नेता की मीनाक्षी ट्रेडिंग कंपनी के नाम से फर्म है। जिस नाम से वह ठेकेदारी करते हैं। उन्होंने उनके खेतों में मशीन लगाकर कई वर्ष काम किया लेकिन लगभग 25 लाख रुपए किराया अभी भी बाकी है पीड़ित किसानों द्वारा मामले की शिकायत गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी से की गई। उनकी शिकायत पर तेरा जाकेट पहुंचे जिलाध्यक्ष ने मौके पर मामले की जानकारी के उपरांत कहा कि जिला प्रशासन समरथ को नहीं दोष गुसाई की तर्ज पर काम ना करें। किसानों के इस मामले को गंभीरता से लेकर जिला प्रशासन सपा नेता के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करें। किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन चुप नहीं बैठेगी। सपा नेता से किसानों के पैसे दिलवाए जाए अन्यथा भारतीय किसान यूनियन एवं आंदोलन के लिए बाध्य होगी उधर पीड़ित किसानों ने कहा कि उन्हें सपा नेता द्वारा लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही है।

खेती इत्र के साथ आलू में भी कीर्तमान स्थापित करेगा जनपद

वैज्ञानिक विधि अपनाकर किसान कर सकते है, आय दोगुनी

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

- वैज्ञानिक विधि से आलू की खेती करने से किसानो की आय होगी बढ़ोत्तरी

विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत एवं जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट परिसर में दो दिवसीय किसान आलू गोष्ठी/ प्रदर्शनी का समापन दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विधायक तिर्वा ने कहा कि किसानो के हित में किसान मेला/ गोष्ठी आदि अनेक कार्यक्रम समय-समय पर किये जाते हैं। गोष्ठी में वैज्ञानिको द्वारा दी जाने वाली जानकारी को गहनता से सुने और अपनी नोट बुक में नोट भी करें। वैज्ञानिकों द्वारा दी जाने वाली जानकारी को अपनी खेती में प्रयोग कर कम लागत से अधिक पैदावार करें। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा जनपद इत्र से जाना जाता है। और आलू से भी जाना जाये ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं। अब आलू के लिये धीरे-धीरे हमारा जनपद विख्यात हो रहा है। जो दो से तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इसे और बढ़ाया जाये जिससे किसानो की आय दोगुनी हो सके। कहा कि केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम् मेरठ के वैज्ञानिकों द्वारा बीज शोधन एवं रख रखाव, समय से बीज रोपड़, सिचाई की विधि, कीटों की पहचान एवं उचित दवा का छिडकाव आदि बिन्दुओ एवं नई तकनीकी खेती पर भी किसानों को जानकारी दी जा रही है। धान क्रय केन्द्र हेतु अपर जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिसमें अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। धान समय से क्रय किया जायेगा। कहा कि कन्नौज सूरजमुखी के नाम से जाना जाता है। अच्छी किस्म की वैरायटी न होने कारण सूरजमुखी की पैदावार कम हो गयी लेकिन अब नई वैरायटी के बीज उपलब्ध है, जिससे कम लागत से अधिक मुनाफा ले सकते हैं। गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिक डॉ सुशील कुमार ने कहा कि मक्का की बुबाई का कार्य हर हाल में 25 फरवरी तक पूर्ण करे। विलम्भ की दशा में तापमान अधिक हो जाने के कारण भुट्टों में दाने की कमी हो जाती है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम संचालक डॉ अरविन्द कुमार ने मक्के की खेती में जलवायु के प्रवाह पर विस्तृत जानकारी दी। वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 अजय कुमार यादव, चन्द्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर ने बताया कि आलू पर विशेष परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम् मेरठ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार चौहान ने कहा कि बीडर सीड से आलू की नई प्रजाति बनाकर किसानों को मुहैया करा रही है। जिससे नई प्रजाति की आलू की अच्छी पैदावार करके किसान अपनी आय दोगुना कर सकते है।

उपनिदेशक उद्यान मुकेश कुमार ने बताया कि कृषि को उद्योग के रूप में समझे, क्योकि यह आपका उद्योग है और जब आप अपने उद्योग में अच्छी लगन से कार्य करेगें तो अच्छा मुनाफा भी मिलेगा। 1-4 हजार मीटर तक पाली लगाने पर सरकार 50 प्रतिशत अनुदान देकर पाली हाउस योजना से किसानों को आच्छादित कर रही है। कहा कि किसान भाई पॉली हाउस को अपनाएं। सरकार 90 प्रतिशत अनुदान पर ड्रिप स्प्रिंकलर सिचाई योजना से किसानो को लाभान्वित कर रही है।

अनुमन्य है, अन्य किसी कम्पनी को यह अधिकार नही है, कि वह बीडर सीड बना सके। संस्थान बीडर सीड बनाकर राज्य सरकार को मुहैया कराता है। राज्य सरकार बीडर सीड से आलू की नई प्रजाति बनाकर किसानों को मुहैया करा रही है। जिससे नई प्रजाति की आलू की अच्छी पैदावार करके किसान अपनी आय दोगुना कर सकते है।

गंगा में 15 सेंटीमीटर व रामगंगा में 20 सेंटीमीटर बढ़ा जलस्तर

- रामगंगा में आई बाढ़ से अमैयापुर डिप पर चल रहा कई फिट पानी
- बाढ़ से माखन नगला पुलिया के पास कटी सड़क, ग्रामीण परेशान
- थानाध्यक्ष ने बाढ़ क्षेत्र का किया निरीक्षण, पीड़ितों के लिये हालचाल

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

गंगा व रामगंगा में आई बाढ़ ने अब तबाही मचानी शुरू कर दी है। जिसके कारण 60 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। चार दर्जन से अधिक संपर्क मार्गों पर कई फिट से अधिक पानी चल रहा है। गंगा नदी आज खतरे के निशान से 15 सेंटीमीटर ऊपर बहने लगी हैं। जिसके कारण बाढ़ का संकट नजर आ रहा है। माखन नगला, राम प्रसाद नगला, कालिका नगला, पंचम नगला, नगला रोशन, करनपुर घाट, कड़री सारंगपुर, मंझा, बनारसीपुर, कनकापुर, रामपुर जोगराजपुर, बमियारी, मड़ैया तौफीक, सारंगपुर, करनपुर घाट, फखरपुर समेत 40 से अधिक गांवों पर बाढ़ का संकट मंडराने लगा है। जिसके कारण ग्रामीण व राहगीर जान जोखिम में डालकर पानी से आवागमन कर रहे हैं। प्रशासन के द्वारा नावें भी लगा दी गई हैं। बाढ़ से निपटने के लिए तहसील प्रशासन बाढ़ पीड़ितों की मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करने में जुटा है।

गांव में घुसा बाढ़ का पानी

बाढ़ के पानी से कटी सड़क

बाढ़ का निरीक्षण करतीं थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी आदि

गंगा व रामगंगा का कई संपर्क मार्गों पर चल रहा पानी, कई मार्ग कटे

गंगा व रामगंगा नदी में लगातार छोड़े जा रहे पानी ने अब विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है जिसके कारण ग्राम अमैयापुर, खाखिन संपर्क मार्ग, पूर्वी गौंटिया, फकरपुर, कुड़री सारंगपुर समेत 40 से अधिक गांवों के सम्पर्क मार्गों पर कई फिट पानी चल रहा है। जिससे ग्रामीण पानी से होकर आवागमन करने को मजबूर हैं। इसके अलावा हमीरपुर माखन नगला संपर्क मार्ग पानी की तेज धार होने के कारण कटना शुरू हो गया है। जिसके कारण राम प्रसाद नगला, कालिका नगला आदि गांव का संपर्क मार्ग बंद होने की कगार पर है। प्रशासन के द्वारा अभी तक नाव की व्यवस्था नहीं की गई है।

रामगंगा की बाढ़ से प्रभावित हुई फसलें

बाढ़ से गांव हीरानगर, गुडेरा, गुलरिया, भावन, रुलापुर, अमैयापुर, खाखिन, मोकुलपुर, चिड़िया महोलिया, सिकंदरपुर आदि गांव की फसलें प्रभावित हुई है तथा कई गांव में पानी भी जाना शुरू हो गया है। जिससे ग्रामीणों के दिलों की धड़कनें तेज हो गयी हैं।

बाढ़ क्षेत्र में नहीं पहुंच रही स्वास्थ्य टीमें

ग्राम गुड़ेरा निवासी कामता प्रसाद पुत्र महेंद्र ने बताया उसे करीब 8 दिन से बुखार आ रहा है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में नहीं पहुंच रही है। जिसके कारण वह बाढ़ के पानी से गुजर कर दवा लेने जाने को मजबूर है। इसके अलावा गांव में अन्य कई लोग वायरल बुखार, जुकाम, खांसी से पीड़ित चल रहे हैं।

रामगंगा नदी में आई बाढ़ के कारण पीएसी तैनात

रामगंगा नदी में आई बाढ़ के कारण अमैयापुर संपर्क मार्ग पर कई फिट से अधिक पानी चल रहा है। जिसके कारण प्रशासन ने अनहोनी को देखते हुए पीएसी की बटालियन राम प्रकाश कमांडर के नेतृत्व में लगा दी है। जो राहगीरों को रास्ता पार करवा रही है। दूसरी तरफथाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बाढ़ क्षेत्र का मोटर वोट पर बैठकर निरीक्षण किया। बाढ़ पीड़ितों से हालचाल जानकर हर संभव मदद देने की बात कही।

गंगा नदी की बाढ़ से तीन परिवार पंचायत भवन में ठहरे

बाढ़ के चलते कुड़री सारंगपुर निवासी ममता पत्नी सुनील 6 बच्चों के साथ, तो सूरजमुखी पत्नी भगवान दास दो बच्चों के साथ तथा सगुना पत्नी सुल्तान 6 बच्चों के साथ पंचायत भवन को अपना ठिकाना बनाया है। वही बलीपट्टी निवासी बृजेश पुत्र रामस्वरूप की दीवार बाढ़ के पानी से गिर गई। जिससे एख बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

गंगा व रामगंगा नदी में कितना छोड़ा गया पानी

आज सुबह 8.00 बजे गंगा नदी में 115180 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिससे गंगा नदी के जलस्तर मे 15 सेंटीमीटर की उछाल देखी गई है। गंगा नदी इस समय 137.25 सेन्टीमीटर पर बह रही है। रामगंगा नदी में आज सुबह खो बैराज से 7753, हरेली बैराज से 312, रामनगर बैराज से 4731, कुल टोटल 12796 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिससे रामगंगा का जलस्तर बढ़कर 137.30 पर पहुंच गया। अब रामगंगा के जलस्तर खतरे के निशान से 20 सेंटीमीटर पर बह रहा है।

खबरें चलते-चलते

स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत विधायक ने चलाया सफाई अभियान

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर गांधी जयंती तक पूरे भारत वर्ष में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार को अमृतपुर से विधायक सुशील कुमार शाक्य ने कस्बा अमृतपुर पहुंचकर सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय प्रांगण में प्रधान अमृतपुर सचिन देव तिवारी व मंडल महामंत्री नीरज अवस्थी के साथ मिलकर साफ-सफाई अभियान चलाया। विधायक सहित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने झाड़ू लेकर विद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई की। विधायक सुशील शाक्य ने बताया है कि मोदी के जन्म दिवस से गांधीजी की जयंती तक स्वच्छता सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पूरे भारत में साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। हम सभी को अपने आसपास साफ -सफाई का विशेष ध्यान रखना होगा। अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता अति आवश्यक है। इसलिए हमें अपने गली मोहल्ले और घर पर साफ- सफाई रखनी चाहिए। इस मौके पर सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाध्यापक मनोज आचार्य, प्रमोद आचार्य, भाजपा नेता आलोक बाजपेई, प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य प्रिंस चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

सफाई अभियान चलाते विधायक, प्रधान सचिन देव तिवारी आदि

नगर पंचायत अध्यक्ष ने कर्मचारियों के साथ निकाली स्वच्छता रैली

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर समस्त कर्मचारियों के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष ने रैली निकालकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नगर पंचायत कार्यालय पर आज प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे थे स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने नगर पंचायत के समस्त कर्मचारियों के साथ रैली निकालकर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान कर्मचारी रास्ते भर नारे लगाते चल रहे थे और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक कर रहे थे। नगर पंचायत ने समस्त कर्मचारियों को निर्देशित किया कि साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। क्षेत्र में गंदगी को कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से बीमारियां दूर भागती हैं, जबकि गंदगी से बीमारियां फैलती हैं। इसलिए हम सबको अपने आसपास साफ-सफाई रखनी है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत, अधिशासी अधिकारी अखिलेश कुमार यादव, लिपिक विकास गंगवार, हितांशु गंगवार, अहंकार राजपूत सहित समस्त सफाई कर्मचारी व नगर पंचायत स्टाफ रैली में मौजूद रहा।

रैली के दौरान मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष व कर्मचारी

खेत से लौट रहे युवक को दबंगों ने पीटा, पिस्तौल तानने का आरोप

- पीड़ित ने थाने में दी तहरीर, पुलिस जांच में जुटी

घटना की जानकारी देता पीड़ित

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज। थाना राजेपुर क्षेत्र के कस्बा निवासी पीड़ित धर्मेंद्र सिंह पुत्र राजेश्वर सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि जब वह अपने खेत से तेली मोहल्ला से होकर घर आ रहा था, तभी कस्बा के ही निवासी अर्जुन के घर के पास रुक कर बातचीत करने लगा, तभी कस्बा निवासी अंकित पुत्र धीरेंद्र अपने साथी अनुज उर्फ रॉकी, टप्पे, माना, विकास दो तीन अन्य साथियों को लेकर आए तथा पीड़ित के साथ गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़ित ने मना किया, तो गुस्साए दबंगों ने लात-घूसों से मारपीट कर दी। जब अपना दुखड़ा रोने के लिए थाना क्षेत्र के गांव महेशपुर निवासी माना के यहां गया। वही पीड़ित ने आरोप लगाते हुए कहा कि माना के घर पर पहले से ही मौजूद अनुज उर्फरॉकी ने जान से मारने की नियत से पीड़ित पर पिस्तौल तान दी। जिसकी सूचना पीड़ित ने थाने पहुंचकर दी है। थाना अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी ने बताया है जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

दबंग दंपति ने युवक को पीटा

कंपिल, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के गाँव खेतलपुर सौरिया के मजरा अनरतला निवासी नीलेश बुधवार देर शाम गाँव के ही एक ग्रामीण की झोपड़ी मे बैठा था, तभी गाँव का दबंग युवक व महिला आकर आकरण गाली-गलौज करने लगे। नीलेश ने विरोध किया तो उक्त लोग गाली-गलौज कर लात-घूसो से मारपीट करने लगे। ग्रामीणों के आ जाने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। नीलेश ने थाने आकर तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

एचटी लाइन से चिपक कर दंपति झुलसे

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पितौरा निवासी नन्हीदेवी उम्र 45 वर्षीय पत्नी नक्कू कोरी छत पर कपड़े सुखाने के लिए दीवार पर डाल रही थी। छत के ऊपर से गुजर रही एलटी लाइन की चपेट मे आकर चिपक गई। पत्नी को चिपका देख छुड़ाने आये पति को भी करन्ट लग गया। जिससे पति पत्नी दोनो एलटी लाइन की चपेट मे आकर बुरी तरह झुलस गये। आनन-फानन मे परिजन गाँव वालो की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

प्रभारी मंत्री का कार्यक्रम लगने की आहट से बीडीओ हलकान

- सचिवों की बैठक बुलाकर व्यवस्थायें दुरुस्त करने के दिये निर्देश

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

विकास खंड कार्यालय परिसर में प्रभारी मंत्री का कार्यक्रम लगने की आहट से खंड विकास अधिकारी ने कर्मचारियों के पेंच कसे और व्यवस्थायें चाक चौबंद करने के निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार विकासखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को विकास खंड अधिकारी श्रीवास्तव ने ग्राम सचिवों की बैठक बुलाई। जिसमें कल विकास खंड पर लगे स्वच्छता पकवाड़ा कार्यक्रम को लेकर प्रभारी मंत्री के आने की आहट से विकास खंड कार्यालय पर कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गयी। विकासखंड अधिकारी में ग्राम पंचायत कनासी में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाकर 4.00 बजे कार्यालय पर कर्मचारियों की बैठक बुलाई। जिसमें क्षेत्र में योजनाओं में शिथिलता बरते जाने पर गहरी नाराजगी जताई तथा ग्राम पंचायत में आये धन को खर्च न करने पर ग्राम सचिवों का वेतन रोकने की बात कही। उन्होंने बताया कि जिन ग्राम पंचायत में पैसा खर्च का परसेंट सही नहीं होगा उन ग्राम सचिवों के वेतन को रोक दिया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र में बना रहे आरसीसी सेंटर तथा कूड़ा कलेक्शन रिक्शा 2 दिन के अंदर खरीदने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जो कूड़ा कलेक्शन के लिए ई-रिक्शा खरीद लेगा वही ग्राम पंचायत में पेमेंट लग पाएगा और जो नहीं खरीद पाएगा वह पेमेंट नहीं लग पाएगा और इससे धन खर्च का स्तर गिरता है, तो संबंधित सचिव तथा तकनीकी सहायकों का वेतन रोक दिया जाएगा। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, बीडीओ आईएसबी सुखदेव सिंह, ग्राम सचिव जगवीर सिंह, अनुपम बाजपेई, सुनील कुमार, प्रमोद शुक्ला, अरविंद कुमार, अखिलेश कुमार, सुनील कुमार, कुलदीप कुमार, तकनीकी सहायक सुशील कौशल, विनय कुमार, मनोज सिंह एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर, मनरेगा सहायक राहुल चंदेल, आलोक पाठक, लिपिक राज भारती, एडीओ समाज कल्याण प्रवीण कुमार, नियोजन विभाग के अधिकारी इंदल बाबू , आलोक दीक्षित आदि समस्त कर्मचारी बैठक में मौजूद रहे।

सचिवों की बैठक लेते बीडीओ समृद्धि न्यूज

मार्ग दुर्घटना में दंपति व बच्ची घायल

कापमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के गाँव उलियापुर इजौर निवासी लब्ली उम्र 27 वर्ष अपने पति पंकज के साथ बाइक द्वारा छः माह की बच्ची कि दवा लेने कायमगंज की ओर आ रहा था। लुथैया पावर हाउस के निकट पहुंचते ही अज्ञात बाइक चालक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों लोग नीचे गिर गये और पति पत्नी घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लब्ली को फर्रुखाबाद लोहिया अस्पताल के लिए रफर कर दिया।

बाइक खड़ी करने के विवाद में मेडिकल संचालक ने की मारपीट, तानी पिस्टल

- पुलिस से भी जमकर की धक्का मुक्की, थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे
- आरोपी जयवीर को पकड़कर थाने लाने में पुलिस के छूटे पसीने

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

बाइक खड़ी करने के विवाद में विवाद हो गया। दबंग मेडिकल स्टोर संचालक ने दूसरे पड़ोसी मेडिकल स्टोर संचालक और उसके परिजनों को जमकर पीट दिया। मौके पर पहुंची पुलिस के साथ भी आरोपी और उसके गुर्गों ने जमकर धक्का-मुक्की कर दी। बाद में पुलिस आरोपी को थाने लायी।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट क्षेत्र निवासी पंकज अवस्थी का श्रीराम मेडिकल है। पंकज ने बताया कि कादरीगेट में उनके पड़ोस में डॉ0 विपुल अग्रवाल का अस्पताल है। जिसके मेडिकल पर आवास विकास निवासी जयवीर सिंह बैठता है। गुरुवार को अस्पताल आये एक व्यक्ति ने बाइक पंकज के मेडिकल के सामने खड़ी कर दी। जिस पर पंकज ने आपत्ति जाहिर कर बाइक को हटाने का दबाब बनाया। जिस पर वेदांता अस्पताल का मेडिकल स्टोर संचालक जयवीर सिंह बाहर आ गया और उसने पंकज अवस्थी के साथ मारपीट कर दी। पंकज का आरोप है कि उसके ऊपर जयवीर ने पिस्टल तान दी। मामले की तहरीर पंकज ने थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची, तो जयवीर ने पंकज के भाई मनोज अवस्थी व भाभी विमलेश के साथ भी मारपीट कर दी। जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पाण्डेय भारी पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे। उन्होंने आरोपी जयवीर से थाने चलने की बात कही, तो वह विवाद करने लगा। उसने पुलिस के साथ जमकर विवाद और धक्का-मुक्की कर दी। पुलिस उसको कड़ी मशक्कत के बाद गाड़ी में बैठा सकी और थाने लायी। बताते चलें कि डॉ0 विपुल अग्रवाल के अस्पताल के बाहर पार्किंग नहीं है। जिससे आये दिन जाम लगता है और विवाद होता है। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

पंकज अवस्थी को पीटता मेडिकल संचालक

हैंडपंप पर पानी भरने के विवाद में चले लाठी-डंडे

कंपिल, समृद्धि न्यूज

हैंडपम्प पर पानी भरने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिससे जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें एक पक्ष की युवती घायल हो गयी। दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव उतमाननगर निवासी अशोक के घर के सामने नल लगा है। बुधवार शाम अशोक की पुत्री रंजना व उसके सगे भाई राजवीर की पुत्री जानवी पानी भर रही थी। किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गयी। दोनों में मारपीट होने लगी। ग्रामीणों ने बीच बचाव कर दोनों को वहां से भगा दिया। कुछ समय बाद दोनों पक्ष आमने सामने हो गए। जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमे अशोक की पुत्री रंजना घायल हो गयी। मौके पर पहुंची 112 नंबर पुलिस ने घायल को सीएचसी कायमगंज भेज दिया। गुरुवार सुबह दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिया। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया तहरीर मिली है। कार्रवाई की जाएगी।

बुनियादी भाषा एवं गणित पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षकगण तथा एआरपी समृद्धि न्यूज

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

खण्ड शिक्षा कार्यालय पर बुनियादी भाषा एवं गणित पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के खंड शिक्षा कार्यालय पर गुरुवार को सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजना बुनियादी भाषा पर आधारित गणित का चार दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिसमें क्षेत्र के शिक्षक, शिक्षिकओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं निपुण लक्ष्य के तहत आरपी बलवीर सिंह तथा बृजेश, पुष्कर ने शिक्षक- शिक्षिकओं को प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर क्षेत्र के खंड कार्यालय पर शिक्षकगण तथा एआरपी मौजूद रहे।

गंदी जगह छोड़ साफ जगह पर झाड़ू पकड़कर खिंचवा रहे फोटो

स्वच्छता अभियान के नाम पर भाजपाई कर रहे ड्रामा

- क्या ऐसे गांधीजी का सपना होगा साकार जो पीएम ने देखा है

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर जनपद में स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसके तहत जनप्रतिनिधि झाड़ू पकड़कर साफ सुथरी जगह पर फोटो खिंचवाते नजर आ रहे हैं। भाजपाइयों के इस ड्रामे की चंहुओर चर्चा हो रही है।

जानकारी के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत वर्ष 2014 में की गयी थी। स्वच्छ भारत बनाने का महात्मा गांधी ने सपना देखा था। उन्हीं के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी के इस सपने को साकार करने का वीणा उठाया, तभी से यह अभियान लगातार जारी है। वहीं बीते दिन भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान व प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत की गयी। जिसमें जनप्रतिनिधि उस स्थान पर झाड़ू पकड़े दिखायी पड़ते हैं, जहां पहले से साफ-सफाई होती है। उनका उद्देश्य मात्र फोटो खिंचवाने तक ही सीमित रहता है। जहां पर वास्तव में गंदगी होती है, वहां पर रुकना भी पसंद नहीं करते हैं। झाड़ू लगाना तो बहुत दूर की बात। इससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा स्वच्छता पखवाड़े के नाम पर सिर्फ फोटोसेशन तक ही सीमित होकर रह गयी है। कई लोगों का कहना है कि क्या ऐसे गांधी जी का सपना साकार होगा, जो वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देखा है। अगर वास्तव में स्वच्छता अभियान चलाना है, तो मलिन बस्तियों में जाओ जहां पर वास्तव में गंदगी पसरी है। जहां से लोगों का निकलना तक दूभर हो रहा है। जनप्रतिनिधियों दिखावे की राजनीति छोड़कर हकीकत की राजनीति करो। अगर वाकई में सफाई करनी है, तो हर जनप्रतिनिधि अपने दरवाजे व आसपास सुबह उठकर झाड़ू लगाने लगे, तो इससे काफी हद तक स्वच्छता अभियान को सफल बनाया जा सकता है और उन्हें देख अन्य लोग भी अपने आसपास सफाई रखने लगेंगे।

सफाई अभियान चलाते सांसद समृद्धि न्यूज

बाढ़ से सैकड़ों गांव व हाइवे जलमग्न

नाविक व बड़े वाहन संचालक कर रहे लोगों से अवैध वसूली

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

गांव में भरा बाढ़ का पानी समृद्धि न्यूज

गंगा नदी में पिछले कई दिनों से लगातार पानी छोड़े जाने का दौर जारी है। पानी छोड़ जाने के बाद कटरी क्षेत्र में भयावह हालत हो गए हैं। वहीं ग्रामीणों के आगे रोजी रोटी की समस्या भी विकराल हो गई। कहीं-कहीं लोग जलमग्न इलाको में जैसे तैसे गुजारा कर रहे हैं, कोई छत को सहारा बनाए हुए है तो कोई चारपाई को, किसी को चारपाई के सहारे घर गृहस्थी का कार्य करते हुए देखा जा रहा है। वर्तमान में बाढ़ पीड़ित इलाकों में अजीजाबाद, लुखड़पुरा, कैंचिया, अचानकपुर, भिडौर, रूपपुर मंगलीपुर, रम्पुरा, गढ़िया हैबतपुर, कटरी तौफिक, भगवानपुर, बांसखेड़ा, पैलानी दक्षिण, समैचीपुर चितार, बल्लू बेहटा, नगला बसोला, कासिमपुर तराई, गुटैटी दक्षिण, जैतपुर, सैदपुर पिस्तौर, जमुनियन नगला, बाजिदपुर आदि गांवों के अलावा खेत खलियानों में भी पानी भरा हुआ है। ग्रामीणों के आगे रहने तथा खाने पीने की समस्याएं विकराल है। वहीं पशुओं का हाल बेहाल है। हर तरफ सैलाब आने से किसानों की हजारों बीघा फसलें जलमग्न है। जहां पानी कम हुआ वहां बदबू फैल रही है। जिससे संक्रामक बीमारियां फैल रही है। ग्रामीणों के अनुसार सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी, उल्टी, दस्त आदि बीमारियां फैल रही है। जिससे झोलाछाप बाढ़ पीड़ितों से अच्छी खांसी कमाई कर रहे है। ढाई घाट शमशाबाद-शाहजहांपुर मार्ग जिस पर कभी छोटे बड़े वाहन फर्राटा भर कार्य रहे थे वह भी हैरान है लंबे समय से जारी बाढ़ के सैलाब से सड़कों पर बढ़े बड़े गड्ढे हो गए है। जो जानलेवा साबित हो सकते है। पुलिस द्वारा शमशाबाद शाहजहांपुर मार्ग पर ग्राम चौराहार हर के निकट जल सैलाब के कारण मार्ग बंद कर दिया गया। सुरक्षा की दृष्टि से दोनों तरफ पुलिस फोर्स को लगा दिया गया। कुछ लोग बड़े वाहनों का प्रयोग कर पैदल व साइकिल सवार लोगों से अवैध वसूली कर रहे है। लोगों की मजबूरी का फायदा आजकल नौका संचालक तथा बड़े वाहन उठा रहे हैं। अब देखना है जिला प्रशासन तथा समाजसेवी जनप्रतिनिधि क्या रोल निभाते है।

स्वच्छता अभियान के तहत विद्यालय में विधायक ने लगायी झाड़ू

विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाते विधायक व प्रधानाचार्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। गंगापार महात्मा गांधी इंटर कालेज राजेपुर में स्वच्छता जागरुकता अभियान के अन्तर्गत अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य द्वारा विद्यालय में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। सुशील शाक्य द्वारा विद्यालय में बनी अटल टिंकरिंग लैब की साफ-सफाई व उपकरणों को साफ किया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को नियमित साफ-सफाई की आदतों को दिनचर्या में अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने आवाह्न करते हुए कहा कि साफ-सफाई ही व्यक्ति को स्वस्थ्य रखती है। प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने छात्रों को किस प्रकार हाथों को स्वच्छ रखे। उन्होंने स्वयं अपने हाथों को धोकर छात्रों को समझाया। विधायक द्वारा विद्यालय में आम, अमरुद, चीकू, बेल, सहजन, नीबू आदि के वृक्षों को लगाया गया। इस अवसर पर प्रधान प्रदीप गुप्ता, प्रदीप सिंह, विवेक सिंह, सुधीर पाल, वीरेन्द्र कुमार, सुनील कुमार, भूपेन्द्र सिंह, रामानंद, देवेन्द्र कुमार, निशीकांत अग्निहोत्री, कौशल कुमार, नवल किशोर आदि लोग मौजूद रहे।

किसान नेताओं ने बांध बनवाने की डीएम से की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान नेता समृद्धि न्यूज

किसान लोक शक्ति संगठन ने जिला मुख्यालय पहुंचकर समस्याओं संबंधित मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। मंडी सिमिति कायमगंज को खाली करवाने व तराई क्षेत्र के गंगा तट बांध बनाए जाने हेतु ज्ञापन में मांग की गई।

गंगा तट बंधा क्षेत्र तराई के 156 गांव जो कि भयानक बाढ़ से जूझ रहे है। कई दर्जन गावों का मुख्यालय से संपर्क टूट चुका है। ऐसे में शासन प्रशासन सो रहा है, अभी तक ग्रामीणों को न तो मेडिकल सुविधा और न ही खाने पीने की सुविधा अथवा बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने के लिए स्टीमर सुविधाओं की कोई व्यवस्था नहीं की गई। सारी सुविधाएं शासन व प्रशासन के कागजों तक ही सीमित है, धरातल पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। हर साल से बाढ़ की मारामारी में ग्रामीणों की करोड़ो रुपये की फसलों का नुकसान व हजारों की संख्या में जानें जा गवां चुके है। डूबने जैसी घटनाएं हो रही है। ऐसी स्थिति को देखते हुए किसानों व ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गांव अचानकपुर से वीर सहाय की मड़ैया लगभग 5 किलोमीटर तक तट बांध बनाने मांग की है। जिससे लोगों को आगे आने वाले समय में बाढ़ से निजात मिल सकें। इस समस्या को किसानों ने कई बार उठाया, लेकिन जन प्रतिनिधियों की तरफ आज तक कुछ नहीं किया गया और केवल लॉलीपाप मिला है। किसानों ने कहा कि जल्द ही बांध बनाने का कार्य नहीं किया गया तो किसान अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कमलेश राजपूत, प्रदेश अध्यक्ष हरलाल राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष कमालगंज किसान नेता शुभम हनी, मेजर श्यमपाल सिंह, अवनीश सिंह तोमर, जगदीश यादव, सत्यपाल पाल, ऋषिपाल, अजय शाक्य, जोगराम राजपूत, इंजीनियर नीरज प्रताप शाक्य, अंकित शाक्य, रोहित कुमार, विमल चौहान, शिवपाल सिंह, अमरीश यादव, रणधीर, सतेंद्र यादव आदि किसान नेता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

डीएम ने विकास कार्यों की समीक्षा

बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक के कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जनपद में चल रही 61 योजनाओं की समीक्षा की गई। जिनमें 15 योजनाओं का कार्य पूर्ण हो गया है। 46 निर्माणाधीन है, डीएम ने निर्देशित किया कि सभी कार्यदायी संस्था, सभी साइडों पर अपने साइड ऑफिस बनाये। निर्माण कार्यो में मानक व गुडवत्ता का विशेष ख्याल रखा व सभी कार्यो को ससमय पूर्ण किया जाये। समीक्षा में उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ व सिडको का कार्य सबसे खराब पाया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

मोहन लाल शुक्ला इंटर कालेज में हुआ वृक्षारोपण

वृक्षारोपण करते भाजपा नेता व प्रधानाचार्य संदीप चतुर्वेदी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने मोहनलाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज में आयोजित स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संपन्न होने वाले कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया व विद्यालय में वृक्षारोपण हुआ। शिक्षकों, छात्रों एवं कार्यकर्ताओं के मध्य कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता सत्यपाल पाल सिंह ने की। प्रधानाचार्य व जिला संयोजक भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ डॉ0 संदीप कुमार चतुर्वेदी, हिमांशु गुप्ता, ममता सक्सेना, मण्डल अध्यक्ष विकास पांडे मौजूद रहे। प्रधानाचार्य डॉ0 संदीप कुमार चतुर्वेदी ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। साथ ही प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि स्वच्छता ईश्वरत्व के समान है, गांधी जी के इस संदेश के द्वारा स्वच्छता पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता से व्यक्ति मानसिक, शारीरिक, मनोवैज्ञानिक रूप से स्वस्थ होता है। शरीर जीवन का अमूल्य अंग है। सेवा जीवन को सार्थक बनाती है। देश और समाज के संपूर्ण विकास के लिए सेवा ही एकमात्र विकास और प्रगति का आधार है। समस्त बूथ अध्यक्षो, शक्ति केंद्र अध्यक्षो, मंडल कार्यकर्ताओं, विद्यालय के शिक्षक चंद्रपाल, सतेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, कृष्ण मोहन, संतोष सरोज, संदीप कुमार, शिव विवेक मिश्रा, यशपाल आदि लोग मौजूद रहे।

सपा सदर विधानसभा की मासिक बैठक सम्पन्न

बैठक में मौजूद विधानसभा अध्यक्ष समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सदर विधानसभा की मासिक बैठक गुरुवार को पार्टी कार्यालय आवास विकास पर संपन्न हुई। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष चंद्रेश राजपूत ने की एवं संचालन अजय यादव ने किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा प्रत्याशी को सदर विधानसभा में मिले मतों का लेखा-जोखा ब्लाकवार व सेक्टर वार इकट्ठा किया एवं पार्टी मुखिया की विचारधारा को आधार बनाकर चलने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जो पदाधिकारी लगातार अनुपस्थित रहे हैं उन्हें अंतिम चेतावनी दी जाती है कि अगली बैठक में ना आने पर अपने आपको पदमुक्त मान लें। जिला सचिव रामपाल सिंह यादव ने सभी जातिवाद धर्म के लोगों को पदाधिकारी बनने की बात कही। इस मौके पर राज मनोहर तिवारी, पंकज यादव, अंकित यादव, मुरारी लाल कठेरिया, अंकुर शाक्य, विमलेश शर्मा, रघु मंगल सिंह, रणवीर सिंह, हरिओम शुक्ला, अंकित यादव, कृष्ण कुमार राजपूत आदि मौजूद रहे।

रंगबाजी दिखा दो लोगों ने युवक को पीटकर किया अधमरा

जालौन (उरई)। रंगबाजी दिखाते हुए दो लोगों ने मिलकर युवक के साथ गाली गलौज करते हुए न सिर्फ मारपीट की बल्कि जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी सूरज विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम के चलते चौराहे पर गया था। वहीं शिवकुमार निवासी मदारीपुर व उसके साथी धीरज निवासी उदोतपुरा मिल गए। जहां उन्होंने जबरन उसे रास्ते में रोककर रंगबाजी दिखाते हुए गाली, गलौज शुरू कर दी।

एआरपी ने किया सत्र परीक्षा का औचक निरीक्षण

छात्र से सवाल पूछते एआरपी समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। प्रथम सत्र परीक्षा के पहले दिन एआरपी जसविंदर गंगवार ने प्राथमिक विद्यालय मदारपुर पहुंच कर परीक्षा का जायजा लिया। जिसमें चौसठ बच्चों के सापेक्ष अट्ठावन उपस्थित मिले। सभी कक्षाओं में बच्चे सीटिंग प्लान के अनुसार बैठकर परीक्षा दे रहे थे। प्रधानाचार्य राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि आज सभी कक्षाओं में मौखिक परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में अनुपस्थित बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर शत-प्रतिशत उपस्थिति का प्रयास किया गया। योगेन्द्र कुमार, आकाश पाल, कमलेश राजपूत एवं स्वयं प्रधानाध्यापक ने कक्ष निरीक्षक की भूमिका निभाई। मध्यान्तर के बाद एआरपी ने सपोर्टिव सुपरविजन कर स्टाफ की मीटिंग में निपुण स्कूल पर विस्तार से चर्चा की।

जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने लिया भाग

भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

योगासन प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी समृद्धि न्यूज

भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में जनपदीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जनपद के महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज, मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज, एनएकेपी इंटर कालेज, जनता इंटर कालेज रशीदाबाद, रस्तोगी इंटर कालेज, भारतीय पाठशाला इंटर कालेज के प्रतिभागियों ने भाग लिया। योगासन शीर्ष आसन, सर्वांग आसन, मत्स्य आसन, उत्तानपाद आसन, सूर्य नमस्कार, पश्चिमोत्तान आसन, गर्भासन, भू-नमन आसन, शलभासन आदि में छात्र-छात्राओं ने कौशल का प्रदर्शन किया। निर्णायक मण्डल में सरिता त्रिवेदी, धनश्याम बिंद ने निर्णय कर विभिन्न वर्गों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय परिणाम घोषित किये। अंडर-14 बालिका वर्ग में गुनगुन ने प्रथम, पूजा द्वितीय व गौरी तृतीय रही। बालक वर्ग में अजय प्रथम, आशुतोष द्वितीय नैतिक तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-17 बालिका वर्ग में सुहानी राठौर प्रथम, कृति शुक्ला द्वितीय, अल्का अंसारी तृतीय रही। बालक वर्ग में प्रियांश कुमार प्रथम, कार्तिक तिवारी द्वितीय, कौशलेन्द्र तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य संयोजक दिनेश कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों को योग की महत्वता एवं उससे होने वाले शारीरिक एवं मानसिक संवेगात्मक बौद्धिक पर प्रकाश डाला। निर्णायक मण्डल की भूमिका में सरिता त्रिवेदी द्वारा योग के माध्यम से शरीर को निरोग रहने के बारे में बताया गया। विद्यालय के व्यायाम शिक्षक केशव कुमार गंगवार ने योग की जानकारी दी व संचालन किया। इस अवसर पर इंद्रा रारौर, नीता दुबे, कुसुमलता आदि शिक्षिकायें मौजूद रही।

डीएम ने दिव्यांग सहायता शिविर का फीता काटकर किया उद्घाटन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

शिविर का फीता काटकर उद्घाटन करते डीएम समृद्धि न्यूज

एसएन साध ट्रस्ट द्वारा डॉ0 रजनी सरीन के संयोजन में आयोजित दिव्यांग शिविर का उद्घाटन जिलाधिकारी वी0के0 सिंह ने फीता काटकर किया। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ0 सुबोध वर्मा भी उपस्थित रहे। जयपुर फुट नामक भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति के 5 विशेषज्ञ गणेश, मोनिका, शेखर, अवधेश, हलदर अपनी सेवा दे रहे है। ईएनटी के स्पेशलिस्ट डॉ0 शिखर सक्सेना तथा उनकी टीम परीक्षण कर मरीजों को ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क दवायें तथा कान की मशीन दे रहे है। दिव्यांग सेवा शिविर में एसएन साध ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी राकेश साध तथा चमकेश साध अपनी विशेष टीम के साथ सेवा दी। डॉ0 कार्तिकेय सिंह और डॉ0 केजी बाथम मरीजों का परीक्षण किया। गुरुवार को वॉटे गये उपकरण 28 ट्राई साइकिल, 10 व्हील चेयर, 20 छड़ी, 16 कैलीपर, 10 कृत्रिम पैर, 3 कृत्रिम हाथ, 20 वैशाखी, 08 वॉकर, 22 जोड़ी जूते, 61 कान की मशीन रही है। 155 ने रजिस्ट्रेशन कराया। दिव्यागों को अपना आधार कार्ड लाना आवश्यक है। इस अवसर पर मधु साध, प्रिया साध, रीतेश साध, अमर साध, उदयपाल, विजय कुमार, आकाश सिंह कश्यप, शीष मेहरोत्रा, समाजसेवी संजय गर्ग, रोहित गर्ग, राहुल कश्यप, नितिन कश्यप, रजत कश्यप, सुजीत श्रीवास्तव, अंकुर पाठक, नरेश, जगदीश, रोविन साध, अनुभव सारस्वत, शेखर साध मौजूद रहे। शिविर 20 एवं 21 सितम्बर तक चलेगा।

मूसलाधार बारिश से अधिसंख्य किसानों की फसलों को किया बर्बाद

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज

पिछले दिनों हुई मूसलाधार बारिश के चलते खेतों में पानी भरा। किसानों ने बताया कि बारिश में उनकी फसलें नष्ट होने से आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों ने आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। पिछले दिनों हुई झमाझम बारिश के चलते किसान व आम आदमी कराह उठे हैं। इस महीने में अब तक दो बार झमाझम बारिश हो चुकी है। जिससे आम आदमी तो परेशान हुए ही हैं। वहीं अतिवृष्टि से किसान सबसे अधिक परेशान हैं। किसान श्यामू लौना, विजय कुमार, आनंद सिंह आदि ने बताया कि खरीफकी फसल में किसानों ने खेत मे तिल, मूंग, उर्द आदि की फसल बोई थी। लेकिन इस माह हुई दो बार की मूसलाधार बारिश ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया है। इस बारिश में खेत लबालब भर चुके हैं। जहां खेत ढालू हैं उनमें कुछ उम्मीद बची हुई है कि शायद वहां फसल का कुछ हिस्सा बच जाए। बाकी आधे से अधिक किसानों की फसल खेत भरने से नष्ट हों चुकी है। उनमें पैदावार की गुंजाइश नही बची है। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि नष्ट हुई फसल का सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिलाया जाए। ताकि किसान अपने परिवारों का भरण पोषण कर सकें।

सेवा पखवाड़े के तहत रैली निकाल स्वच्छता के प्रति किया जागरुक

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

स्वच्छता अभियान के तहत रैली निकालते नगर पालिका कर्मी

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा रैली निकालकर नागरिकों को जागरुक किया गया। अधिशासी अधिकारी/एसडीएम रजनीकांत पाण्डेय, नगर पालिकाध्यक्ष डा0 शरद गंगवार के मार्ग दर्शन में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत नगर को साफ सुथरा बनाये रखने का युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।

गुरुवार को नगर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों की अगुवाई में कर्मचारियों ने रैली निकाली। नगर पालिका कर्मी हाथों में स्लोगन पाटिका व बैनर लेकर चल रहे थे। जगह-जगह रुककर नागरिकों को स्वच्छता के लिए प्रेरित कर रहे थे। सभी नगर वासियों से अपील की है कि वह नगर पालिका क्षेत्र को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। घर के बाहर खुले में कूड़ा न फेंके। नगर पालिका द्वारा कूड़ादान रखे गये है उनमें ही कूड़ा डाले। इस दौरान सफाई एव खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार आजाद, आरआई अंशुमान, आनन्द शुक्ला, बड़े बाबू राम भुवन यादव, वरिष्ठ लिपिक विजय सिंह, सफाई प्रभारी एंव सफाई नायक सहित आदि नगर पालिका कर्मी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

छात्र को सम्मानित करते प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर समृद्धि न्यूज

म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा इंटरनेशनल-डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काई के अंतर्गत निबंध तथा पोस्टर प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन में मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा एमआईसी के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर द्वारा विद्यालय में कक्षा 9 से कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं से निबंध तथा पोस्टर प्रतियोगिता कराई। प्रतियोगिता में लगभग 60 छात्रों ने प्रतिभाग किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तृतीय तथा एक सांत्वना पुरस्कार दिया गया, जबकि निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तृतीय तथा दो सांत्वना पुरस्कार दिए गए। मनीष प्रथम, शनि द्वितीय, आलोक सिंह तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 9 के ऋषभ को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में राहुल राजपूत प्रथम, अभिषेक द्वितीय तथा रवि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि फैजान तथा पवन को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। पर्यावरण सुरक्षा को लेकर प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट की गिरिजाशंकर ने कहा कि आजकल पर्यावरण सुरक्षा हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हो गई है। हम सभी मिलकर पर्यावरण को सुरक्षित करेंगे। प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे। सीएमओ कार्यालय से आये माहमारी रोग विशेषज्ञ डॉ0 रनधीर कुमार सिंह ने प्रदूषण में सबसे घातक वायु प्रदूषण बताया, क्योंकि इसी से हम सभी का जीवन चलता है। वहीं दीप्ति यादव ने सभी छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधित बातें बताएं। निर्णायक की भूमिका शिक्षक प्रदीप कुमार जायसवाल तथा निरुक्त मिश्रा ने निभाई। इस अवसर पर शिक्षक मयंक रस्तोगी, अशोक कुमार कठेरिया, अरविंद कुमार, प्रदीप जायसवाल, रामेश्वर दयाल, विश्वप्रकाश, प्रबल प्रताप सिंह, डॉ0 दिनेश चंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे सफाई मित्र : राष्ट्रपति

एजेंसी, भोपाल।

- स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत व विकसित भारत के निर्माण के लिए आगे बढ़ें
- राष्ट्रपति ने उज्जैन में स्वच्छता मित्रों को किया सम्मानित
- 1692 करोड़ के उज्जैन-इंदौर 6 लेन रोड का किया भूमि पूजन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत और विकसित भारत के निर्माण के लिए सभी आगे बढ़ें। स्वच्छता ही देश को स्वस्थ और विकसित बना सकती है। देश का प्रत्येक व्यक्ति इस कार्य में सहयोग करे और सब मिलकर देश को विकसित राष्ट्र बनायें।

मध्य प्रदेश ने शहरी और ग्रामीण स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। मध्य प्रदेश के कई शहरों को सफाई के लिए श्रेष्ठ शहर घोषित किया गया है। इंदौर निरन्तर 7वीं बार देश का स्वच्छतम शहर घोषित हुआ है। भोपाल स्वच्छतम राजधानी बनी है। राष्ट्रपति ने स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी।

राष्ट्रपति मुर्मु गुरुवार को उज्जैन में सफाई मित्रों के सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि सफाई मित्र राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं और उनका सम्मान करके हम वास्तव में अपना गौरव बढ़ा रहे हैं।उन्होंने सफाई मित्रों रश्मि टांकले, किरण खोड़े, शोभा घावरी, अनिता चावरे और गोपाल खरे का सम्मान भी किया। राष्ट्रपति ने 1692 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले उज्जैन-इंदौर सिक्स-लेन मार्ग का भूमि-पूजन भी किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि अवन्तिका बाबा महाकाल की पवित्र, दिव्य एवं पावन नगरी है। गुप्तकाल भारतीय इतिहास का स्वर्ण युग रहा है और उस समय उज्जैन भारत का महत्वपूर्ण नगर था। यहां संस्कृति और सभ्यता की प्राचीन परम्परा है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज से 2000 वर्ष पूर्व उज्जैन परिवहन व्यवस्था का उत्कृष्ट केन्द्र था। यह अन्तरराष्ट्रीय व्यापार का केन्द्र भी था। महाकवि कालिदास ने मेघदूत में उज्जयिनी की विशालता और भव्यता का अदभुत चित्रण किया है। देवलोक में जो महत्व अल्कापुरी नगरी का है, वही महत्व पृथ्वी पर उज्जैन नगरी का बताया गया है। मैं बाबा महाकाल, अवन्तिका नगरी और पवित्र शिप्रा नदी को प्रणाम करती हूँ।

उन्होंने कहा कि उज्जैन एवं प्रदेश में समग्र विकास के अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज उज्जैन में उज्जैन-इंदौर सिक्सलेन मार्ग का भूमि-पूजन किया गया है। यहां विक्रम उद्योगपुरी मेडिकल डिवाइसेस पार्क बनाया जा रहा है। मध्य प्रदेश में एक्सप्रेस-वे एवं एलीवेटेड कॉरिडोर बनाये जा रहे हैं। इन सभी के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयास सराहनीय हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सफाईकर्मी अग्रिम पंक्ति के स्वच्छता योद्धा हैं। इन्हें आज सम्मानित कर मैं गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। हम सफाईकर्मियों की सुरक्षा, गरिमा और कल्याण को सुरक्षित करेंगे। देश में 'मेन होल' को समाप्त कर अब 'मशीन होल' बनाये जा रहे हैं। सफाईकर्मियों को लाभान्वित करने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। मध्य प्रदेश ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

राज्यपाल पटेल ने मध्य प्रदेश की धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक नगरी उज्जैन में राष्ट्रपति के आगमन पर प्रदेशवासियों की ओर से अभिनंदन किया।

उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि आध्यात्मिक केन्द्र उज्जैन में आयोजित सफाई मित्र सम्मेलन देश में स्वच्छता केवल जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि पवित्र सेवा का संदेश प्रसारित करेगा। स्वच्छता अभियान की यह पहल सफाई मित्रों की प्रतिबद्धता के साथ स्वच्छ, स्वस्थ और आध्यात्मिक रुप से सशक्त देश के निर्माण का संदेश प्रसारित करेगी।

आज का दिन स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का दिन स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। यह दिन ऐतिहासिक होकर नई सौगात लेकर आया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कामों से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का गौरव हासिल करने के प्रत्येक आयामों को छुआ है। मध्य प्रदेश, देश के सभी राज्यों में स्वच्छता के लिए दूसरे नम्बर पर आया है, यह हम सबका सौभाग्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने निर्णय लिया है कि स्वच्छता अभियान को ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले स्वच्छताकर्मियों के योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक नगर की स्टार रैकिंग के हिसाब से स्वच्छताकर्मियों के प्रति स्टार रैंकिंग पर एक हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। उज्जैन को तीन स्टार मिले हैं, इसलिए यहां के सभी स्वच्छताकर्मियों को तीन-तीन हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

सहकारिता के माध्यम से सरकार ग्रामीण अर्थतंत्र को नई गति दे रही : अमित शाह

एजेंसी, नई दिल्ली।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि सहकारिता के माध्यम से मोदी सरकार ग्रामीण अर्थतंत्र को नई गति दे रही है। शाह नई दिल्ली के पूसा स्थित आईसीएआर कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में सहकारिता मंत्रालय के 100 दिनों में किए गए परिवर्तनकारी पहलों की श्रृंखला का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे।

सम्मेलन के मुख्य सत्र के दौरान अमित शाह ने सहकार से समृद्धि थीम के अंतर्गत मंत्रालय द्वारा 100 दिनों की पहल का शुभारंभ किया। उन्होंने अब तक कवर नहीं किए गए गांवों व पंचायतों में 2 लाख नई एमपीएसीएस, प्राथमिक डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों के गठन और सुदृढ़ीकरण, श्वेत क्रांति 2.0 पर मानक संचालन प्रक्रिया और सहकारी समितियों के बीच सहयोग पर एक 'मार्गदर्शिका' का भी शुभारंभ किया। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में सहकारिता क्षेत्र में किए गए कार्यों पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि 70 सालों में सरकार की अनदेखी के कारण इस देश में सहकारिता आंदोलन अप्रासंगिक होता जा रहा था। प्रशासन, अर्थव्यवस्था और अन्य क्षेत्रों में हो रहे बदलावों को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र में जो बदलाव आवश्यक थे, वे नहीं किए गए। जब इस मंत्रालय का गठन किया गया था तो इसका उद्देश्य सभी गांवों और जिलों में सहकारिता क्षेत्र को पुनर्जीवित करना था। उन्होंने कहा कि तीन नई पहलों को एक साथ लॉन्च किया गया है। शाह ने भरोसा दिलाया कि पैक्स अब बंद नहीं होंगे। श्वेत क्रांति 2.0 महिला सशक्तिकरण का माध्यम बनेगा। यह महिलाओं को रोजगार देने का काम भी करेगा।

हरियाणा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी

- भाजपा ने जो वादे किए थे सभी के सभी पूरे किए, इसलिए जनता करती है विश्वास : नड्डा

एजेंसी, रोहतक।

महिलाओं को हर माह 2100 रुपये व अग्निवीरों को नौकरी का वादा

भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है। इस संकल्प पत्र में भाजपा ने महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और सैनिकों सहित सभी वर्गों को ध्यान में रखा है। उद्योग, सड़क, रेलवे, शिक्षा, स्वास्थ्य किसान, कृषि, छात्र, खेल, ओबीसी सभी को भाजपा के इस संकल्प पत्र में विशेष रूप से तरजीह दी गई है।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी के रोहतक स्थित मीडिया सेंटर में हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र का विमोचन किया। इस संकल्प पत्र में महिलाओं के लिए लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रतिमाह 2,100 रुपये देने क वादा किया है। इसके साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 लाख आवास बनाने का लक्ष्य, सभी ओबीसी वर्ग के उद्यमियों की, मुद्रा योजना के अतिरिक्त, 25 लाख रुपये तक के ऋण की गारंटी, चिरायु-आयुष्मान योजना के तहत जहां पहले साल में 5 लाख रुपये तक का इलाज करवा सकते थे, अब हर परिवार को 10 लाख तक का मुफ्त इलाज और परिवार के 70 वर्ष से अधिक हर बुजुर्ग को अलग से 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा भी दी जाएगी। इनके अलावा भी बहुत से संकल्प भाजपा ने हरियाणा के लिए हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि आज वीर भूमि, पुण्य भूमि हरियाणा में भाजपा के संकल्प पत्र का विमोचन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। भाजपा अपने संकल्प पत्र को बडी गंभीरता से लेती है और उसमें जो भी वादे किए जाते हैं, उन्हें योजनाबद्ध तरीके से पूरा किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमने अपने 2014 और 2019 के घोषणापत्र के सभी वादों को पूरा किया है और पिछले 10 सालों में हरियाणा में फर्क साफ देखा जा सकता है। हम हरियाणा की नॉन-स्टॉप सेवा कर रहे हैं। करार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि भाजपा की सरकार ने पिछले 10 सालों में हरियाणा को बदला है और उसका फर्क साफ दिखता है। 2014 में हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 37 हजार थी, जबकि आज हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय 3 लाख तक पहुंचाकर उसे दोगुना कर दिया गया है।

फिल्म अभिनेता सलमान खान के पिता को धमकी देने वाले दो गिरफ्तार

एजेंसी, मुंबई। फिल्म अभिनेता सलमान खान के पिता और पटकथा लेखक सलीम खान को जान से मारने की धमकी देने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जांच के दौरान पूछताछ में बताया कि उन्होंने सिर्फ शरारत करने के मकसद से ऐसा किया, जबकि उनका कोई इरादा नहीं था। इसके बाद भी पुलिस मामले की गहन छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार गुरुवार को सुबह सलीम खान बांद्रा स्थित बैंडस्टैंड इलाके मेंमार्निंग वाक के लिए गए थे। अचानक एक बुर्काधारी महिला स्कूटर से सलीम खान के पास आई और कहा कि क्या मैं लॉरेंस बिश्नोई को भेजूं? इसके बाद महिला मौके से फरार हो गई थी। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने महिला और उसके पति को सीसीटीवी फुटेज के सहयोग से पकड़ लिया। दोनों आरएके मार्ग इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस उपायुक्त राजतिलक रौशन ने कहा कि हमें आरोपितों के बिश्नोई गिरोह से जुड़े होने का कोई सबूत नहीं मिला। उन्होंने भागने से पहले पूरी तरह शरारत और मौज-मस्ती के लिए अपराध किया। आरोपियों ने इस बात को स्वीकार किया है।

किसानों को सस्ता उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : शिवराज

- फसल का उत्पादन बढ़ाने के लिए 65 फसलों की 109 नई किस्में जारी की गईं
- 25 लाख से अधिक नए किसानों को पीएम-किसान योजना से जोड़ा गया

एजेंसी, नई दिल्ली।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों को सस्ता उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

श्री चौहान ने गुरुवार को यहां अपने मंत्रालय की 100 दिन की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि किसानों को समय पर सस्ता फर्टिलाइजर उपलब्ध हो जाए, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि यूरिया की एक बोरी 2366 रुपए में आती है और किसानों को 266 रुपए में उपलब्ध कराते हैं। डीएपी की एक बोरी 2433 रुपए में आती है और किसानों को 1350 रुपए में उपलब्ध कराते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि फसल का उत्पादन बढ़ाने के लिए 65 फसलों की 109 नई किस्में जारी की गईं, जो जलवायु अनुकूल, कीट प्रतिरोधी और अधिक उपज वाली हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना आधुनिक किसान चौपाल अक्टूबर में प्रारंभ करने की है। सरकार लैब टू लैंड कार्यक्रम चला रही है जिसमें किसानों तक जानकारियां पहुंचाई जाएंगी।

उन्होंने कहा कि सरकार की किसान कल्याण और कृषि के विकास की छह सूत्रीय रणनीति है। सरकार के 100-दिवसीय कार्यक्रम के हिस्से के रूप में कई अभियान चलाए गए जिसमें 25 लाख से अधिक नए किसानों को पीएम-किसान योजना से जोड़ा गया। इसके अलावा सरकार बागवानी की फसलों के अधिक उत्पादन के प्रयत्न में लगी है और इस संबंध में नौ आधुनिक केंद्र बनाये जा रहे हैं। डिजिटल कृषि मिशन के शुरू करने की स्वीकृति दी गयी है। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्रालय में सचिव देवेश चतुर्वेदी और कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग सचिव तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक और मंत्रालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। श्री चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और जीवन का आधार भी है। देश में 140 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराना यह सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। किसान कृषि की आत्मा है और उसके प्राण भी हैं।

पाकिस्तान, कांग्रेस व नेशनल कॉन्फ्रेंस का एजेंडा एक : शिवराज

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान, कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस एजेंडा एक हैं और इसलिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी बार-बार राष्ट्र विरोधी बयान देते हैं। श्री चौहान ने यहां केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की 100 दिन की उपलब्धियों का उल्लेख करने के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के अनुच्छेद 370 और 35 ए पर बयान और कांग्रेस एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस की आलोचना करते हुए कहा कि विपक्ष के नेता सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक के सबूत मांगते हैं और सेना के बारे में आपत्तिजनक बातें करते हैं। उन्होंने कहा कि श्री गांधी ही नहीं, बल्कि कांग्रेस के कई नेता इस तरह की बातें करते हैं, ये बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री चौहान ने आरोप लगाया कि श्री गांधी की कांग्रेस आज पाकिस्तान के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि न तो अनुच्छेद 370 वापस आने वाला है, न आतंकवाद बचेगा और इनके इरादे कभी सफल नहीं होंगे।

हरियाणा की भाजपा सरकार ने किसानों, जवानों के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ किया : आप

एजेंसी, नई दिल्ली।

आम आदमी पार्टी ने भाजपा की हरियाणा सरकार पर किसानों, जवानों और माताओं और बहनों के मान-सम्मान के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ संदीप पाठक ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि उनकी पार्टी पहली बार हरियाणा में पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ रही है। अब पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल कल 20 सितंबर से हरियाणा में चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे। अरविंद केजरीवाल कल यमुनानगर के जगाधरी विधानसभा में अपना पहला रोड शो करेंगे। जगाधरी के बाद अरविंद केजरीवाल डबवाली, रानिया, भिवानी, मेहम, पूंडरी, कलायत, रेवाड़ी, दादरी, असंध, बल्लभगढ़ और बादरा में भी चुनाव प्रचार करेंगे। फिलहाल अरविंद केजरीवाल जी 11 जिलों में चुनाव प्रचार करेंगे, जहां पर उनके 13 कार्यक्रम होंगे। श्री पाठक ने कहा कि अगर आप हरियाणा की राजनीति को देखेंगे तो यह बड़ा स्पष्ट है कि भाजपा इस बार पूर्ण रूप से हरियाणा से साफ होने वाली है। पिछले 10 सालों से भाजपा की सरकार हरियाणा में चल रही है। भाजपा को खुद ही अपने मुख्यमंत्री पर भरोसा नहीं था इसलिए उन्होंने मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री पद से हटाकर नायब सिंह सैनी को नया मुख्यमंत्री बनाया। यह सवाल तो बनता है कि भाजपा को आखिरी साल में नया मुख्यमंत्री लाने की क्या जरूरत पड़ गई? इन्होंने किसानों के साथ अन्याय किया, उनका अपमान किया। जवानों का अपमान और उनके साथ अन्याय किया, हमारी माताओं और बहनों के मान-सम्मान के साथ खिलवाड़ किया। हरियाणा में बेरोजगारी अपनी चरम सीमा पर है, महंगाई रिकॉर्ड तोड़ है। चारों तरफ कुशासन और अव्यवस्था फैली हुई है।

पूर्व एमएलसी और जदयू नेत्री मनोरमा देवी के गया स्थित घर पर एनआईए का छापा

एजेंसी, पटना। पूर्व एमएलसी एवं जदयू नेत्री मनोरमा देवी के गया स्थित घर पर आज एनआईए ने छापा मारा है। एनआईए की टीम सुबह करीब 4:30 बजे से उनके घर के अंदर है। पुलिस ने उनके घर को चारों तरफ से घेर रखा है। उनका घर गया शहर के रामपुर थाना क्षेत्र के एपी कॉलोनी पर है। बताया गया है कि मनोरमा देवी के परिवार का नक्सलियों से कनेक्शन होने की कथित सूचना पर यह कार्रवाई की गई है। फिलहाल बंद कमरे में उनसे पूछताछ हो रही है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि इस कार्रवाई के लिए एनआईए ने उनसे सहयोग मांगा था। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ही मनोरमा देवी और उनके बेटे राकेश रंजन उर्फ रॉकी यादव को जान से मारने की धमकी भरे दो अलग-अलग पत्र स्पीड पोस्ट से भेजे गए थे। इन पत्रों में धमाका करने की धमकी भी दी गई थी । जदयू नेत्री ने इसके बाद पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी नौकरी में आरक्षण को मिली चुनौती

एजेंसी, नैनीताल।

उच्च न्यायालय ने मांगा जवाब

उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी नौकरी में मिलने वाले 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गयी है। हालांकि अदालत ने अभी इस पर रोक नहीं लगायी है लेकिन सरकार को छह सप्ताह में जवाबी हलफनामा दायर करने को कहा है।

राज्य सरकार की ओर से बनाये गये 10 प्रतिशक्ष क्षैतिज आरक्षण संबंधी अधिनियम को भुवन सिंह और अन्य की ओर से एक जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी गयी है। इस प्रकरण की सुनवाई गुरूवार को मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी और न्यायमूर्ति आलोक वर्मा की युगलपीठ में हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2004 में राज्य आंदोलनकारियों के लिये सरकारी नौकरी में 10 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया लेकिन वर्ष 2017 में उच्च न्यायालय ने इसे खारिज कर दिया। अदालत ने इसे संविधान की धारा 14 और 16 का उल्लंघन माना था। याचिकाकर्ताओं की ओर से आगे कहा गया कि सरकार की ओर से उच्च न्यायालय के वर्ष 2017 के आदेश को अभी तक उच्चतम न्यायालय में चुनौती नहीं दी गयी है। इसलिये उच्च न्यायालय का आदेश अभी बना हुआ है। इसके बावजूद प्रदेश सरकार ने राज्य आंदोलनकारियों को क्षैतिज आरक्षण देने के लिये नया कानून बना दिया। जो कि गलत है। यही नहीं इसी के तहत 21 अगस्त 2024 को कार्मिक और सतर्कता विभाग की ओर से उत्तराखंड लोक सेवा आयोग को एक अधियाचन भेजा गया जिसमें राज्य आंदोलनकारियों को क्षैतिज आरक्षण का लाभ देने की बात कही गयी है।

खड़गे-प्रियंका ने दलितों के घर जलाने की घटना की निंदा की

- बिहार के नवादा में महादलित टोला पर दबंगों का आतंक एनडीए की डबल इंजन सरकार के जंगलराज का एक और प्रमाण : खड़गे
- एनडीए की सहयोगी पार्टियों के मुँह में जम गया दही

एजेंसी, नई दिल्ली।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बिहार में दलितों के घर जलाने की निंदा करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

श्री खडगे ने कहा कि बिहार के नवादा में महादलित टोला पर दबंगों का आतंक एनडीए की डबल इंजन सरकार के जंगलराज का एक और प्रमाण है। बेहद निंदनीय है कि करीब 100 दलित घरों में आग लगाई गई, गोलीबारी की गई और रात के अँधेरे में ग़रीब परिवारों का सब कुछ छीन लिया गया। भाजपा और उसके सहयोगी दलों की दलितों-वंचितों के प्रति घोर उदासीनता, आपराधिक उपेक्षा व असामाजिक तत्वों को बढ़ावा अब चरम पर है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी इसको लेकर हमला किया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी हमेशा की तरह मौन हैं, नीतीश जी सत्ता के लोभ में बेफिक्र हैं और एनडीए की सहयोगी पार्टियों के मुँह में दही जम गया है।

अन्याय करने वाले दबंगों पर सख्त कार्रवाई हो : प्रियंका

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि नवादा, बिहार में महादलितों के 80 से ज्यादा घरों को जला देने की घटना बेहद खौफनाक और निंदनीय है। दर्जनों राउंड फायरिंग करते हुए इतने बड़े पैमाने पर आतंक मचाकर लोगों को बेघर कर देना यह दिखाता है कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। आम ग्रामीण-गरीब असुरक्षा और खौफ के साये में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने सरकार से अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि मेरी राज्य सरकार से मांग है कि ऐसा अन्याय करने वाले दबंगों पर सख्त कार्रवाई हो और सभी पीड़ितों का समुचित पुनर्वास किया जाए।

आम को खास बनाने के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन लखनऊ में

नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) शनिवार को उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक राष्ट्रीय सम्मेलन आम की उपज एवं गुणवत्ता में सुधार की रणनीतियों और शोध प्राथमिकता का आयोजन करेगा जिसमें देश विदेश के कई विशेषज्ञ फलों के राजा आम को और खास बनाने पर विचार विमर्श करेंगे।

सम्मेलन के सहयोगी केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के निदेशक टी. दामोदरन ने गुरुवार को यहां बताया कि सम्मेलन आईसीएआर के उप महानिदेशक (बागवानी) डॉ. संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में होगा। कानपुर के चंद्रशेखर आजाद कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एके सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इनके अलावा गुजरात में आनंद के आनंद कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. केबी कठीरिया भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। आईसीएआर के अनुसार सम्मेलन का आयोजन केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान - सीआईएसएच के परिसर में होगा। सम्मेलन में आम पर देश विदेश की नामचीन संस्थाओं में शोध करने वाले विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। इसमें आस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड के वरिष्ठ बागवानी विशेषज्ञ डॉ. नटाली डिलन, इज़राइल के शोधकर्ता और वरिष्ठ जैव प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ डॉ. इयान एस.ई. बल्ली भी हैं। सम्मेलन में नियमित फल, उच्च पैदावार, आकर्षक फल रंग, लंबी आयु, व्यापक अनुकूलनशीलता और जलवायु लचीलापन के लिए आम की किस्मों का प्रजनन, लवणता सहिष्णुता और बौनेपन के लिए मूलवृंत प्रजनन, जीनोमिक चयन और तेज प्रजनन दृष्टिकोण का उपयोग करके सटीक प्रजनन, उन्नत आम की किस्मों एवं संकर किस्मों का क्लोनल और हाफ-सिब चयन, मैंगीफेरा की संबंधित प्रजातियों से प्राकृतिक जीनों का दोहन, विरासत, किसानों, पारंपरिक और जीआई किस्मों का खेत पर संरक्षण आदि पर चर्चा होगी।

भारत आम का सबसे बड़ा उत्पादक देश

आम दुनिया के उष्ण और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों और विशेष रूप से एशिया के प्रमुख फलों में से एक है। भारत आम का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। दुनिया के पांच करोड 83 लाख टन आम उत्पादन में से लगभग दो करोड़ 47 लाख टन की हिस्सेदारी भारत की है। भारत ताजे आमों का एक प्रमुख निर्यातक भी है। भारत ने वर्ष 2022-23 के दौरान चार करोड़ 85 लाख 30 हजार डालर के 22963.76 टन ताजे आमों का निर्यात किया है। भारत में आम की विविधता बहुत अधिक है। भारत में आम की लगभग 1000 किस्में हैं। हालांकि इनमें से लगभग 20 किस्में ही व्यापार और निर्यात व्यवसाय में प्रमुखता रखती हैं। उत्तर प्रदेश एक प्रमुख आम उत्पादक राज्य है। देश के कुल उत्पादन का लगभग 23.6 प्रतिशत आम उत्तर प्रदेश में होता है। इसके बाद आंध्र प्रदेश 22.99 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। आम लाखों किसानों, बागवानों के लिए आजीविका का स्रोत है। पर भारत मे आम की औसत राष्ट्रीय उत्पादकता, दुनिया की औसत आम उत्पादकता की तुलना में काफी कम है। झुलसा रोग, एन्थ्रेक्नोज, फल मक्खी, थ्रिप्स, हॉपर आदि का प्रकोप, अत्यधिक तापमान, अनियमित वर्षा, पाला, लवणीय और क्षारीय मिट्टी आदि इसके कारण हैं। अनियमित और अप्रत्याशित मौसमी घटनाएं भी आम के वानस्पतिक विकास, फूल और फल लगने, फलों की वृद्धि, फलों की गुणवत्ता और उपज को प्रभावित करती हैं। उच्च गुणवत्ता वाली रोपण सामग्री की अनुपलब्धता, प्रशिक्षण और छटाई प्रक्रियाओं की कमी, उच्च घनत्व वाले बागों की कमी, दोषपूर्ण बाग प्रबंधन, शारीरिक विकार, पारंपरिक आम की किस्मों का विलुप्त होना जैसी अन्य समस्याएं भी भारतीय आम उत्पादकता के लिए संकट पैदा कर रही हैं। भारत में विभिन्न संस्थानों ने आम की 70 से अधिक संकर या उन्नत किस्में जारी की हैं। इनमें से केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान से सीआईएसएच-अंबिका, सीआईएसएच-अरुणिका, अवध समृद्धि और अवध मधुरिमा नाम की प्रजातियां विकसित की गई हैं। दिल्ली में पूसा के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने अरुणिमा, पूसा सूर्या, पूसा प्रतिभा, पूसा श्रेष्ठ, पूसा पीताम्बर, पूसा लालिमा, पूसा दीपशिखा, पूसा मनोहारी प्रजाति का विकास किया है। बेंगलूरु के आईसीएआर-भारतीय बागवानी शोध संस्थान ने अर्का सुप्रभात, अर्का अनमोल, अर्का उदय, अर्का पुनीत, अर्का अरुणा, अर्का नीलाचल केसरी प्रजाति विकसित की है। हालांकि भौगोलिक-विशिष्ट आवश्यकताओं के कारण देश में लगभग 20 संकर और उन्नत किस्में व्यावसायिक रूप से नहीं उगाई जाती हैं। अधिकांश विकसित संकर और उन्नत किस्मों में रंग, गुणवत्ता या उत्पादन क्षमता प्राप्त करने के लिए बहुत विशिष्ट जलवायु सबंधी आवश्यकताएं होती हैं, जिसके कारण वे पूरे देश में बहुत लोकप्रिय नहीं हैं।

फेड रिजर्व के ब्याज दर में कटौती से शेयर बाजार नये शिखर पर

एजेंसी, मुंबई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में आधी फीसदी की कटौती से विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई एनटीपीसी, मारुति, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स और रिलायंस समेत उन्नीस दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार नयी ऊंचाई पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 236.57 अंक की तेजी के साथ 83,184.80 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 38.25 अंक की मामूली बढ़त लेकर 25,415.80 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर रहा। हालांकि फेड के फ़ैसले का बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों पर नकारात्मक असर रहा। मिडकैप 0.53 प्रतिशत की गिरावट लेकर 48,600.14 अंक और स्मॉलकैप 1.06 प्रतिशत लुढ़ककर 56,312.66 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4075 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2734 में बिकवाली जबकि 1246 में लिवाली हुई वहीं 95 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वहीं, निफ्टी की 30 कंपनियों में तेजी जबकि शेष 20 में गिरावट रही।

मशहूर नेबरहुड कैफे सोशल ने लखनऊ में अपना पहला आउटलेट खोला

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

भारत के मशहूर नेबरहुड कैफे, सोशल ने लखनऊ के प्रसतसित हजरतगंज इलाके में अपने नए आउटलेट की शुरुआत की है। यह सोशल का 55वां आउटलेट है, जो 500 मेहमानों की मेज़बानी कर सकता है। एक पुरानी हवेली को मॉडनन और बोल्ड कैफे में बदलकर, सोशल ने लखनऊ की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हुए इसे एक समकालीन अंदाज़ दिया है। सोशल, जो एक दशक पहले शुरू हुआ था, अपने अनोखे कैफे-बार कॉन्सेप्ट के लिए जाना जाता है। यह दिनभर खुला रहता है, जहां लोग अच्छा खाना, कॉफी का आनंद ले सकते हैं और शाम होते ही यह जगह एक ऊर्जावान माहौल में बदल जाती है। अपनी रचनात्मकता और जीवंतता के साथ, सोशल हजरतगंज में एक खास माहौल तैयार करने के लिए तैयार है।

नए हजरतगंज सोशल में आपको इतिहास और आधुनिकता का खूबसूरत मेल मिलेगा। यहां की हेररटेज खिड़कियां, लाखोरी ईंटें, और अवधी वास्तुकला की सवशेषताएं जैसे झरोखे, चार-पोस्ट बेड, और मेहराबों को सुंदरता से बनाए रखा गया है, जो इस आउटलेट में गहराई और खास आकर्षण जोड़ते हैं। पूरे कैफे में लखनऊ के समृद्ध इतिहास से प्रेरित कलाकृतियां और सजावट देखने को मिलेंगी, साथ ही आपको सोशल की खास क्लासिक सेवा का अनुभव भी मिलेगा। हजरतगंज के प्रसिद्ध इमामबाड़ों के करीब स्थित, सोशल अपने मेहमानों को सांस्कृसतक आकर्षण और वास्तुशिल्पीय सुंदरता में डूबे भोजन और पार्टी का आनंद लेने का अनोखा अवसर देगा। दो मंज़िला इमारत के ऊपर बना यह सोशल, लखनऊ में एक अलग अनुभव प्रदान करेगा। सोशल की छत से नवाबों के शहर का आकर्षक नज़ारा देखा जा सकता है। यहां से आप जनरल पोस्ट ऑफिस की भव्यता और शहर की खूबसूरती को निहारते हुए आराम से बैठ सकते हैं, जो इसे एक परफेक्ट जगह बनाता है जहां आप आराम कर सकते हैं और शहर के अद्भुत दृश्य का आनंद ले सकते हैं।